3 बस्तर संभाग
नव सर्वेक्षित गांवों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से ...

6 अभिमत
उम्माह और उसका इजराइली जुड़ाव

10 संस्कारधानी
घुमका ग्रामीण ब्लाक में कोरोना हो रहा बेकाबू...

11 न्यायधानी
सड़क निर्माण का किसानों ने किया विरोध, तहसीलदार...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 22 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 154 मूल्य 3.00 ₹

विचक न्यूज़

### उप्र में भर्ती विधान, शक्ति विधान का हर वादा होगा पूरा : राहुल-प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी की प्रदेश प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 'भर्ती विधान युवा घोषणा पत्र' जारी करते हुए कहा कि इसमें प्रदेश के युवाओं को विकास के लिए जो भी वादे किए गए हैं उन्हें अक्षरशः पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। गांधी और वाड्रा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं और महिलाओं को नई दिशा और नई राह पर ले जाने के लिए हुनर को बढ़ावा दिया जाएगा, हुनर केंद्रों के क्लस्टर बनाए जाएंगे, युवाओं को रोजगार देकर उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा और इसके लिए भर्ती विधान तथा शक्ति विधान के वादों के एजेंडे पर हर हाल में काम कर उनको पूरा करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# 79 कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति : 64 लोगों को सरकारी फंड से वेतन के लिए 18 लाख रूपए का हुआ भुगतान

## पुराने लोगों को वेतन नहीं मिलने पर हुआ मामले का खुलासा, हाईकोर्ट तक पहुंचे पीड़ित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बेरोजगार एक तो पहले से अपनी बेरोजगारी से परेशान था और उससे नौकरी के नाम पर पैसा ठगी कर उसे और उसके परिजनों को और अधिक मानसिक रूप से परेशान कर दिया गया। शुरूआत में नौकरी मिल जाने की वजह से किसी को इस बात की भनक भी नहीं लगी कि विभाग के मुखिया ही उन्हें फर्जी दस्तावेज बेधड़क 1.5-1.5 लाख रुपए देकर थमा रहे हैं। आदिवासी विकास विभाग से मिले दस्तावेजों के मुताबिक वर्ष 2019-20 में कुल 64 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जिले के अलग-अलग छात्रावासों में काम कराकर लगभग 18 लाख रुपए का भुगतान भी किया गया है। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार एक-एक कर्मचारी को 25 हजार से लेकर 37 हजार रुपए तक का वेतन दिया गया और जब मामला सामने आया तो उन्हें फर्जी भर्ती कहकर नए अधिकारी के द्वारा बाहर भी कर दिया गया है।

पायनियर लगातार



### 1 करोड़ 18 लाख की वसूली का आरोप, 79 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति

जी. तनवीर आलम < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के नाम पर एजेंटों के द्वारा ठगी करने के मामले समय-समय पर सामने आते ही रहते है लेकिन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा भी ठगी किए जाने की शिकायत अब सामने आने लगी है। मानव तस्करी का दंश झेल रहा जशपुर अब ठगों का दंश झेल रहा है। भोले-भाले आदिवासियों को सरकारी नियुक्ति का लालच देकर विभाग की ओर से बारिकी से ठगा गया है। सहायक आयुक्त कार्यालय में फर्जी नियुक्ति का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है। ठगी के शिकार लोगों का आरोप है कि इस फर्जीवाड़ा में 79 बेरोजगारों को सरकार नौकरी का सब्ज बाग दिखा कर 1 करोड़ से अधिक की अवैध उगाही की गई है।

कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर (छ.ग.)

पायनियर खास

मामले में सहायक आयुक्त बीके राजपूत ने इस फर्जी नियुक्ति पत्र को निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया। लेकिन अब तक ना तो इस मामले की विभागिय जांच शुरू हुई है और ना ही इसकी सूचना विभाग ने पुलिस को दी है।

**नियुक्ति पत्र लेकर घुम रहे लोग**

अधिकारियों की यह लापरवाही उस वक्त है,जब फर्जी बताया जा रहा यह नियुक्ति पत्र का डिस्पेच नम्बर असल होने की पुष्टि हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक जिले भर के छात्रावासों में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर नियुक्त किए जाने का नियुक्ति पत्र लेकर कुछ महिना पहले एसी विभाग के सामने आया। इस नियुक्ति पत्र की जांच की गई तो यह पुरी तरह से फर्जी निकला। सहायक आयुक्त बीके राजपूत ने बताया कि विभाग ने इस तरह की किसी नियुक्ति के लिए ना तो कभी विज्ञापन जारी किया और ना ही नियुक्ति पत्र जारी किया था।

**शपथ पत्र में किया पैसा देने का जिक्र**

इस बीच,फर्जीवाड़े का शिकार हुए बेरोजगार युवक एक एक कर शपथ पत्र के साथ 1 से डेढ़ लाख रूपए लेकर नियुक्ति पत्र दिए जाने की शिकायत करने लगे। लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए एसी बीके राजपूत ने 23 मार्च को एक आदेश जारी कर दिनांक 18 जून से 27 जुलाई के बीच छात्रावास और आश्रमों में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्य करने के लिए जारी किए गए आदेश को निरस्त करने का आदेश जारी किया। लेकिन 1 करोड़ के इस फर्जीवाड़े में ना तो विभागीय जांच बैठाई गई और ना ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में कोई फाईल विभाग में नहीं है। नियुक्ति पत्र फर्जी है मामला संज्ञान में आते ही तत्काल आदेश को निरस्त कर दिया गया है।
**बीके राजपूत, सहायक आयुक्त, जशपुर**


**फर्जी पत्र असली डिस्पैच नम्बर**

इस पूरे फर्जीवाड़ा मामले का एक दिलचस्प पहलु यह भी कि जिस फर्जी नियुक्ति पत्र को लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग में उक्त पुरूष गया हुआ है,उसमें अंकित डिस्पैच नम्बर असली है। सहायक आयुक्त ने बताया कि इस संबंध में जावक लिपिक से लिखित में जवाब मांगा गया है,जिसमें उन्होंने कार्यालय के एक लिपिक के कहने पर लेटर को डिस्पैच करने की बात कबूल की है। लेकिन मामले की जांच ना होने की वजह से यह मामला यहीं आ कर लटक गया है।

**इस तरह हटा फर्जीवाड़ा से पर्दा** - 79 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती का मामला पहले से कलेक्टर दर पर कार्य कर रहे आश्रम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जब वेतन नहीं मिलने लगा तब उन्होंने वेतन नहीं मिलने के कारण का पता लगाया। उन्हें गलत तरीके से 79 कर्मचारियों के पदस्थापना किए जाने की जानकारी मिली और उन्हें भुगतान किए जाने की जानकारी मिली। तब जाकर उन्होंने फर्जी भर्ती वालों को वेतन नहीं देने का विभाग से अनुरोध किया।

**यह है मामला** - अधिकारियों की यह लापरवाही उस वक्त है,जब फर्जी बताया जा रहा यह नियुक्ति पत्र का





डिस्पेच नम्बर असल होने की पुष्टि हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक जिले भर के छात्रावासों में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर नियुक्त किए जाने का नियुक्ति पत्र लेकर कुछ महिना पहले एसी विभाग के सामने आया। इस नियुक्ति पत्र की जांच की गई तो यह पुरी तरह से फर्जी निकला। सहायक आयुक्त बीके राजपूत ने बताया कि विभाग ने इस तरह की किसी नियुक्ति के लिए ना तो कभी विज्ञापन जारी किया और ना ही नियुक्ति पत्र जारी किया था।

### बीजेपी की प्रदेश में आंदोलन की तैयारी

आदिवासी विकास विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त एसके वाहने की पदस्थापना के दौरान 79 बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के नाम पर हुई करोड़ों की ठगी के मामले को लेकर बीजेपी प्रदेशस्तर पर आंदोलन करेगी और दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया जाएगा।
**नितिन राय, बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य**

फर्जी नियुक्ति वाले मामले में 64 कर्मचारियों को 18 लाख रुपए का भुगतान विभाग से की ओर से किया गया है।
**बीके राजपूत, सहायक आयुक्त जशपुर**

### तत्कालीन कलेक्टर कावरे ने निरस्त की थी नियुक्ति

वेतन मिलने के बाद भी मार्च 2021 में नौकरी समाप्त हो जाने की सूचना मिलने के बाद ठेठेटांगर निवासी गजेंद्र यादव पिता नीलांबर राम जिन्हें प्री मैट्रिक आश्रम कुंजार में पदस्थापना दी गई थी वह हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा। उनके साथ उमावती यादव, बबीता चौहान, शशिकला चौहान भी हाईकोर्ट पहुंचे। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब देने और विधिसम्मत् कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा। जिसकी जांच करते हुए तत्कालीन कलेक्टर महादेव कावरे ने सभी नियुक्ति को फर्जी पाते हुए निरस्त करने के आदेश दिए।

# राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर प्रज्वलित होगी अब अमर जवान ज्योति

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजधानी में 50 साल पुरानी परंपरा बदल जाएगी, जहां इंडिया गेट की पहचान बन चुकी अमर जवान ज्योति अब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर प्रज्वलित होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इसकी लौ को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की ज्योति में विलय किया गया। इसके लिए आयोजित समारोह की अध्यक्षता एयर मार्शल बलभद्र राधा कृष्ण ने किया। दिल्ली के इंडिया गेट पर पिछले 50 सालों से जल रही अमर जवान ज्योति का आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जल रही लौ में विलय होने जा रहा है। जिसके बाद से इंडिया गेट पर शहीदों की याद में जलने वाली ये लौ अब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर ही जला करेगी। अमर जवान ज्योति को पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध में शहीद होने वाले 3,843 भारतीय जवानों की याद में पहली बार 1972 में प्रज्वलित किया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 फरवरी 1972 को इसका उद्घाटन किया था। सेना के अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमर जवान ज्योति को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जल रही लौ में विलय किया जाएगा। यह स्मारक इंडिया गेट के




दूसरी तरफ सिर्फ 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। उल्लेखनीय है कि इंडिया गेट का निर्माण ब्रिटिश हुकूमत ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों की याद में 1931 में किया था। वहीं नेशनल वॉर मेमोरियल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1919 में किया था।

### अमर जवान ज्योति बुझाना दुर्भाग्यपूर्ण : राहुल



कांग्रेस ने देश के लिए शहीद होने वाले जवानों की स्मृति में जलने वाले अमर ज्योति को बुझाने की सरकार के कदम को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि कांग्रेस फिर अमर जवान ज्योति को जलाएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट करके कहा,'बहुत दुख की बात है कि हमारे वीर जवानों के लिए जो अमर ज्योति जलती थी, उसे आज बुझा दिया जाएगा। कुछ लोग देशप्रेम व बलिदान नहीं समझ सकते- कोई बात नहीं।हम अपने सैनिकों के लिए अमर जवान ज्योति एक बार फिर जलाएँगे। इससे पहले पार्टी ने अपने हैंडल पर कहा,'अमर जवान ज्योति को बुझाना, उन वीरों के साहस और बलिदान का अपमान है, जिन्होंने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के दो टुकड़े किए थे।

### निशानी मिटाने से माफीनामे शौर्य चक्र में नहीं बदलेंगे : भूपेश



**रायपुर।** इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी तंज कसते हुए अमर जवानों के मामले में सावरकर के माफीनामों का जिक्र, बिना उनका नाम लिए किया है। ट्विटर पर सीएम ने लिखा कि शहीद जवानों के बलिदान की निशानी मिटाने से, 'माफीनामे' शौर्य चक्र में नहीं बदलेंगे। भूपेश बघेल के इस ट्वीट को चंद सेकेंड्स में ही सैंकड़ों लोगों ने रीट्वीट कर दिया। कई तरह के कमेंट इस पर भी आए। माफीनामों का जिक्र अक्सर कांग्रेस सावरकर के लिए करती है। अक्सर कई मंचों से भूपेश बघेल कहते रहे हैं- सावरकर ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी, लेकिन जेल जाने के बाद अंग्रेजों को दर्जनों माफी पत्र लिखे और छूटने के बाद आजादी आंदोलन में शामिल नहीं हुए।

### सरकार का बयान- अमर जवान ज्योति को बुझाया नहीं जा रहा

अमर जवान ज्योति के संबंध में कांग्रेस की आपत्ति पर केन्द्र सरकार ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि जवानों को समर्पित इस अखंड ज्योति को बुझाया नहीं जा रहा है बल्कि इसे राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में ज्योति में समाहित किया जायेगा। सूत्रों ने कहा कि इंडिया गेट पर अंकित नाम केवल कुछ शहीदों के हैं जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध और एंग्लो-अफगान युद्ध में अंग्रेजों के लिए लड़ाई लड़ी थी और इस प्रकार यह हमारे औपनिवेशिक अतीत का प्रतीक है। वर्ष 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए लौ जलते देखना एक अजीब बात थी, लेकिन इंडिया गेट पर उनके किसी भी नाम का उल्लेख नहीं था। सरकारी सूत्रों ने श्री गांधी के अमर जवान ज्योति पर आपत्तियों के बाद कहा, 'विडम्बना यह है कि जिन लोगों ने सात दशक तक राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नहीं बनाया, वे अब उस समय शोर मचा रहे हैं जब हमारे शहीदों के लिए उचित स्थान पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि अमर जवान ज्योति की लौ के बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएँ प्रसारित हो रही हैं।

### इंडिया गेट की छतरी में नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का 23 जनवरी को अनावरण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट गोल चक्कर पर ऐतिहासिक छतरी में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले ट्वीट कर वहां नेताजी की ग्रेनाइट से बनी प्रतिमा बनाने की घोषणा की थी। मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा कि ऐसे अवसर पर जब सम्पूर्ण देश नेताजी की 125वीं जयंती मना रहा है तब मुझे यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि ग्रेनाइट से बनी उनकी भव्य प्रतिमा इंडिया गेट पर स्थापित की जाएगी। यह उनके प्रति भारत की कृतज्ञता का प्रतीक होगा।




मरीजों की संख्या के तुलना में स्वस्थ्य होने वालों की संख्या अधिक

# देश में 20 लाख के पार पहुंचे कोरोना के सक्रिय मामले

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के नए मामलों की तुलना में ठीक होने वाले लोगों की संख्या कम रहने से सक्रिय मामलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 20.18 लाख के पार पहुंच गयी। इस बीच देश में 70 लाख 49 हजार 779 कोविड टीके लगाये गये हैं और अब तक एक अरब 60 करोड़ 43 लाख 70 हजार 484 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में देश भर में संक्रमण के 3,47,254 मामले दर्ज किये गये और दैनिक संक्रमण दर 17.94 फीसदी रही। देश में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 85 लाख 66 हजार 027 हो गयी है। सक्रिय मामलों में 94774 की बढ़ोतरी से इनकी संख्या 20 लाख 18 हजार 825 हो गयी है। पिछले 24 घंटों में 703 और मरीजों की मौत होने के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 4,88,596 हो गयी है। इसी अवधि में दो लाख 51 हजार 777 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 58 लाख 50 हजार 806 हो गयी है। देश में रिकवरी दर घटकर 93.50 प्रतिशत पर आ गयी है वहीं मृत्यु दर अभी 1.27 फीसदी है। वहीं सक्रिय मामलों की दर 5.23 प्रतिशत है। दूसरी तरफ कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट से अब तक 9692 व्यक्ति संक्रमित हुए हैं। महाराष्ट्र सक्रिय मामलों के हिसाब से देश में पहले स्थान पर है, पिछले 24 घंटों में हालांकि यहां सक्रिय मामले 6130 कम हुए हैं और इनकी संख्या अभी भी 2,62,354 है। इस दौरान 52,025 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही कोरोनामुक्त होने वालों की संख्या 6967432 हो गयी है। वहीं 37 और मरीजों की मौत हो गयी तथा इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,41,971 हो गयी है। सक्रिय मामलों में दूसरे स्थान पर कर्नाटक में इनकी संख्या 2,93,261 है। यहां 25582 सक्रिय मामले बढ़े हैं। राज्य में 22,143 और मरीजों के ठीक होने से इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर 30,45,177 हो गयी है। वहीं 29 और मरीजों की मौत हुई है तथा अब तक मृतकों की संख्या 38,515 हो गयी है।

### विश्व में संक्रमितों की कुल संख्या 34.21 करोड़ के पार

**वाशिंगटन।** विश्व में कोरोना वायरस (कोविड19) महामारी के मामले 34.21 करोड़ से पार हो गए हैं। वहीं कई देशों में इसका नया स्वरूप ओमिक्रॉन तेजी से फैल रहा है। दुनिया में पिछले 28 दिनों में कोरोना संक्रमण 61.79 लाख नए मामले सामने आये हैं।

# नवा रायपुर के आंदोलित किसानों से चर्चा के नाम पर प्रदेश सरकार सियासी नौटंकी से बाज आए : भाजपा

## सियासत करना छोड़ प्रभावित किसानों की समस्या के समाधान की ईमानदार पहल करें

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा है कि नवा रायपुर अटलनगर में आंदोलित किसानों के संबंध में प्रदेश सरकार चर्चा के नाम पर सियासी नौटंकी से बाज आए और चर्चा के लिए गुरुवार को बुलाई गई इस बैठक का किसानों द्वारा किए गए बहिष्कार को गंभीरता से ले। श्री शर्मा ने कहा कि दोपहर 2 बजे आहूत बैठक की सूचना बैठक के निर्धारित समय से महज 5 मिनट पहले दिया जाना प्रदेश सरकार का आंदोलित किसानों के साथ भद्दे मजाक से कम नहीं है। इससे प्रदेश सरकार की किसानों के प्रति बदनीयती जााहिर होती है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी शर्मा ने कहा कि किसानों के नाम पर घड़ियाली आँसू बहाकर किसान आंदोलन की आड़ लेकर सियासी लफ्फाजी करने और दूसरे प्रदेश में अपनी राजनीति चमकाने के लिए छत्तीसगढ़ के खजाने का पैसा अपनी वैयक्तिक सम्पदा मानकर लुटाने वाली प्रदेश सरकार को अपने राज्य के किसानों का दुःख-दर्द क्यों नहीं दिखाई दे रहा है? एक लम्बे समय से नवा रायपुर के किसान आंदोलित हैं, लेकिन कोरोना संक्रमण के फैलाव के दौर में प्रदेश सरकार किसानों की समस्या सुनकर आंदोलन समाप्त कराने को तैयार ही नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति से चर्चा के नाम पर बैठक को लेकर एक तो प्रदेश सरकार ने पूरी तरह बदनीयती का परिचय दिया और बाद में प्रदेश सरकार के रवैए से रुष्ट किसान कल्याण समिति के पदाधिकारियों के बैठक के बहिष्कार के बाद प्रदेश सरकार झूठ बोलकर किसान नेताओं पर ही इसकी जिम्मेदारी डालकर अपनी चमड़ी बचाने में लगी है। प्रदेश सरकार बैठक के संबंध में पूर्व सूचना की बात कह रही है जबकि किसान समिति के नेता रूपन चंद्राकर द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार बैठक की सूचना बैठक के समय से महज 5 मिनट पहले ही व्हाट्सएप पर किसानों को दी गई। श्री शर्मा ने कहा कि मंत्री मो. अकबर की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक के नाम पर किए गए भद्दे मजाक ने प्रदेश सरकार के घोर किसान-विरोधी चरित्र को बेनक़ाब कर दिया है। श्री शर्मा ने प्रदेश सरकार को आगाह किया है कि किसानों के साथ शर्मनाक सियासत करना छोड़ नवा रायपुर के प्रभावित किसानों की न्यायपूर्ण मांगों को मानकर उनकी समस्या के समाधान की तत्काल ईमानदार पहल करे।

### नवा रायपुर के किसानों की समस्या रमन सरकार देन : कांग्रेस



प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि भाजपा नया रायपुर के किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू मत बहाये। कांग्रेस की सरकार किसानों के संपर्क में है। उनसे चर्चा कर शीघ्र ही मामले का समाधान किया जायेगा। नया रायपुर के किसानों की समस्या भारतीय जनता पार्टी के किसान विरोधी चरित्र की ऊपज है। यदि पूर्ववर्ती रमन सरकार नया रायपुर के किसानों को कानून माकूल मुआवजा और वायदे के अनुसार पुर्नवास नीति को लागू कर दी होती तो आज किसानों को आंदोलन नहीं करना होता। नया रायपुर के किसानों का आंदोलन भाजपा के वायदा खिलाफी की ऊपज है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि किसानों की समस्या के निदान के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश में नगरी निकाय मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, वरिष्ठ मंत्री मो. अकबर ने किसानों को उनकी समस्या के निदान के लिये चर्चा के लिये आंमत्रित भी किया है। सरकार किसानों से चर्चा कर उनकी मांगों का शीघ्र निराकरण करेगी। आज जो समस्या आई है उसके लिये जो जवाबदेही है वह भाजपा इस मामले में बयानबाजी करने के बजाये नया रायपुर के किसानों से माफी मांगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय नया रायपुर के किसानों ने 18 बार रायपुर से दिल्ली तक पदयात्रा किया हाईकोर्ट तक गये रमन सरकार को फटकार भी लगी थी। तब भाजपा को किसानों की याद नहीं आई तब नंगे पैर पदयात्रा करने वाले किसानों पर जो पानी पीने एकत्रित हुये से लाठी चार्ज करवाया।

# खुदकुशी के लिए मजबूर करने वालों को किसान पर बात करने का कोई हक नहीं : मरकाम

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवालके बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार किसानों को न्याय दे रही है तो किसान विरोधी भाजपा को कष्ट हो रहा है। उसे यह सहन नहीं हो रहा कि अन्नदाता किसान को धान का 2500 रुपये मिल रहा है। कांग्रेस ने जनघोषणा पत्र में किसानों से वादा किया था और सरकार बनते ही उनका कर्ज माफ करने के साथ ही 2500 की दर से धान खरीद रहे हैं तो भाजपा को किसानों के चेहरे की खुशी देखकर रोना आ रहा है। सरकारी और किसानों की जमीन कब्जाने वाले अब किसानों की खुशहाली देखकर दुखी हैं।

2100रु में धान खरीदी और 300 रुपये बोनस का वादा करके न निभाने वाले अब वादा निभाने वाली भूपेश बघेल सरकार पर किसानों के शोषण का आरोप लगाते जरा भी नहीं शरमा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल खाद पर भ्रम फैला रहे हैं जबकि खाद के मामले में केंद्र ने आबंटन में छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। छत्तीसगढ़ के किसानों से भेदभाव करके राजनीतिक बदला लिया जा रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, भारतीय खाद्य सुरक्षा मिशन आदि योजनाओं का बजट केंद्र सरकार ने आधे से भी कम कर दिया है तब भी राज्य की कांग्रेस सरकार अपने स्त्रोतों से किसानों की सहायता कर रही है और केंद्र की भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि 2100 रुपये धान का समर्थन मूल्य और 300 रुपये बोनस देंगे। 2100 देना तो दूर की बात है, किसानों का बोनस तक डकार गए। किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर देने वालों को किसान पर राजनीति करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश है और भूपेश राज में किसान खुश तथा समृद्ध हो रहे हैं जिससे भाजपा के पेट में मरोड़ और सिर में दर्द हो रहा है।

# 'रोको और टोको' की टीम ने वीआईपी चौक, तेलीबांधा सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया जन-जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण को रोकने जिला प्रशासन, रायपुर के मार्गदर्शन में संचालित 'रोको और टोको' अभियान के अंतर्गत यूनिसेफ वी द पीपल और गुरुकुल महाविद्यालय के एन.एस.एस. कैडेट्स ने मिलकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया। इस टीम के द्वारा वीआईपी चौक, तेलीबांधा सहित अन्य चौक-चौराहों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी को टीकाकरण हेतु प्रेरित करते दिखे। इसके अलावा ये वॉलिंटियर्स कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने हेतु भी प्रेरित करते दिखे। इस टीम ने 40 से भी अधिक सार्वजनिक स्थलों पर अपने अभियान के तहत अब तक लोगों को प्रेरित किया है और लापरवाही बरतने वालों को संक्रमण के खतरों से अवगत कराते हुए जागरूक कर रही है।

## आलोक शुक्ला हटाए गए, डॉ. मनिंदर कौर बनी स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने डॉ आलोक शुक्ला को स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी से हटा दिया है। अब जिम्मा डॉ मनिंदर कौर द्विवेदी को दिया गया है। मनिंदर 1995 बैच की आईएएस अफसर हैं। अब तक मनिंदर ग्रामोद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रमुख सचिव थीं। अब नए आदेश के मुताबिक उन्हें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। आलोक शुक्ला को अब ग्राम उद्योग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रमुख सचिव का प्रभार सौंपा गया है।

# कांग्रेस के यूपी में किए वादों को आड़े हाथों लिया, डॉ रमन सिंह ने छोड़े सियासी तीर

- प्रियंका और राहुल ने किया वादा-20 लाख नौकरी देंगे, सावधान ये बड़े ठग हैं

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



यूपी में कांग्रेस ने युवाओं को ध्यान में रखकर खास चुनावी घोषणा पत्र बनाया है। शुक्रवार को इसे प्रियंका और राहुल गांधी ने लॉन्च किया। 20 लाख नौकरी का वादा किया गया है। पहले ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा रोजगार के मामले में आमने-सामने हैं। अब डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस के यूपी में किए वादों को आड़े हाथों लेते हुए इस पर अपना सियासी तीर छोड़ा है। आरोप लगाए हैं कि ये सब झूठ है। डॉ रमन सिंह से ट्विटर पर लिखा-यह झूठा दस्तावेज देखिए! कैसे छत्तीसगढ़ के युवाओं को झूठे सपने दिखाकर कांग्रेस ने ठगा था। अब कह रहे हैं न 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ते का वादा किया न रोजगार देने का। कांग्रेस अब यही झूठा दस्तावेज उत्तरप्रदेश के युवाओं को छलने के लिए लाई है। सावधान रहिए! यह ठग हैं,बहुत बड़े ठग है! युवाओं के मुद्दे को यूपी चुनाव में पार्टी की ओर से प्रमुखता से उठाने का फैसला किया गया है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी घोषणापत्र को जारी किया। इसे नाम दिया गया भर्ती विधान युवा घोषणा पत्र।

राहुल गांधी ने कहा था कि हमने यूपी के युवाओं से बात कर इस मैनिफेस्टो को तैयार किया है। युवाओं के सामने आज के समय में रोजगार का संकट है। उनसे बात कर इसे मैनिफेस्टो में डाला गया है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में हर रोज 880 युवा अपना रोजगार खोते हैं। पिछले पांच साल के भाजपा के शासनकाल में प्रदेश के 16 लाख युवाओं ने रोजगार खोया है। पीएम ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया, लेकिन सच्चाई इससे काफी अलग है। राहुल ने कहा कि देश के सामने वास्तविक स्थिति साफ है। ऐसा केवल इस कारण हो रहा है, क्योंकि देश का सारा धन दो-तीन उद्योगपतियों को दिया जा रहा है।

## पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों भर्ती एवं सीधी परीक्षा 23 जनवरी को होगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों की भर्ती 2021 एवं परिसीमित सीधी परीक्षा 23 जनवरी रविवार को आयोजित की जाएगी। इसके तहत प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक 158 परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक 18 परीक्षा केन्द्रों में होगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु प्रकाश टंडन, डिप्टी कलेक्टर रायपुर को नोडल अधिकारी एवं के.एस.पटले, डी.पी.सी. राजीव गांधी शिक्षा मिशन जिला कार्यालय रायपुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

# अमर जवान ज्योति को बुझाना देश के शहीदों का अपमान : सुशील आनंद

- मोदी सरकार 1971 के भारत बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की यादों को नष्ट करने का षडयंत्र कर रही

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंडिया गेट पर पिछले 50 सालों से जल रही अमर जवान ज्योति को बुझाये जाने को कांग्रेस ने मोदी सरकार का आपत्तिजनक कार्य बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमर जवान ज्योति भारत के द्वारा लड़ी गयी 1971 की लड़ाई एवं अन्य युद्धों में अपनी जान गंवाये वीर शहीदों के सम्मान में प्रज्वलित की गयी थी जो पिछले 50 वर्षों से अनवरत जल रही है। अमर जवान ज्योति भारत की जनता की ओर से अपने देश के वीर जवानों के प्रति श्रद्धांजलि का प्रतीक है। मोदी सरकार ने अमर जवान ज्योति को बुझा कर देश के लिये प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों की शहादत का अपमान किया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नरेंद्र मोदी और भाजपा अमर जवान ज्योति को बुझा कर 1971 के भारत बांग्लादेश युद्ध की यादों को नष्ट करने की मंशा रखते है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम था। भारत ने अब तक जितनी भी लड़ाईयां लड़ी बांग्लादेश की लड़ाई उसमें सबसे बड़ी जीत है। मोदी और भाजपा कांग्रेस से अपनी राजनैतिक दुश्मनी को भुनाने के फेर में देश के अविस्मरणीय इतिहास की यादों को नष्ट करने लग गये हैं। भारत-बांग्लादेश किसी दल का युद्ध नहीं था, भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वं इंदिरा गांधी के मार्गदर्शन में भारत की सेनाओं और हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिया था इस लड़ाई में देश ने अपने वीर जवानों को खोया था। मोदी अपनी संकुचित मानसिकता में देश के महान सपूतों की यादों को नष्ट कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नरेन्द्र मोदी इस देश के सबसे नक्कारा प्रधानमंत्री साबित हो रहे जो खुद कुछ नहीं कर पा रहे लेकिन पुरानी सरकारों द्वारा किये गये कार्यों को बदल कर अपनी कुंठित मानसिकता का प्रदर्शन कर रहे हैं। मोदी अपनी लाईन बड़ी खींच नहीं सकते इसलिये दूसरें की लाईन मिटा कर खुद की लाईन बड़ी जताने की कोशिश में लगे रहते है। संवैधानिक संस्थाओं का अवमूलन और नष्ट करते-करते मोदी अब देश की भावनात्मक धरोहरों को भी समाप्त करने में लग गये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आजादी की लड़ाई के पहले और स्वतंत्रता के बाद भारत के नवनिर्माण में भाजपा और उसके पितृ संगठन आरएसएस का योगदान शून्य है इसलिये वे इतिहास में अपने पूर्वजों की दरिद्रता को छुपाने के लिये इतिहास को ही नष्ट करने की कुचेष्ठ में लग गये हैं।

# छत्तीसगढ़ महतारी सेवा संस्था ने किया ललित मिश्रा का सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ महतारी सेवा संस्था के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की समीक्षा तथा प्रगति हेतु एक होटल के सभागार चांगोराभाठा में प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य निर्माण आंदोलनकारी प्रमुख नेता तथा समाजसेवी ललित मिश्रा थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से मिश्रा ने संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना तथा किए जा रहे सेवा कार्यो को महतारी के प्रति श्रद्धा एवं समर्पण का परिचायक बताया। स्वागत भाषण में संस्था के अध्यक्ष दिवाकर अवसरिया ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संस्था द्वारा शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में जरूरतमंदों को निशुल्क सेवा की जानकारी दी। उक्त अवसर पर राज्य निर्माण के लिए वर्षो निरंतर संघर्ष तथा समाज सेवा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ललित मिश्रा को महतारी सम्मान से सम्मानित किया गया । आयोजन के दौरान उमेश मिश्रा, अजय रत्नाकर, अरुण बनवासी, प्रीति गौतम, लच्छू कुर्म, अमित डहरिया, पुराण लाल डहरिया, बंटी चेलक, भावना कोसरे, ईशु देवांगन ,सूर्य भारती , मनीषा आपात, शुभम पारदी भी सम्मानित हुए। संचालन मनोहर साहू ने किया।

## हरीतिमा से आच्छादित और फल-फूल के पौधों से सुरभित होंगे नदी तट

# तट हुआ हराभरा, 28 नदियों के तट पर लगाए गए 11 लाख पौधे

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में गत वर्षा ऋतु के दौरान 'नदी तट वृक्षारोपण' कार्यक्रम के तहत 28 विभिन्न नदियों के तट पर लगभग 11 लाख पौधों का रोपण किया गया है। इसके रोपण से नदी तट के 978.785 हेक्टेयर रकबा हरीतिमा से आच्छादित और फल-फूल के पौधों से सुरभित होंगे, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा नदी तट रोपण का कार्य किया गया। इनका रोपण कैम्पा, मनरेगा तथा जिला खनिज न्यास निधि सहित नदी तट वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत किया गया है। नदी तट रोपण कार्यक्रम के तहत गत वर्ष के दौरान शामिल नदियों में इन्द्रावती नदी, शबरी नदी, चक्का बुक्का नदी, महानदी, पैरी नदी, केलो नदी, ईब नदी, जोंक नदी, हसदेव नदी, तान्दुला नदी, नारंगी नदी, भंवरडीह नदी, अटेम नदी, रेड नदी, सेमरखाड नदी, भूपका नदी तथा महान नदी शामिल है। इसके अलावा सेन्दुर नदी, बरन नदी, मोरन नदी, सूर्या नदी, कन्हर नदी, भैसुन नदी, पथेल नदी, उभय नदी, बनास नदी, ओदारी नदी तथा दूध नदी के तट पर वृक्षारोपण का कार्य शामिल हैं।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इनमें से इन्द्रावती नदी के तट पर 20 हेक्टेयर रकबा में 22 हजार पौधों, शबरी नदी तट के 5 हेक्टेयर रकबा में 5 हजार 500 पौधों, चक्का-बुक्का नदी तट के 5 हेक्टेयर रकबा में साढे पांच हजार पौधों तथा महानदी तट के 52 हेक्टेयर रकबा में 57 हजार 200 पौधों का रोपण हुआ है। इसी तरह पैरी नदी तट के 30 हेक्टेयर रकबा में 33 हजार पौधों, केलो नदी तट के 1.88 हेक्टेयर रकबा में 780 पौधों, ईब नदी तट के एक हेक्टेयर रकबा में 200 पौधों, जोंक नदी तट के 40 हेक्टेयर रकबा में 44 हजार पौधों तथा हसदेव नदी तट के 42 हेक्टेयर रकबा में 46 हजार 200 पौधों का रोपण किया गया है।

तान्दुला नदी तट के 30 हेक्टेयर रकबा में 33 हजार पौधों, नारंगी नदी तट के 44 हेक्टेयर रकबा में 48 हजार 671 पौधों, भंवरडीह नदी तट के 27 हेक्टेयर रकबा में 29 हजार पौधों, अटेम नदी तट के 20 हेक्टेयर रकबा में 22 हजार पौधों तथा रेड नदी तट के 150 हेक्टेयर रकबा में एक लाख 65 हजार पौधों का रोपण हुआ है। सेमरखाड नदी के 25 हेक्टेयर रकबा में 27 हजार 500 पौधों, भूपका नदी तट के 25 हेक्टेयर रकबा में 27 हजार 500 पौधों, महान नदी तट के 70 हेक्टेयर रकबा में 77 हजार पौधों तथा सेन्दुर नदी तट के 135 हेक्टेयर रकबा में एक लाख 49 हजार पौधों का रोपण किया गया है।

इसके अलावा बरन नदी तट के 35 हेक्टेयर रकबा में 38 हजार 500 पौधों, मोरन नदी तट के 25 हेक्टेयर रकबा में 27 हजार 500 पौधों तथा सूर्या नदी तट के 10 हेक्टेयर रकबा में 11 हजार पौधों का रोपण हुआ है। इसी तरह कन्हर नदी तट के 10 हेक्टेयर रकबा में 11 हजार पौधों, भैसुन नदी तट के 30 हेक्टेयर रकबा में 33 हजार पौधों, पथेल नदी तट के 10 हेक्टेयर रकबा में 11 हजार पौधों, उभय नदी तट के 10 हेक्टेयर में 11 हजार पौधों, बनास नदी तट के 70 हेक्टेयर रकबा में 77 हजार पौधों, ओदारी नदी तट के 25 हेक्टेयर रकबा में 27 हजार 500 पौधों तथा दूध नदी तट के एक हेक्टेयर रकबा में 830 पौधों का रोपण किया गया है।

## कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए जांच में तेजी, बीते सप्ताह 3.45 लाख सैंपलों की जांच

**रायपुर।** प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए जांच की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। बीते सप्ताह 14 जनवरी से 20 जनवरी के बीच तीन लाख 44 हजार 870 सैंपलों की जांच की गई है। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए विभाग को प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा संख्या में सैंपलों की जांच के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलों में रोजाना जांच की संख्या बढ़ाई गई है। प्रदेश भर में अभी रोज औसत 49 हजार 267 सैंपलों की जांच की जा रही है, जबकि पिछले महीने दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर के बीच यह औसत 20 हजार 256 थी। दिसम्बर की तुलना में अभी रोज करीब ढाई गुना ज्यादा सैंपलों की जांच हो रही है।

# नव सर्वेक्षित गांवों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़े : ऋतुराज रघुवंशी

- ग्रामीणों को योजना का लाभ दिलाने ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के नव पदस्थ कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं केसीसी निर्माण, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा योजना, भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण बोरवेल मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना सामुदायिक, फेसिंग, प्रधानमंत्री सुक्ष्म सिंचाई, सुरक्षित खेती पैक हाऊस, सब्जी विस्तार जन धन योजना मुर्गी शेड तथा आरबी.सी 6-4 के प्रकरण एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले के नवसर्वेक्षित गांवों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़े और उन्हें लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि इन ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने 21 एवं 22 जनवरी को ग्राम पंचायत भरंडा में प्राथमिक शाला भवन, टेमरूगांव में प्राथमिक शाला भवन, हुच्चाकोट में प्राथमिक शाला भवन, सुपगांव में प्राथमिक शाला भवन, गोर्रा में प्राथमिक शाला भवन, कुमगांव में आंगनबाड़ी केन्द्र, हितुलवाड़ में प्राथमिक शाला भवन, कातुलबेड़ा में प्राथमिक शाला भवन और रेंगाबेड़ा में प्राथमिक शाला भवन में प्रातः 11 बजे से शिविरों का आयोजन किया जायेगा। बैठक में एसडीएम जितेन्द्र कुर्रे, सीईओ जनपद पंचायत नारायणपुर घनश्याम जांगड़े, सीईओ जनपद पंचायत ओरछा रामांचल यादव, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख आकाश भारद्वाज, डीएमओ निषाद, नोडल अधिकारी सहकारी बैंक प्रतीक अवस्थी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर रघुवंशी ने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शिविर में योजनाओं से संबंधित दस्तावेज शिविर से पूर्व तैयारी करें। इसके साथ ही प्रक्रियाधीन प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कर जानकारी भू अभिलेख शाखा को प्रदाय करें। कलेक्टर ने कहा कि शिविरों में आधार कार्ड बनाने तथा अपडेशन का भी कार्य किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने हल्का पटवारी सर्वेक्षित ग्राम का अभिलेख योजनाओं हेतु उपलब्ध करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को शिविर में उपस्थिति हेतु सूचित करने कहा। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिविरों के आयोजन की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर शिविर आयोजन के पूर्व दिवसों में संबंधित ग्रामों में योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शिविर आयोजित किए जाने संबंधी प्रचार-प्रसार मुनादी आदि के माध्यम से कराने के निर्देश दिये। शिविर का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए करने कहा।

# लखनपुरी, हल्बा एवं गितपहर में माइक्रो कन्टेमेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड चारामा के ग्राम लखनपुरी में दो और ग्राम हल्बा एवं गितपहर में 01-01 व्यक्ति के नोवल कोरोना वायरस से संक्रमित पाये जाने के कारण संक्रमित के घर को चिन्हित करते हुए चिन्हांकित क्षेत्र को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री चन्दन कुमार द्वारा माइक्रो कन्टेमेंट जोन घोषित किया गया है। माइक्रो कन्टेमेंट जोन में प्रवेश, निकास हेतु केवल एक द्वार होगा, जिसमें तैनात पुलिस अधिकारी फिजिकल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करते हुए मेडिकल इमरजेंसी, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हेतु आवागमन करने वाले सभी व्यक्तियों का विवरण एक रजिस्टर में दर्ज करेंगे। माइक्रो कन्टेमेंट जोन अंतर्गत सभी दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जाएगी। आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी हेतु विधिवत परिवहन अनुमति इन्सीडेंट कमाण्डर द्वारा दी जावेगी। माइक्रो कन्टेमेंट जोन में सभी प्रकार के आवागमन एवं सामूहिक गतिविधि पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी एवं कृषि कार्य को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से माइक्रो कन्टेमेंट जोन, मकान के बाहर निकलना प्रतिबंधित रहेगा। केवल मेडिकल इमरजेंसी की दशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी के परामर्श व अनुमति से इन्सीडेंट कमाण्डर द्वारा पास जारी किया जाएगा। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में संलग्न व्यक्ति फिजिकल डिस्टेंसिंग तथा सेनिटाईजेशन सुनिश्चित करते हुए माइक्रो कन्टेमेंट जोन में प्रवेश कर सकेंगे। अन्य किसी भी व्यक्ति को माइर्क्रो कन्टेमेंट जोन के नियमों का कड़ाई से पालन कराने का उत्तरदायित्व संबंधित थाना प्रभारी का होगा। स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था हेतु पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जावेगी। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में आवश्यक सर्विलांस, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग एवं सेम्पल जॉच आदि की कार्यवाही की जावेगी। माइक्रो कन्टेमेंट जोन की सतत निगरानी करने तत्पश्चात संक्रमण की रोकथाम का आंकलन कर संक्रमण के शून्य रहने पर उक्त क्षेत्र से कंटेमेंट हटाने की प्रक्रिया नियमानुसार संपादित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री चन्दन कुमार द्वारा आदेशित किया गया है। माइक्रो कन्टेमेंट जोन में कार्यवाही हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये हैं। कानून, पुलिस व्यवस्था के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर को दायित्व सौंपा गया है। केवल एक प्रवेश, निकास की व्यवस्था हेतु बेरिकेटिंग के लिए लोक निर्माण विभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता को दायित्व सौंपे गये हैं। इसी प्रकार माइक्रो कन्टेमेंट जोन में सेनेटाईजेशन की व्यवस्था हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा तथा एसओपी अनुसार घरों का एक्टिव सर्विलांस, दवा, मास्क, पीपीई किट एवं बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी चारामा और माइक्रो कन्टेमेंट जोन में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तहसीलदार चारामा को दायित्व सौंपे गये हैं।

# छत्तीसगढ़ के मुखिया पर एफ.आई.आर. उप सरकार की खोखली मानसिकता को परदर्शित करती है

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर एफ.आई.आर होने पर एनएसयूआई कांकेर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज वाधवानी ने कहा कि यू.पी. को हाथ से निकलता देख भाजपा की बौखलाहट है। भाजपा सुरूर से भूपेश बघेल जी के उत्तर प्रदेश दौरे को प्रभावित करती आ रही है कभी उनको एयरपोर्ट पर रोक देना कभी उनको लखीमपुर खीरी जाने से रोकना उनको हमेशा से परेशान कर रोकने का कार्य उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया भूपेश बघेल की देश में बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है भाजपा उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार जो ऐसे काम कर रही है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में भाजपा के मंत्री डोर टू डोर जब चुनाव प्रचार करते है तब उनपे कोई एफ.आई.आर नही होती और वही भूपेश बघेल जी चुनाव प्रचार करते है तो कोविड प्रोटोकॉल नियम का हवाला देकर उन पर एफ.आई.आर दर्ज कर दिया जाता है। ऐसे कृत्य से उत्तर प्रदेश सरकार की खोखली मानिकता को प्रमाणित करता है। इससे साफ जाहिर होता है की उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिलने वाली हार के डर से यह सब भाजपा करा रही है जो की बहुत ही निंदनीय है।

# दुकानों में प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर होगी कार्यवाही



**किरन्दुल।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगरपालिका किरन्दुल में केंद्र शासन के आदेशनुसार नगर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक पॉलीथिन कैरी बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 नोडल अधिकारी राहुल थवानी ने आज दुकानदारों से प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की है और इसके उल्लंघन पर जुर्माना की जाएगी।

# भाजपा के दो कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को स्थानीय विधायक निवास बीजापुर में बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक विक्रम शाह मंडावी, ज़िला पंचायत सुकमा के अध्यक्ष हरीश कवासी, ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की सदस्य नीना रवतिया उद्दे, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, श्यामू गुप्ता और महेश हेमला के समक्ष गंगालूर क्षेत्र के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता बुधु हेमला और संजय हेमला ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। कांग्रेस नेताओं ने बुधु हेमला और संजय हेमला को कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

# भ्रष्टाचार के आरोप में, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा निलंबित, अवर सचिव ने किया आदेश जारी

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के शिक्षा विभाग में अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहानी हुई समाप्त, कोण्डागांव के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से किया गया निलंबित, छत्तीसगढ़ शासन से स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव अन्वेश घृतलहरे की ओर से जारी आदेश में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा तथा उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे समक्ष अधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। डीईओ पर आरोप है की कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर 140 व्याख्याता (एलबी), शिक्षक (एलबी) एवं सहायक शिक्षक (एलबी) का विधि विरूद्ध तरीके से युक्तियुक्तकरण (स्थानांतरण), नियम विरुद्ध अतिथि शिक्षकों, विद्या मितानों और भृत्यों की भर्ती करने के अलावा सूखा राशन में भ्रष्टाचार और शाला अनुदान राशि से बाज़ार मूल्य से अधिक दर पर महापुरुषों के छायाचित्रों की खरीदी के साथ ही वित्तीय नियमों के विरुद्ध फर्नीचर क्रय शामिल है।

**क्या है निलंबन आदेश के नियम** – जारी आदेश में कहा गया है की राजेश मिश्रा (मूल पद-व्याख्याता) प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, कोण्डागांव का उपरोक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। राज्य शासन, द्वारा राजेश मिश्रा (मूल पद-व्याख्याता) प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, कोण्डागांव को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। तथा इनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा) बस्तर नियत किया जाता है।

# राष्ट्रीय स्तर इंस्पायर अवार्ड-मानक हेतु गीदम के सागर भास्कर का चयन

पायनियर संवाददाता गीदम
www.dailypioneer.com



इंसान की जीवन शैली को नए आविष्कार बदल देती है। कड़ी मेहनत और जुनून सफलता की शीर्ष स्थान तक पहुंचाती है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान - भारत (एनआईएफ) के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग अंर्तगत विद्यार्थीयों के नवाचार प्रोजेक्ट को चयनित कर इंस्पायर अवार्ड मानक से सम्मानित कर अविष्कार को पेटेंट भी करवाते हैं। जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु प्रोत्साहन राशि एवं सुनहरा मौका दिया जाता है। वर्ष 2020-21 इंस्पायर अवार्ड मानक हेतु दंतेवाड़ा जिला से कुल 7 प्रोटोटाइप आइडिया को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रदर्शनी तथा प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु चयनीत किया गया था। कोरोना महामारी के प्रभाव से राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 17 से 19 जनवरी तक में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें दंतेवाड़ा जिला के गीदम विकास खंड से एजुकेशन सिटी जावंगा के आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थी सागर भास्कर, अमित नाग, नागेंद्र पटनायक, एकलव्य आदर्श आवासीय कन्या शिक्षा विद्यालय के छात्रा भुमिका भंडारी, कुआकोंडा विकास खंड से शासकीय उच्च विद्यालय चोलनर के लक्के और दंतेवाड़ा विकास खंड से शासकीय उच्च माध्यामिक विद्यालय दंतेवाड़ा के दीपक तामो व नीरज मरकाम हिस्सा लिए। राष्टीय स्तर इंस्पायर अवार्ड - मानक प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु गीदम के सागर भास्कर और कुआकोंडा के लक्के का चयनित हुआ। एजुकेशन सिटी जावंगा के आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षक व प्रोजेक्ट प्रमुख अमुजुरी बिश्वनाथ के नेतृत्व में सागर भास्कर के द्वारा कोकोनट दिहुस्किंग पीलिंग मशीन बनाया गया। लक्के ने कम लागत चिरोंजी डेकोर्टिकेटर प्रोजेक्ट बनाया। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को बीईओ कार्यालय गीदम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम विधार्थी सागर भास्कर को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहन देते हुआ कहा कि राष्टीय स्तर पर दंतेवाड़ा जिला व छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करे। चयानित विद्यार्थीयों को जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कर्मा, जिला मिशन समन्व्यायक श्यामलाल सोरी, इंस्पायर अवार्ड जिला नोडल अधिकारी देवेंद्र सोनी, गीदम विकास खंड स्रोत समन्व्ययक अनिल शर्मा, आस्था विद्या मंदिर जावंगा प्राचार्य संतोष प्रधान, प्रोजेक्ट प्रमुख शिक्षक अमुजुरी बिश्वनाथ, प्रोजेक्ट सहयोगी ईश्वरी प्रसाद नायक, संकुल समन्व्यायक दीपक शास्त्री, नितिन विश्वकर्मा, योगेश सोनी, जितेंद्र चौहान, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, धनेंद्र सोनी, लक्ष्मण साहू, आस्था विद्या मंदिर के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी बधाई व शुभकामनाएं दी।

# कोरोना प्रभावित मतदाताओं ने पीपीई कीट पहनकर किया मतदान



**कांकेर।** त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन में जनपद पंचायत नरहरपुर के ग्राम पंचायत बनसागर में सरपंच पद के लिए निर्वाचन में ग्राम के दो कोविड-19 पॉजिटिव पुरुष मतदाताओं ने पीपीई कीट पहनकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नरहरपुर के बीएमओ डॉ. प्रशांत सिंह के निगरानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को भी पीपीई कीट उपलब्ध कराया गया था।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती होने से मानसी का स्वास्थ्य में आया सुधार

**कांकेर।** मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का कांकेर जिले में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अभियान के तहत् कुपोषित बच्चों, गर्भवती माताओं और पोषक माताओं को आंगनबाड़ी कार्यकताओं के द्वारा घर-घर जाकर कोदो की खिचड़ी और रागी से बने पौष्टिक हलवा खिलाया जा रहा है।

# तीसरी लहर और ओमीक्रॉन का खतरा, लेकिन सरकारी कर्मचारी खुद पड़े ढीले

- लगातार कोरोना के बढ़ते आंकड़े से भी सबक नही ले रहे अधिकारी
- वर्चुवल की जगह लिया जा रहा भीड़ भरे माहौल में मीटिंग

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





देश व प्रदेश भर में जहां नए वेरीअन्ट और तीसरी लहर का डर समाया हुआ है, वहीं जिला प्रशासन द्वारा इस संक्रमण पर रोक लगाने के लिए लोगों को मास्क लगाने एवं सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए आदेश पारित कर आम जनों से जुर्माना तक वसूल रहा है। वहीं पशु चिकित्सा सेवाएं कोण्डागांव के उप संचालक डॉ शिशिरकान्त द्वारा शासन प्रसाशन के नियमों की अवहेलना करते पशु चिकित्सालय में मासिक समीक्षा बैठक में भीड़ जमा करते नजर आ रहे है। जहां जिले के पशुपालन विभाग के कर्मचारी उपस्थित नजर आ रहे हैं। जानकारी अनुसार समस्त पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ व सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों का 21जनवरी को समय 11꞉30बजे कलेक्ट्रेड सभा कक्ष में बैठक नियोजित की गई थी, लेकिन कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए, कलेक्टर कार्यालय में बैठक की अनुमति नही मिलने पर उप संचालक डॉ शिशिरकांत पांडेय द्वारा पशुधन विकास विभाग कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला कोण्डागांव में बैठक ली गयी।

बता दे की जिले में कोविड -19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के फलस्वरूप कोविड -19 के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु, 15जनवरी 2022 को कोण्डागांव कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा जारी आदेश में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक एक्ट, के तहत समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की उपस्थिति एक तिहाई होगी। उपस्थिति के संबंध में प्रभारी अधिकारी द्वारा रोस्टर तैयार किया जायेगा। कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों के अलावा शेष कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम पद्धति से कार्य करेंगे, आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। समस्त अधिकारी/कर्मचारी बिना पूर्वानुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे एवं सभी कर्मचारी मोबाईल के माध्यम से अपने प्रभारी अधिकारी के संपर्क में रहेंगे। कार्यालय में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से फेस मास्क, सैनेटाईजर, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे।

### क्या कहते उप संचालक

डॉ शिशिर कांत पांडे उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कोंडागांव का कहना है कि की मीटिंग ना करने का हमारे पास कोई आदेश नहीं आया है, साथ ही हमने खुले में कर्मचारियों के साथ कोरोना नियमों का पालन करते हुए मीटिंग की है।

# स्कूली बच्चों ने वाद-विवाद निबंध लेखन प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com




भारत देश के आजादी की 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा के सभा कक्ष में विकासखंड स्तरीय वाद विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड कोण्टा के विभिन्न संकुलों से संकुल स्तर पर चयनित 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ''लोकतंत्र या राजतंत्र'' विषय पर वाद-विवाद किया। इसी प्रकार ''इक्कीसवी सदी का युवा'' विषय पर बच्चों ने निबंध लिखे। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोन्टा में आयोजित इस प्रतियोगिता में शिक्षाविद सी.एच राजशेखर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. के.दीप, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी पी.श्रीनिवास, खण्ड स्त्रोत समन्वयक महेन्द्र बहादुर सिंह, प्रधान अध्यापक सुशील श्रीवास, शशि कुमार एवं विभिन्न संस्थाओं से आये शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रधान अध्यापक टी.श्रीनिवास वासु ने किया।

**विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत–** आयोजित प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर कुमारी जोसना सोड़ी कक्षा 12वीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा, द्वितीय स्थान सोडी रमेश कक्षा बारहवीं डी.ए.वी पब्लिक स्कूल कोण्टा, एवं तृतीय स्थान पर कुमारी गिलेश्वरी निषाद कक्षा बारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में कु.गजल कोरी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल कोण्टा प्रथम स्थान, कु.प्रीति बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोरनापाल द्वितीय स्थान तथा सी.एच कृष, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल कोण्टा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में प्रथम स्थान कु.मानसा पटेल डी.ए.वी पब्लिक स्कूल कोण्टा, द्वितीय स्थान डेबोरा मोरला डी.ए.वी पब्लिक स्कूल कोण्टा और तृतीय स्थान राजेश कट्टम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंटा ने प्राप्त किया।

# बिल जमा नहीं करने वाले बकायादारों के काटे जा रहे हैं बिजली कनेक्शन

■ 1 दिन में 13 लाख की वसूली

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



लंबे समय से बिजली बिल नहीं पढ़ाने वालों के लिए विद्युत विभाग ने अब सीधे कार्यवाही शुरू कर दी है। विभाग द्वारा अब सीधे कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई से विद्युत बिल बकायेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों की सुविधा प्रदान करते हुए विद्युत विभाग द्वारा नियम के तहत घरेलू व्यवसायिक सहित विभिन्न प्रकार के बिजली के कनेक्शन दिए गए ताकि शाम ढलते ही लोगों के घरों में अंधेरे की जगह उजियारा फैले इसके लिए उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट खपत के हिसाब से बिजली बिल का भुगतान करना होता है ? लेकिन इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ लेने वाले कई ऐसे लोग भी हैं जो लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं। इससे विद्युत विभाग को काफी नुकसान हो रहा है इसे गंभीरता से लेते हुए अब विद्युत विभाग ने कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर में घरेलू व्यवसायिक समय शासकीय एवं विविध प्रयोजन के लिए बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने के लिए विशेष अभियान चलाया गया आठ अधिकारियों के नेतृत्व में 32 कर्मचारियों ने शहर के 130 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे कनेक्शन काटे जाने के डर से 158 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल की राशि तेरा लाख रुपए जमा किये। पहली बार विभाग द्वारा बकायेदारों से राशि वसूलने कड़ा रुख अपनाया जा रहा है विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यवाही से बकायेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

शहर में बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने एवं विच्छेदन की कार्यवाही करने जब 8 टीमें निकली थी शहर के 130 बड़े बकायेदारों की लाइन काटी गई जिनका 28 लाख रुपए का भुगतान बकाया है। इन उपभोक्ताओं द्वारा काफी लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा था। अधिकारियों के पहुंचते ही बिजली बिल की बकाया राशि जमा करने के लिए उपभोक्ता कार्यालय पहुंचने लगे 135 बकायेदारों ने विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने के डर से 10 लाख रुपए विद्युत कार्यालय में जाकर जमा किए। जबकि 23 बकायेदारों में तीन लाख रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया गया ज्ञात हो कि माह में जहां अधिकतम तीन लाख रुपए एटीपी के माध्यम से कार्यालय में जमा होता है वहां एक दिन में ही 10 लाख रुपए की राशि जमा की गई। कई विद्युत उपभोक्ता को मीटर लीडरों द्वारा पहुंचाने का प्रयास किए जाने रीडिंग कम करने बिजली बिल माफ कराए जाने बिल कम किए जाने संबंधी शिकायतें भी सामने आई कई शासकीय कार्यालयों में विद्युत विभाग की टीम ने दबिश दी जहां राशि पटाने एक-दो दिन की मोहलत मांगी गई है। उपभोक्ताओं द्वारा दिए गए समयावधि में अगर उपभोक्ता भुगतान नहीं करते हैं तो वहां भी कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी।

### समय पर जमा करें बिजली बिल

बिजली बिल नहीं पटाने वालों की सूची बनाई गई है ।इस तरह बिल वसूली के लिए 8 टीम बनाई है। टीम द्वारा कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जा रहा है। इससे बिल जमा करने में आनाकानी करने वालों के सीधे कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है? इस कार्यवाही एवं असुविधा से बचने उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल हर माह जमा करने की अपील की है ।

# भाजपा ने धान खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना



पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा किसानों से धान खरीद के लिए पहले ही मात्र 2 महीने का समय दिया गया है जिसमें 1 दिसंबर 2021 -31 जनवरी 2022 समय सीमा तय की गई है।

भाजपा प्रदेश पर्यावरण प्रभारी छत्तीसगढ़ एवं पूर्व आईपीएस गणेश शंकर मिश्र ने प्रेस वार्ता कर कहा की राज्य सरकार किसानों को लेकर संवेदनहीन है किसानों की स्थिति राज्य में अत्यंत खराब है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत छतिपूर्ति की जानी चाहिए राज्य की सरकार के पास किसानों के लिए गोदाम बनाने के लिए पर्याप्त धन नहीं है और धान खरीदी केन्द्रों मे ही करोड़ों का धान खराब हो रहा है जीतने करोड़ का धान राज्य सरकार धान खरीदी केन्द्र मे हर साल खराब कर रही है उतने मे सरकार गोदाम बना सकती है लेकिन सरकार का ध्यान अपने प्रदेश के किसानों से अधिक उत्तर प्रदेश के चुनाव मे है और राज्य का पैसा उत्तरप्रदेश चुनाव मे पानी की तरह बहाया जा रहा है राज्य के किसान राज्य सरकार से असंतुष्ट हैं और किसानों में आक्रोश है राज्य सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है प्रेस वार्ता मे राज मौके पर डॉ. गुलाब सिंह टिकरीहा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, व रेलवे बोर्ड सदस्य अनिल नायक जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा,राजकुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत, घनश्याम चंद्राकर महामंत्री भाजपा, छगन यादव उपाध्यक्ष डोमार वर्मा उपाध्यक्ष, केवरा वर्मा उपाध्यक्ष,रमेश बघेल वरिष्ठ कार्यकर्ता, मुरली वर्मा सोसल मीडिया प्रभारी, सीटू भाटिया अध्यक्ष अल्पसंख्यक, एकनाथ पाटिल (सांसद प्रतिनिधि खरोरा नगर) विकास ठाकुर प्रदेश सोसल मीडिया सदस्य युवा मोर्चा, सरजू साहू सरपंच मोहरेंगा योगेश चंद्राकर अध्यक्ष सोसायटी फरहदा, दीपक धनकर कार्यालय प्रभारी, गजेंद्र वर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा मोर्चा, लेखु सेन बूथ अध्यक्ष मोहरेंगा, मारुती वर्मा मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, संतोष कुर्रे सरपंच रायखेड़ा उपस्थित थे ।

# दो लोगों को पराजित कर जनपद सदस्य पद पर छबिराम नेताम ने बाजी मारी

■ जप. उपाध्यक्ष प्रवीण यादव सहित सदस्यों ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद ब्लॉक में गुरुवार को एक जनपद सदस्य और पंच पदों का उप चुनाव शांति पुर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। गरियाबंद के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 का चुनाव परिणाम का इंतजार सभी को था यहां पर तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान पर थे तीनों चुनाव जितने कोई कसर नहीं छोड़े थे और छबिराम नेताम दोनों प्रत्याशी को मात देते हुए 459 मतों से शानदार जीत हासिल किया। जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 पूर्व जनपद सदस्य शिवराम नेताम की



आकस्मिक मृत्यु होने पर रिक्त हुये स्थान पर त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु कुल 3 प्रत्यासी मैदान मे थे मतदान समाप्ति के पश्चात सभी मतदान केन्द्रों में मत की गिनती की गयी, जिसमे छबिराम नेताम ने शानदार प्रदर्शन कर 459 मतों से जीत दर्ज की। उपचुनाव मे तीनों प्रत्यासी ने कोई कसर नहीं छोड़ किंतु जीत का सेहरा को किसी एक को मिलना है, उपचुनाव मे छबिराम नेताम को 1266 मत रुपरेखा मरकाम को 807 मत एवं पूर्व जनपद सदस्य ललित नाग 115 मत मिले। और छबिराम नेताम 459 मतो से विजय हुए। छबिराम नेताम की जीत की खबर मिलते ही जनपद पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष प्रवीण यादव सहित जनपद सदस्य विरेंद्र ठाकुर, खिलेश्वरी आयाम, शकुंतला साहू चंदा बारले, सभापति यमुना साहू, रमशिला चंद्रवंशी, श्यामा दीवान, सरपंच लोहारी मोमबाई ठाकुर, सरपंच कोपेकसा नेटी, सरपंच दांतबायकला महेश मरकाम, सरपंच डुमरबाहरा वरुण नेताम पूर्व सरपंच मूलसिंग ठाकुर, यशवंत सोरी, ढेलुराम नेताम, क्षेत्र के छबिराम के शुभचिंतक- बलराम मरकाम, ईश्वर पटेल, लेखराम साहू, देवेन्द्र साहू, हेमलाल बारले, प्रेम नेताम, सोनसाय सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी ।

# पूर्व सरपंच की धर्मपत्नी सरोजनी वर्मा विजयी हुई

**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक में 3 ग्राम पंचायतों परसदा, मानपुर एवं देवगांव में सरपंच पद हेतु चुनाव कराया गया वही 2 पंच पदों के लिए भी मतदान कराया गया। सुबह 7 बजे से 3 बजे तक मतदान संपन्न हुई एवं मतदान के बाद मतों की गिनती प्रारंभ हुई जहां पर 2 ग्राम पंचायतों में शाम तक सरपंच के चुनावी परिणाम भी आ गए है। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसदा में पूर्व सरपंच की



धर्मपत्नी सरोजनी वर्मा विजयी हुई है। यहाँ सरपंच राजू वर्मा के निधन के बाद उनकी पत्नि को चुनाव लड़वाया गया और वे विजयी घोषित हुई है। यहाँ 3 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। इसी तरह से नए ग्राम पंचायत मानपुर परसदा में सरपंच साकेत साहू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास होने के बाद चुनाव हुआ जहाँ 3 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे खुद साकेत साहू भी चुनाव लड़ रहे थे उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। यहां से रामजी सोनवानी चुनाव जीते है। वही ग्राम पंचायत देवगांव में सरपंच के निधन के बाद यहाँ चुनाव हुआ है। जहाँ पर देर शाम तक मतो की गिनती जारी है। वही मतदान से लेकर मतगणना तक नेवरा पुलिस भी सभी पोलिंग बूथों पर मुस्तैदी के साथ खड़ी रही।

# नेहरू युवा केंद्र में एचआईवी एड्स पर चलाया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




नेहरू युवा केंद्र रायपुर छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिले के विभिन्न गांवों में एचआईवी एड्स पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिले के ग्राम बोरसी, रिसदा,मोपका निपनिया, पलारी, बारनवापारा, गिर्राबमें एचआईवी एड्स एवं उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे लगभग 6 सौ से अधिक युवा एवं 50 से अधिक युवा मंडलो को सही जानकारी एवं उपाय बता कर जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में युवाओं को यौन जनित संक्रमणों के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के साथ ही एचआई व्ही, एड्स के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एच आई व्ही संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित (बिना कंडोम के) यौन सम्बन्ध बनाने, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित इंजेक्शन लगाने व संक्रमित माता-पिता से होने वाले सन्तान को एच आई व्ही व यौन सम्बंधित बीमारी होने का खतरा होता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचने के लिए युवाओं के पास सही व सम्पूर्ण जानकारी होना जरूरी है। कार्यक्रम में इस बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए शासन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की भी विस्तृत जानकारी युवाओं को दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल समेत विकासखण्ड स्तर पर भी सीएचसी में आई सी टी सी केंद्र स्थापित है,जहां जाकर एचआईवी के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। इसके अलावा यौन जनित संक्रमणों व जननांगों की अन्य समस्याओं के निदान व जानकारी के लिए जिला अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक स्थापित है। युवाओं को नेशनल हेल्प लाइन नम्बर 1097 एवं मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त युवाओं को प्रोजेक्टर पर लघु फिल्मों का प्रसारण करके दिखाया गया व पीपीटी के माध्यम से चित्र समेत जानकारियां दी गईं। युवाओं को सम्बन्धित विषय की पोप्लेट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में देवानंद बोरकर, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना, संदीप पांडेय, समाज सेवी, कौशलेश तिवारी, प्रशिक्षक, स्वास्थ विभाग, डॉ आरती ध्रुव द्वारा युवाओं के साथ जानकारी साझा की। इसके अतिरक्त नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ईश्वर प्रसाद बांदे भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत पात्र-अपात्र की अंतिम सूची जारी

**बलौदाबाजार।** राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा पात्र-अपात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची जारी कर दी गयी है। उक्त सूची का अवलोकन संयुक्त जिला कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिले कि वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट इन पर अपलोड कर दी गयी है। उक्त सूची का अवलोकन किया जा सकता है। गौरतलब है कि जिले में राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना अंतर्गत कुल 24 हजार 429 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से सत्यापन के बाद 17 हजार 194 आवेदन सही पाये गये।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत जिलें के विभिन्न ग्राम पंचायतों मेरैट्रोफिटिंग योजना ग्रामों में संचालित नल जल योजना के संचालन हेतु पंप आपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर एवं हेल्पर का पांचवा कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम जिला मुख्यालय के पं.चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल में संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत अहिल्दा, लहौद ,मोहत्रारा, मुंडा, सोनाडीह, रसेड़ी, डमरू और धारसीव के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग योजना ग्रामों में संचालित नल जल योजना के संचालन हेतु पंप आपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर एवं हेल्पर शमिल हुए। इसके साथ ही (एफ टी के) के द्वारा पानी की जांच कर,जल की गुडवत्ता और महत्व को समझाया गया। मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली चीजों में हवा के बाद पानी का ही स्थान है। पानी का सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। इसलिए हमें शुद्ध-स्वच्छ हवा की ही तरह शुद्ध-स्वच्छ पानी पीने की भी सलाह दी गई। भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक ग्राम में महिलाओं को जल की शुद्धता और गुणवत्ता जांचने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं खुद ही पानी की क्वालिटी जांच पाएंगी। इस जांच में उनकी मदद करेगा एफटीके यानी फील्ड टेस्ट किट कब अंतर्गत यह जानकारी उन्हें प्रदान किया गया। साथ ही वहां उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जल जीवन मिशन के उद्देश्य और कार्यशैली के विषय में चर्चा कर जल व्यर्थ ना बहाने और उसके प्रचार प्रसार के सम्बंध में चर्चा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्री सुरेश वाकड़े द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित नलजल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को जल जीवन मिशन की उपयोगिता, उद्देश्य एवं धरातल पर विभिन्न प्रकार की कठिनाईयों का समाधान के साथ साथ जल गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पानी की क्या कहानी है के संबंध में प्रतिभागियों, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं विभाग के उपस्थित अधिकारियों के साथ विशेष विचार विमर्श किया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित कर सहायक अभियंता द्वारा आभार धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता तथा आर.के.ध्रुव सहायक,समस्त जिला समन्वयक राजकुमार कोसले, उत्कर्ष कावले मनोज राठौर, चतुर साहू आदि उपस्थित हुए।

# आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने की कलेक्टर नम्रता गांधी से सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर नम्रता गांधी से जिले के आदिवासी समाज प्रमुखों ने सौजन्य भेंट कर कलेक्टर को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया ।आदिवासी समाज प्रमुखों ने कलेक्टर नम्रता गांधी से समाज और जिले के विकास को लेकर चर्चा भी किया इस मौके पर अखिल भारती आदिवासी परिषद जिला अध्यक्ष उमेंदी सिंह कोर्राम समाज के प्रमुख भरत दीवान सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव युवा प्रभाग अध्यक्ष नरेंद्र ध्रुव सरपंच भुपेन्द्र ध्रुव विरेन्द्र ध्रुव असवत मराई सरपंच सुरेखा नागेश समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# गणतंत्र दिवस परेड स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्राउंड में किया जाएगा। इस संबंध में आज कलेक्टर डोमन सिंह ने कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने विगत वर्ष आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही इस वर्ष विगत वर्ष से कुछ अलग तरह से साज सज्जा करनें के निर्देश दिये है। उन्होंने समारोह स्थल को पूरी तरह से तिरंगे रंग में कपड़े व पुष्प गुच्छ गुच्छों से सजाने अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही वीआईपी,शहीद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, मीडिया, अधिकारी कर्मचारी एवं आम जनता के लिए आरक्षित बैठक व्यवस्था एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था बेहतर ढंग से करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने पूरे मैदान का निरीक्षण कर वीआईपी एंट्री, आम जनता की एंट्री एवं जनप्रतिनिधियो के एंट्री स्थल का भी मुयाना किया। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों को पार्किंग की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल की सम्पूर्ण तैयारियों का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जाएगा। गौरतलब है राज्य शासन के निर्देश में कोविड प्रोटोकॉल के तर्ज मगे उक्त कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

इस वर्ष किसी भी तरह की सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों का आयोजन नही किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगो के लिए मास्क एवं थर्मल स्कैनिंग अनिवार्य किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की,बलौदाबाजार एसडीएम आईएएस प्रतिष्ठा ममगाई, डिप्टी कलेक्टर महेश राजपूत, पुलिस विभाग आरआई विक्रम बघेल, सीएमओ राजेश्वरी पटेल समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे।

# नवपदस्थ कलेक्टर डोमन सिंह से भाजपाइयों ने की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने जिला बलौदाबाजार भाटापारा में नव पदस्थ कलेक्टर डोमन सिंह का पदभार ग्रहण करने पर सौजन्य भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर डॉ अजय राव, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल बघेल, मंडल अध्यक्ष बलौदाबाजार ग्रामीण डोमनलाल वर्मा उपस्थित रहे।

# पिथौरा सरकारी अस्पताल में शुरू हई सिजेरियन डिलीवरी, सुविधा मिलने से बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ. तारा अग्रवाल एवं गयनेकोलॉजिस्ट डॉ. एस. एन. डडसेना के सक्रियता के कारण मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। बुधवार को यहां पहली बार सिजेरियन डिलीवरी से एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया । स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एन. डडसेना ने बताया कि महिला के पेट में पानी नहीं होने और बच्चे के गले में नाल फस जाने के कारण हालात नाजुक बना हुआ था। जिसके कारण सिजेरियन से डिलीवरी किया गया। फिलहाल जच्चा - बच्चा दोनों स्वास्थ्य हैं। इससे पहले यहां सामान्य प्रसव किया जाता रहा है।

जबकि सिजेरियन डिलीवरी के लिए लोगों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता था । निजी अस्पतालों में सामान्य डिलीवरी की फीस दस हजार रुपये तक नहीं जाती है। जबकि यदि सिजेरियन डिलीवरी की बात करें तो निजी अस्पतालों में 30 से 40 हजार रुपये तक का खर्च वहन करना पड़ता है। लेकिन अब पिथौरा के इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन डिलीवरी की शुरुआत होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वही आपको बता दें कि महासमुंद जिले भर में एकमात्र पिथौरा के इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी किया जा रहा है । वहीं पुरुषों का भी नसबंदी इसी अस्पताल में किया जाता है। जिसमें बीएमओ डॉ तारा अग्रवाल, गायनोलॉजिस्ट डॉ एस एन डड़सेना, नर्सिंग ऑफिसर आर. कोंडेकर, कल्पना प्रधान एवं खगेश्वरी ठाकुर का विशेष भूमिका होती है ।

# कबीरधाम जिले के 6 सरपंच पद और 8 पंच पद के लिए 77.28 प्रतिशत हुआ मतदान

## त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव में दिखा मतदाताओं में उत्साह

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com






कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचायत के आम व उप निर्वाचन के तहत आज गुरूवार को सरपंच के 6 पद और पंच के 8 पदों के लिए शांतिपूर्ण ढंग और उत्साह के साथ मतदान संपन्न हुआ। इन पदों के लिए हुए मतदान में 4 बजे की रिपोर्ट के आधार पर 77.28 प्रतिशत मतदान हुआ। इस मतदान में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही। जिसमें पुरूषों का मतदान 77 प्रतिशत और महिलाओं का मतदान 77.55 प्रतिशत रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत के आम व उप निर्वाचन के तहत आज कबीरधाम जिले के सरपंच के 6 पद और पंच के 8 पदों के निर्वाचन के लिए मतदान हुए। जिले में सरपंच के कुल 7 पदों के लिए निर्वाचन होना था जिसमें बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बैजलपुर पंचायत का सरपंच पद निर्विरोध निर्वाचित हुए है। उन्होंने बताया कि जिले के 6 सरपंच के लिए जहां निर्वाचन हो रहे है, उसमें बोड़ला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लूप, दुर्जनपुर और राजाढार शामिल है। इसी तरह कवर्धा जनपद पंचायत के अंतर्गत 2 ग्राम पंचायत ग्राम सेमो और मड़मड़ा, सहसपुर लोहारा जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाखाटोला शामिल है। उन्होंने बताया कि पंच पद के 8 पदों के निर्वाचन हुए है।

जिसमें कवर्धा जनपद पंचायत के अंतगर्त ग्राम लघान के वार्ड क्रमांक 1, सूखाताल में वार्ड क्रमांक 16, बोड़ला जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्फी के वार्ड क्रमांक 12, पंडरिया जनपद पंचायत के अन्तर्गत 5 पंचों का निर्वाचन हुए है, जिसमे ग्राम पंचायत नेउर के वार्ड क्रमांक 13, सूरजपुरा कला के वार्ड क्रमांक 1, कुंडा ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 16, दुल्लापुर के वार्ड क्रमांक 12, डबरी के वार्ड क्रमांक 6 शामिल है।

### मतदान केंद्रों में कोविड गाइडलाइन के पालन के साथ हुए मतदान

सुबह 7 बजे से शुरू हुए मतदान के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने लोग मतदान केंद्रों में पहुंचने लगे। कोविड-19 के तहत जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था रखी गई। सभी पंचायतों में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही, वहीं मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान रखा गया। सभी मतदान केंद्रों में अपरान्ह 3 बजे तक मतदान पूर्ण किए जाने के तुरंत बाद मतदान केंद्रों में ही मतगणना की गई।

### युवा, बुजुर्ग एवं महिलाओं की सक्रिय भूमिका से शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

सुबह 7 बजे से ही सभी मतदान केन्द्रों में लोग पहुचने लगे। युवा, बुजुर्ग, महिलाओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने में मतदान के माध्यम से अपनी सहभागिता दिखाई। बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों में पहुचकर लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

# असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संजय जोशी की सरपंच उपचुनाव में बड़ी जीत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में हुए त्रि-स्तरीय पंचायत उप चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसांगिक इकाई, असंगठित कामगार कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष संजय जोशी ने एक तरफा जीत हासिल कर आन्दू पंचायत के सरपंच बने, नव निर्वाचित आन्दू सरपंच संजय जोशी ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य और कामगार कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के कुशल रणनीति से इस उपचुनाव में आन्दू, घटोली और बिरमपुर में कार्यकर्ताओं की घेरा बन्दी से सहजता से चुनाव को अपने पक्ष में मोड़ दिया, संजय जोशी राष्ट्रीय अखबार की नौकरी को छोड़कर राजनीति में आये हैं, पिछले कोविड के दौरान अप्रेल में उनके सरपंच पिता की कॅरोना से मृत्यु हो गई थी,

कुल डाले गए 809 मतों में संजय के पक्ष में 477 वोट पड़े

जीत के बाद ग्रमीणों ने विजय जुलूस निकालकर मतदाताओ का आभार व्यक्त किया, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि चुनाव समपन्न हो चुके हैं, लोगो ने अपना प्रतिनिधि चुन लिया है अब चुनाव के दौरान उपजे कडुवाहट को भूल कर सभी को पंचायत के विकास के लिए मिल कर काम करना है, संजय के ऊपर जिम्मेदारी है कि अपने पिता के अधूरे कामो को पूरा करें, मतदाताओ ने अश्वनी जोशी के पुत्र को इस उपचुनाव में जिताकर अपनी सच्ची श्रद्धांजलि आज दे दी है।

आगे अब हम सब को मिलकर इस पंचायत के विकास की नई इबारत लिखनी है, किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी का उपस्थित ग्रमीणों ने गुलाल लगाकर अभिनन्दन किया, विजय रैली में उपसरपंच सुधराम साहू पटेल नंदलाल यादव, पटेल जानुराम साहू, हेमप्रसाद जोशी, लालदास जोशी, पंच शिव कुमार साहू, पंच मनोज डेहरे, प्रदीप मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, मनहरण साहू, रामजी साहू, सीमा जोशी, पिंकी जोशी, पूजा तिवारी,नीलम, कोमल साहू, विशंभर साहू, तेजराम सहित बड़ी संख्या मे बिरमपुर ,घटोली और आन्दू के ग्रामीणो ने हिस्सा लिया ,नव निर्वाचित सरपंच संजय ने कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय, जिला अध्यक्ष बंशी पटेल, महामंत्री ललित विश्वकर्मा और संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कुएं में गिरा चैसिंगा, वन विभाग ने रेस्क्यू कर पशु चिकित्सालय में करवाया उपचार

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र अंतर्गत गेरसा गांव से खबर मिली कि एक सूखे कुएं में चैसिंगा गिरा हुआ है और गिरकर जख्मी भी हो गया है सूचना पर वन अधिकारियों के



निर्देशानुसार क्षेत्र के संबंधित वन अमला तत्काल मौके पे पहुंच ग्रामीणों की मदद से चैसिंगा नस्ल के जानवर को सकुशल कुएं से निकालने रेस्क्यू में जुट गए। जिनमे उन्हें सफ लता भी मिली, तत्पश्चात उसे सुरक्षित जाल में डालकर अधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पशुचिकित्सालय ले जाया गया जहां पता चला कि चैसिंगा के बाएं पैर के पास बड़ा कट लग गया है जिसे काफी जद्दोजहद के बाद टांका लगाकर उपचार किया गया। में गिरा उस वक्त किसी धार लकड़ी या पत्थर से कट लगा होगा और वह जख्मी हो गया। बहरहाल चैसिंगा के उपचार बाद वन विभाग की टीम उसे अपने कस्टडी में सुरक्षित रखे हुए है डॉक्टर से दोबारा चेकअप कराया जायेगा जब तक कि वह स्वस्थ तौर पे जंगल या अभ्यारण में छोडने लायक नहीं हो जाता है फि लहाल घायल चैसिंगा वन विभाग की सुरक्षा में है बता दें,चैसिंगा रेस्क्यू में गेरसा सर्किल अधिकारी, वन कर्मी एवं वन मित्रदल समेत गांव के ग्रामीण शामिल रहे ।

## कोदो-कुटकी व रागी खरीदी के लिए कृषक पंजीयन आवश्यक नहीं

**कवर्धा।** राज्य शासन के मंशनुरूप कबीरधाम जिले में वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की जा रही है। लघु वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से आज तक 845 क्विंटल कोदो का उपार्जन किया जा चुका है। कृषि विभाग के उपसंचालक एमडी डडसेना ने बताया कि इसके लिए कृषकों को पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं है, गिरदावरी के आधार पर खरीदी की जा रही है तथा जो कृषक वन पट्टा धारी हैं अथवा गिरदावरी में जिनका नाम नहीं है ऐसे कृषकों से भी पटवारी, आईओ और फारेस्ट गार्ड के सत्यापन के पश्चात खरीदी की जा रही है।

## अंजता मोबाईल शॉप में लगी भीषण आग शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के दरोगापारा व सिविल लाइन पर गुरूवार की सुबह एक मोबाईल दुकान में अचानक आग लगने से दुकान में रखा मोबाईल के पार्ट्स के अलावा अन्य सामान भी जलकर राख हो गए। दुकानदार को इस आगजनी की जानकारी काफी लेट मिली और जब तक फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचकर आग बुझाती तब तक 90 प्रतिशत सामान जलकर राख हो चुका था। इस संबंध में दुकान के मालिक ने भी बताया कि दुकान के अंदर मोबाईल के पार्ट्स तथा अन्य सामान रखे थे जिसकी कीमत 20 से 25 लाख रूपए है वह पूरा जल गया है। दुकान मालिक का यह भी कहना था कि दुकान में रखे सामान का बीमा नही होनें से बडा नुकसान हुआ है।

## राजकीय, निजी विश्वविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति तत्काल प्रभाव से प्रतिबधिंत

### समस्त कक्षाओं का संचालन ऑनलाईन पद्धति से करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुलदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार कोरोना वायरस नियंत्रण के संबंध में जारी किए गए दिशा- निर्देशों के सम्बंध में जिले में कोविड 19 की बढ़ती स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किया है। उन्होंने जिले के राजकीय, निजी विश्वविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षा सत्र 2021-22 में अध्यापन एवं अध्ययन तहत परीक्षाओं के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति तत्काल प्रभाव से प्रतिबधिंत करते हुए समस्त कक्षाओं का संचालन ऑनलाईन पद्धति से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अमले में एक तिहाई रोस्टर पद्धति से उपस्थित रहने के निर्देश दिये है। रोस्टर डयूटी वाले दिवसों पर शैक्षणिक अमले द्वारा शिक्षण कार्य महाविद्यालय से एवं शेष दिवसों में निवास से ही ऑनलाईन अध्यापन कार्य महाविद्यालय के समस-सारिणी अनुसार नियत समय पर लिया जावे। इसी प्रकार महाविद्यालय के गैर-शैक्षणिक कार्य रोस्टर डयूटी अनुसार उपस्थित कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित होकर किया जायेगा। किन्तु शेष समस्त कर्मचारी वर्क-फ्रॉम होम पद्धति से दूरभाष या ऑनलाईन प्रक्रिया से कार्यो में सहयोग करेंगे। शिक्षा सत्र 2021-22 सेमेस्टर पद्धति वाले सभी पाठयक्रमों की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाईन, ब्लैन्डेड मोड में आयोजित की जाएगा। विश्वविद्यालयों द्वारा इस संबंध में उनकी कार्य परिषद के अनुमोदन से विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये जायेगें तथा किसी भी स्थिति में अधिकारी-कर्मचारी द्वारा अवकाश स्वीकृति कराये बिना तथा सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय का त्याग नही किया जायेगा।

## खेल से अनुशासन और आपसी भाईचारा की भावना बढ़ती है: योगेश

**बेमेतरा।** ग्राम दारगांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथ शामिल हुए। इस दौरान किसान नेता ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। आयोजन समिति की सराहना करते हुए किसान नेता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए इस तरह की स्पर्धा जरूरी है, ताकि अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके। खेल से अनुशासन और आपसी भाईचारा की भावना बढ़ती है। खेल मनुष्य जीवन के लिए आवश्यक है, हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल बेहद जरूरी है। खेल में हार जीत लगी रहती है इसलिए हार से निराश न होकर जीत के लिए और अधिक मेहनत करनी चाहिए। खेल में निरंतर अभ्यास के माध्यम से खिलाड़ियों में खेल की भावना निखरती है। बच्चन साहु, दाऊराम यादव, रामविलास साहु सुरज सोनी मनोज सिन्हा ,अश्वनी राजपुत गोलु .बिरबल निर्मलकर किशन यादव गुडडु साहु गजेन्द्र निर्मलकर विक्की तिवारी सुदामा साहु सहित समिति के प्रमुख लोग उपस्थित थे।



## प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विवि में हुआ आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन



**सक्ती।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू के डायमंड हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया गया तथा, इस कार्यक्रम को ब्रह्माकुमारीज की पूरी देश-दुनिया में फैली सभी शाखाओं द्वारा अपने-अपने संस्थाओं में वृहद रूप से कार्यक्रम का आयोजन कर बड़े एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से इसे देखा गया, एवं शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में टेलीफोन एक्सचेंज के सामने प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित शक्ति कुंज में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर जहां ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बी के तुलसी बहन ने आजादी के अमृत उत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम के अवसर पर अपनी संस्था द्वारा किए जा रहे कायक्रमों की जानकारी देते हुए राजयोग संपन्न कराया तथा राजयोग के प्रत्यक्ष लाभ की भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी, इस दौरान प्रमुख रुप से समाजसेवी रामअवतार अग्रवाल, पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा, अधिवक्ता चितरंजन प्रसाद पटेल, एवं शहर के काफी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं मीडिया के साथी उपस्थित थे, इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मीडिया के साथियों को भी उनके द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए चंदन एवं गुलाब के फूल से उनका अभिनंदन करते हुए संस्था का कैलेंडर एवं सम्मान स्वरूप कलम प्रदान की गई तथा कार्यक्रम का संचालन मधु बहन एवं शकुंतला बहन ने करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी तथा आगंतुक अतिथियों के सम्मान में ब्रह्म भोज का भी आयोजन किया गया।

## मानस गान प्रतियोगिता 27 जनवरी से



**बेमेतरा।** ब्रह्मदेव नवधा सत्संग नवयुवक समिति कुर्मीपारा बेमेतरा द्वारा तीन दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव एवं सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किसान भवन प्रांगण में 27 जनवरी से 30 जनवरी तक रखा गया है यह कार्यक्रम में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए किया जाएगा जिसमें अनेक जिलों के मानस मंडली कार्यक्रम में भाग लेंगे जिसके प्रचार प्रसार के लिए प्रथम दिवस पारा-मोहल्ले में राम कीर्तन प्रभात फेरी प्रारंभ किया गया। राम कथा महोत्सव में मानस मंडलीयों को प्रथम से लेकर सप्तम पुरस्कार तक के पुरस्कार प्रदान एवं सदाबहार दान राशि प्रदान किया जाएगा इसके अलावा रंगोली एवं आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिदिन रहेगा एवं पांच पुरुष एवं पांच महिलाओं श्रेष्ठ श्रोता पुरस्कार देकर समिति द्वारा विशेष सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, अनिल रजक, धनेश वर्मा, अशोक वर्मा, मनोज रजक, कोमल यादव, महेश सिन्हा, उमाशंकर साहू, पिंकू वर्मा, मेहतरू मंडल ,रमेश साहू,रिंकू राजपूत एवं शैलेश वर्मा सहित अनेक आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## अश्लील वीडियो सोशल साइट में अपलोड कर प्रसारित करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार



**बेमेतरा।** थाना बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले आरोपी विवेक निर्मलकर उम्र 19 साल के द्वारा दिनांक घटना समय को सोशल साईट के माध्यम से महिला एवं बच्चो संबंधी अश्लील विडियो को सोशल साईट में अपलोड कर प्रसारित किये जाने पर से NCRB नई दिल्ली द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपी के संबंध में पता की जानकारी निकाल कर इमेल के माध्यम से बेमेतरा जिले को अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया तत्संबंध में थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 67 (ख) आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया एवं थाना स्टाफ को आरोपी का पतासाजी कर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर विवेचना के दौरान थाना प्रभारी बेमेतरा एवं थाना स्टाफ द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले आरोपी विवेक निर्मलकर पिता स्वं. मोहित निर्मलकर उम्र 19 साल को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 20.01.2022 को माननीय न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, सउनि रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, नोहर यादव, रविन्द्र तिवारी, आरक्षक राजकुमार भास्कर, राजेश ध्रुव, लोकेश सिंह, पंचराम घोरबंधे, विक्रम सिंह एवं अन्य स्टाफ का सराहनी भुमिका रही।

## जिले में अब तक 77 हजार 857 किसानों से धान की खरीदी

### 7 हजार 136 मीट्रिक टन धान की गई खरीदी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से किया जा रहा है। जिले में अब तक 77 हजार 857 किसानों से धान की खरीदी की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के कुशल मार्ग निर्देशन मं धान खरीदी का कार्य सभी 66 सहकारी समितियों के 97 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से नियमित रूप से किया जा रहा है। जिले में आज बुधवार 19 जनवरी को शाम 05 बजे तक 07 हजार 136 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसे मिलाकर जिले में अब तक 03 लाख 06 हजार 376 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।


## जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन 20 जनवरी को

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने आज यहां बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन के तहत जिले में रिक्त जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य और सरपंच एवं वार्डो के पंच पद के निर्वाचन हेतु 20 जनवरी 2022 को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा। मतगणना मतदान केंद्रों पर मतदान के तुरंत बाद की जाएगी।

### पूरे देश में समाज बंधुओं को निःशुल्क सेवा दे रहा अग्र मैरिज ब्यूरो बिल्हा

## बिल्हा के अग्र मैरिज ब्यूरो की स्थापना के 3 वर्षों के कार्यकाल में ही प्रयासों से हुए 74 रिश्ते

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर जिले के बिल्हा शहर में विगत 3 वर्ष पूर्व अग्रवाल समाज के विवाह योग्य बच्चों के संबंध तय करने की दिशा में स्थानीय समाज बंधुओं द्वारा एक कदम आगे बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर अग्र मैरिज ब्यूरो की स्थापना की गई थी, तथा इस स्थापना के 3 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं,एवं 3 वर्षो का यह स्वर्णिम समय अग्रवाल समाज के वैवाहिक बच्चों के लिए एक सकारात्मक मंच के रूप में उभर कर आया है,तथा अग्र मैरिज ब्यूरो बिल्हा के गठन को 03 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इसके संयोजक जे पी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री अग्रवाल सेवा समिति बिल्हा द्वारा अग्र मैरिज ब्यूरो बिल्हा का गठन 20 जनवरी 2019 को मेरे स्वतंत्र प्रभार मे किया गया। साथ ही इसमें सहयोगी सदस्य गण- मदन गर्ग,मनोज मंगल, सुभाष गर्ग, प्रकाश बिन्दल, वैभव गोयल का मनोनयन किया गया। जिसमे मदन गर्ग (स्वर्गीय) का स्थान रिक्त है,अग्र मैरिज ब्यूरो बिल्हा, ग्रूप का उद्देश्य वैवाहिक बायोडाटा का समुचित प्रसारण करना एवं समाज को घर बैठे 'बेहतर प्रत्याशी चयन' की निःशुल्क सुविधा प्रदान करना हैं। वैवाहिक मार्गदर्शन एवं आवश्यकता अनुसार मध्यस्थता के भी प्रावधान किये गये हैं, संयोजक जे पी अग्रवाल ने कहा कि ब्यूरो के सफल संचालन हेतु लिखित गाईड लाईन का विनियमन भी किया गया है। जिसमे समय समय पर संशोधन भी किये गये है, वर्तमान मे विवाह योग्य पंजीयत प्रत्याशियों के बायोडाटा 221 से 250 के मध्य रनिंग मे चल रहे हैं, अग्र मैरिज ब्यूरो बिल्हा को प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सकल 74 जोड़ी भावी वर-वधु के रिश्ते परिपक्व हुए हैं। समस्त को ब्यूरो द्वारा बधाई संदेश प्रसारित किये गये है। ज्ञातव्य है, कि बहुत से परिपक्व रिश्तों की सूचनाये ब्यूरो को प्राप्त ही नही हो पाती,विगत वर्षो मे अग्रवाल सेवा समिति बिल्हा सहित सभी अग्र बंधुओं का अपेक्षित सहयोग ब्यूरो को प्राप्त हुआ है, जिसके लिये आप सभी साधुवाद के पात्र हैं, अग्रवाल ने ब्यूरो के उत्साह वर्धन हेतु सभी समाज बंधुओं के सहयोग एवं शुभ कामनाओं की सतत अपेक्षा करते हुए आभार व्यक्त किया है,तथा अग्रवाल ने निःशुल्क ब्यूरो की सकल उपलब्धियों मे निम्न सभी एडमिन्स का सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग विशेष उल्लेखनीय रहने कि भी बात कही है जिसमें सुरेश मंगल बिलहा, प्रह्लाद राय गर्ग बिलहा, विमल गोयल बिलहा, अशोक नौबतका बिलहा, अशोक मंगल गोंदिया, श्यामसुन्दर गोयल लोरमी एवं नरेश सुल्तानिया बिलासपुर है,उपरोक्त मैरिज ब्यूरो से संबंधित अधिक जानकारी के लिए (जे पी अग्रवाल) मोबा - 9424167831 प्रभारी - अग्र मैरिज ब्यूरो बिल्हा, (निःशुल्क अग्र समाज सेवा हितार्थ) से संपर्क किया जा सकता है।

## शादी का प्रलोभन देकर महिला से बलात्कार आरोपी 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**भाटापारा।** प्रार्थीया द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16.जन.2022 रात्रि को आरोपी भोजराम साहू द्वारा



शादी करूंगा कहकर जंगल ले जाकर प्रार्थीया से जबरन शारीरिक संबंध बनाकर जंगल में छोड़ कर भाग गया। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अनु.जाति/जनजाति निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश प्रारंभ किया गया। रिपोर्ट के मात्र 6 घंटे के भीतर आरोपी भोजराम साहू पिता मुकेश साहू उम्र 26 साल निवासी ग्राम बनसांकरा थाना सिमगा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नवागांव मे शिविर का किया गया आयोजन

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत नवागांव में अस्थि बाधित, मूक बाधित, श्रवण बाधित, सिकल सेल, बौद्धिक मंदता दिव्यांगों के प्रमाणीकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र जनरेट और यूनिक आई.डी. बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 149 दिव्यांग उपस्थित हुए, जिनमें से 39 दिव्यांगजानों का प्रमाणीकरण किया गया एवं सभी दिव्यांगों के यूनिक आई.डी कार्ड जनरेट करने के लिए आवेदन फॉर्म लिया गया इसके साथ ही ग्राम पंचायत झाबर के 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग बेचन सिंह काशीपुरी को सहायक उपकरण व्हीलचेयर भी वितरण किया गया।

# छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के चुनाव में हो रही हैं धांधली

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही हैं। मतदान आमतौर पर ऐसे सुगम जगह में किया जाता हैं जहां आम मतदाता आसानी से पहुंच सके। लेकिन चुनाव प्रभारी द्वारा मतदान के लिए सुदूर महासमुंद जिले के बिरकोनी गांव को चुना गया है जो वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रतयाशी के गृह ग्राम एवं उनके रिश्तेदार का क्षेत्र है। झेरिया यादव समाज मे 500 रुपये देकर जो आजीवन सदस्य बनते हैं उन्हें ही मतदान करने का अधिकार है ऐसे सदस्यों की संख्या लगभग 7000 है। एक सुनियोजित तरीके से ऐसे स्थान को चुना गया है जहां कम से कम सदस्य पहुंच सके और वहीं आस पास के चंद लोगों का समर्थन लेकर अपने आप को विजयी घोषित कर पुनः सत्ता पर काबिज हो सके। 13/जन122 को नामांकन दाखिल करने का आखरी दिन था जब कुछ प्रत्यशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने गये तो उन्हें गाली गलौज दे कर भगा दिया गया। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसकी लिखित शिकायत प्रत्यशियों द्वारा पंजीयक रायपुर किया गया है। कई मतदाता जो अध्यक्ष पद के दावेदार थे उन पर झूठा आरोप लगाकर मतदाता सूची से उनका नाम काट दिया गया है। तरेंगा परिक्षेत्र के अध्यक्ष एमएल यादव ने पंजीयक को शिकायत किया है तथा आरोप लगाया है कि जगनिक यादव एवं उनके कार्यकरणी द्वारा सन 2015 में पंजीयन क्रमांक 5066 के संविधान में मनमाने ढंग से संशोधन किया गया है जिसमें विभिन्न धाराओ के तहत 25 हजार से लेकर 40 हजार तक लोगो को दण्डित करने का प्रावधान है। जैसे धारा (13) के अनुसार अंतरजातीय विवाह करने पर उन्हें दो वर्ष के लिए समाज के मुख्य धारा से अलग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता हैं ततपश्चात उनसे 25000 से लेकर 40000 तक दान लेकर समाज में मिलाया जाता है। इसी तरह तलाक होने पर 30 हजार उपवर्ग में विवाह पर 15 हजार दान के रूप वसूल किया जाता है। यहाँ दंड को दान के रूप में परिभाषित किया गया है। दान की राशि दानदाता की इच्छा पर निर्भर करता है ना की दानग्रहीता के ऊपर।

संपादकीय

## कटु यथार्थ
### भूखे से मौतें

**वर्तमान** समय और युग में भी भूख से होने वाली मौतें एक कटु यथार्थ है और सरकार को इसके प्रति अपनी आंखें नहीं बंद करनी चाहिए। मंगलवार को भारत के अटार्नी जनरल ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि हाल में भूख से एक भी मौत नहीं हुई है। लेकिन अदालत ने पुराने डेटा पर आधारित होने के कारण अधिकारी के इस बयान को सतही बताया। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें भूख से होने वाली मौतों से बचने के लिए राष्ट्रीय सामुदायिक रसोई नीति बनाने की मांग की गई है। अधिकारी ने कहा कि केन्द्र को राज्यों से मिलने वाले डेटा पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि वही भूख से मौतों की खबरें देते हैं और उन्होंने हालिया सालों में ऐसी एक भी मौत से इनकार किया है। इस पर अदालत ने तमिलनाडु में भूख से होने वाली एक मौत की मीडिया में आई खबर की ओर संकेत किया। तमिलनाडु के विल्लूपुरम में 19 दिसंबर, 2021 को भूख से मौत की खबर आई थी जहां साढ़े पांच साल के एक बच्चे के शव परीक्षण में उसकी आंतों में कोई भोजन नहीं मिला था। इसका अर्थ था कि बच्चे को मौत से कम से कम दो दिन पहले से भोजन नहीं मिला था। जुलाई, 2018 में दिल्ली में तीन बच्चों की भूख से मौत की खबर आई थी। अधिकारियों ने मौतों की खबर की पूर्णतः पुष्टि के लिए दूसरी बार शव परीक्षण किया था। ऐसे में यह कहने का कोई औचित्य नहीं है कि भूख से मौतें नहीं हो रही हैं। वर्तमान डेटा से संकेत मिलता है कि बच्चों में भूख से पहले वाले चरणों में होने वाली मौतें हो रही हैं। भोजन की पूर्ण अनुपस्थिति भुखमरी का कारण बनती है। लेकिन बीच-बीच में भोजन मिलने पर भूख से होने वाली मौत का कारण कुपोषण होता है जिससे बच्चे बौने होते है तथा उनकी बढ़वार बाधित होती है। ऐसे में भूख के शिकार व्यक्ति को न केवल भोजन, बल्कि पौष्टिक भोजन की जरूरत होती है।

भारत की खाद्य सुरक्षा नीति में भूख को कुपोषण के एक आयाम की तरह देखा गया है। भोजन में केवल चावल खाने वाला व्यक्ति भले ही भूख का अनुभव न करे, लेकिन उसमें पोषण संबंधी कमियां आ जाती हैं। आज लाखों लोग दिन में एक बार भोजन की व्यवस्था कर पाते हैं और कभी-कभी उससे भी वंचित रहना पड़ता है। वैश्विक महामारी ने भोजन तक पहुंच को और कठिन बना दिया है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि भारत के घरों में आश्चर्य जनक रूप से भोजन तथा जल्दी खराब होने वाली चीजों की बरबादी होती है तथा हर साल भारत भर के गोदामों में टनों अनाज सड़ जाता है। सरकार को भोजन में विविधता सुनिश्चित करने के साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गरीबों को जैव स्रोतों से समुचित मात्रा में सस्ता भोजन मिले। एक मामूली पोषक भोजन की कीमत आज लगभग 30 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। गरीबों को वर्तमान समय में हस्तांतरित नकदी से चार लोगों का परिवार एक महीने भी जीवित नहीं रह सकता है। इसी कारण खाद्य नीति को तार्किक बनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में भारत के पास अतिरिक्त खाद्यान्न हैं। गरीबों को इसलिए सामान्य मासिक राशन की तीन गुना पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है, भले ही उनके पास राशन या आधार कार्ड हो अथवा नहीं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार कर इसमें अनाज और दालों के साथ आवश्यक चीजों, जैसे, अंडों, दूध व फलों को शामिल किया जा सकता है। कुछ राज्य आंगनबाड़ी व्यवस्था से बच्चों और माताओं को अंडे उपलब्ध करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों और बीजों का प्रयोग कर वैकल्पिक भोजन विकसित किया जा सकता है जिसमें समुचित पोषक तत्व हों और उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। हम यह काम मध्यान्ह भोजन में अंडों तथा फलों या दूध को अनिवार्य रूप से शामिल कर कर सकते हैं। इस प्रकार केवल भोजन के बजाय समुचित पोषण एक समतावादी कदम होगा।

# उम्माह और उसका इजराइली जुड़ाव

## कभी-कभी वास्तविक और कभी-कभी केवल कल्पना में, इज़राइल की हमेशा-वर्तमान छाया इस्लामी दुनिया में चल रही घटनाओं पर भारी पड़ती है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



इज़राइल के साथ फिक्सेशन उम्मा (पैन-इस्लामिक समुदाय) को परेशान करता है, कभी-कभी विश्वसनीय रूप से, कभी-कभी रचनात्मक रूप से कल्पना की जाती है। यहां तक कि दूर, बहुसांस्कृतिक और बहु-इकबालिया (मुस्लिम बहुमत के साथ) मलेशिया शिलालेख के साथ अपने पासपोर्ट पर जोर देता है ''यह पासपोर्ट इज़राइल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य है।'' किसी भी इजरायल-मलेशियाई आयाम को घेरने वाली कोई क्षेत्रीय या व्यावसायिक असहमति नहीं है, फिर भी पूर्व मलेशियाई नेता मोहम्मद महाथिर ने इसे ''लुटेरों का राज्य'', ''दुश्मन'' कहा था और यहूदियों को ''हुक-नोज्ड'', ''प्रॉक्सी द्वारा इस दुनिया पर शासन'' के रूप में वर्णित किया था। आदि। इस गहरी जड़ वाले गुस्से के केंद्र में 7 मिलियन से कम यहूदियों की आबादी वाले देश, इज़राइल के एक संकीर्ण हिस्से द्वारा फिलिस्तीन का भावनात्मक और अनसुलझा मुद्दा है, जो लगभग 2 के वैश्विक उम्मा में कई लोगों को परेशान और परेशान करता है। अरब। यहां तक जब उम्मा खुद सांप्रदायिक, जातीय और राजनीतिक प्रकृति की असहमति में फंसी हुई है - लगभग सभी इजरायलियों के खुले या गुप्त हाथ को ला 'जियोनिस्ट कॉन्सपिरेसीज' कहते हैं, जो उनकी कथित समस्याओं को संदर्भित करता है। वास्तव में, इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद अपने संप्रभु हितों की रक्षा में एक अति-घुसपैठ भूमिका निभाती है, लेकिन शायद उतनी काल्पनिक रूप से नहीं जितनी कि लोकप्रिय कल्पना की गई थी।

सुदूर देशों में हाल की तीन, एक साथ और पूरी तरह से असंबंधित घटनाएं इस इजरायली-यहूदी आकर्षण को दर्शाती हैं। पाकिस्तानी मूल की एक अमेरिकी नागरिक, एमआईटी-प्रशिक्षित न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ आरिफा सिद्दीकी, जो वर्तमान में अफगानिस्तान में हिरासत में रहते हुए अमेरिकी सेना और एफबीआई अधिकारियों पर गोली चलाने के आरोप में अमेरिका में 86 साल के लिए दोषी है, एक बंधक नाटक के केंद्र में थी। गहन रूप से पालन किए गए और विवादित मुकदमे में साज़िश, प्रतिवाद और अस्पष्ट निशान के सभी तत्व थे और पाकिस्तान सरकार को सार्वजनिक रूप से, व्यर्थ में अपने मामले का बचाव करने के लिए मजबूर किया गया था। हालाँकि, लंबे समय से चली आ रही अदालती कार्यवाही के दौरान, उसने अपने वकीलों को नौकरी से निकालने की कोशिश की क्योंकि वे यहूदी थे और उसने अदालतों को स्पष्ट रूप से लिखा था कि यहूदी ''क्रूर, कृतघ्न और पीठ में छुरा घोंपने वाले'' लोग थे! हाल ही में, टेक्सास के एक छोटे से शहर में एक बंदूकधारी ने एक आराधनालय में चार बंधकों को ले लिया, जिसमें निवासी रब्बी भी शामिल था - बंधक लेने वाले की एकमात्र मांग कैद में रखी गई 'लेडी अल कायदा' डॉ आरिफा सिद्दीकी की कथित रिहाई थी।

पाकिस्तानी मूल के एक दोषी आतंकवादी के लिए आराधनालय, रब्बी और बंधक नाटक का गप्पी प्रतीकवाद और संयोजन अफगानिस्तान से उठाया गया - सामान्य मिश्रण, किसी तरह इज़राइल/यहूदियों को एक ही, शायद अनुचित रूप से मिलाना। लगभग उसी समय, शिया ईरानी नेतृत्व और सुन्नी सऊदी अरब शाही परिवार के बीच लंबे समय से सांप्रदायिक शैडोबॉक्सिंग के हिस्से के रूप में, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स नेवी के कमांडर जनरल अलीरेज़ा तांगसिरी द्वारा एक अभूतपूर्व आरोप, दूसरे को शर्मसार करना चाहता है। उन्होंने निहित किया कि सऊदी शाही परिवार यहूदियों के वंशज हैं जिन्होंने पवित्र पैगंबर से लड़ाई लड़ी थी, ''हम एक मुस्लिम देश में अन्याय को देखने के लिए सहन नहीं कर सकते हैं जो कि ज़ायोनी और यहूदियों के बीज द्वारा किया जाता है'', जोड़ते हुए, ''ये बहुत समान हैं'' यहूदी, और मैं ज़ायोनीवादियों को बेहतर कहूंगा, जिनके दिल कभी भी इस्लाम के साथ नहीं जुड़े हैं, और यहां तक कि अपने समय में पैगंबर के साथ भी।'' फिर से, उम्माह के भीतर राजनीतिक दोष खेल को ज़ायोनीवाद और यहूदियों के परिचित वॉटरमार्क को लागू करके, उसी से जुड़े कलंक और नफरत के बाद, चाहे वास्तविक इतिहास या इज़राइल के आधुनिक राज्य के पास कुछ भी हो, को हल करने की मांग की गई थी। उसी के साथ।

समवर्ती रूप से, तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर कुख्यात लीबियाई सरदार, खलीफा हफ्तार से संबंधित एक निजी विमान की रहस्यमय लैंडिंग के साथ उम्मा के अपरिवर्तनीय अनुयायियों के भीतर काल्पनिक इज़राइली कनेक्ट (इस बार अधिक अमिट रूप से) का एक और भयानक दर्शक सामने आया। गद्दाफी के बाद के युग में लीबिया की लूट के लिए विभिन्न गुटों (विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शक्तियों द्वारा समर्थित) के साथ हिंसक झड़पों में उलझे हुए, खलीफा को सीरिया, रूस और अविश्वसनीय रूप से, यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात जैसी शक्तियों द्वारा समर्थित माना जाता था, जो इसके बजाय चरमपंथियों को बाहर रखने के लिए खलीफा में एक गद्दाफीस तानाशाह।

इसलिए, जबकि खलीफा की दासता और वर्तमान लीबिया के प्रधान मंत्री अब्दुलहमीद मोहम्मद दबीबेह के बारे में माना जाता है कि उन्होंने हाल ही में मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया से इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए मुलाकात की थी - फिर भी यह उनकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन लेने के लिए इज़राइल में खलीफा के विमान की असली लैंडिंग है। , जो उम्मा की गड़बड़ी में इजरायल की स्वीकृति की मात्रा बोलता है। किसी भी घरेलू बिजली बोली में इजरायल का समर्थन हासिल करने के महत्व का स्पष्ट संकेत, भले ही हजारों किलोमीटर दूर हो, अचूक है।

इज़राइल आधिकारिक तौर पर उम्माह के भीतर हंगामे में किसी भी हानिकारक भूमिका से इनकार करता है, हालांकि इसने अरब दुनिया में अब-अतिवाद से सावधान शेखडोम के साथ रणनीतिक पैठ बना ली है। इसने स्पष्ट रूप से संयुक्त अरब अमीरात में एक दूतावास खोला है और बहरीन और मोरक्को में जल्द ही ऐसा करने की योजना है (इसमें पहले से ही जॉर्डन और मिस्र में एक है)। सऊदी अरब के उत्तराधिकारी, मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) को भी उन खबरों को अस्वीकार करना पड़ा कि उन्होंने पिछले साल नियॉन के लाल सागर बंदरगाह पर तत्कालीन इजरायली प्रधान मंत्री नेतन्याहू से गुप्त रूप से मुलाकात की थी।

स्पष्ट रूप से, बहुत सारी बैकरूम साजिशें, साजिशें और भावनाएं 'इजरायल कनेक्ट' में निहित हैं जो क्षेत्रीय उथल-पुथल के पीछे हैं - यह कितना वास्तविक या काल्पनिक है, अनुत्तरित है लेकिन जो सच है वह यह है कि फिलिस्तीन का मुद्दा बैकबर्न पर है , और इज़राइल पहले से कहीं ज्यादा मजबूत दिखता है।

# अनमोल है रेल यात्रियों का जीवन

**सुधांशु मणि**
(लेखक भारतीय रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक हैं)



पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुरी क्षेत्र में स्थित डोमाहानी में 13 जनवरी को शाम लगभग पांच बजे बीकानेर-गोहाटी एक्सप्रेस के कुछ कोचों के पटरी से उतर जाने के कारण नौ यात्रियों की मौत हुई तथा लगभग 40 अन्य घायल हो गए। इसके कारण पटरी से उतरे लगभग 12 कोच दूसरे कोचों पर चढ़ कर नष्ट हो गए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि वे व्यक्तिगत रूप से बचाव उपायों की निगरानी कर रहे हैं। मृतकों के परिवारों को 5 लाख, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख तथा सामन्य चोट वालों को 25,000 रुपये देने की घोषणा हुई। हालिया वर्षों में भारतीय रेलवे का सुरक्षा रिकार्ड बेहतर हुआ है।

आंकड़ों में होने के बजाय यदि रेलवे क्रासिंग पर दूसरे वाहनों से टकराने वाली घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो हताहतों की संख्या में भारी कमी आई है क्योंकि ऐसी दुर्घटनाओं के लिए रेलवे सीधे जिम्मेदार नहीं है। इसके अनेक कारण हैं जिनमें पटरियों व संबंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एलएचबी कोचों की संख्या में कमी है। एलएचबी कोचों का विकास जर्मनी की लिंके-होफमैन-बुश ने किया था। उनको 'एंटी टेलिस्कोपिक' माना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे उलटते नहीं हैं तथा सीधे टकराने पर मुड़ते नहीं हैं। ये कोच स्टेनलेस स्टील के होते हैं तथा उनकी भीतरी डिजाइन एल्यूमीनियम से बनाई जाती है ताकि वे परंपरागत डिब्बों की तुलना में हल्के हों। तेज गति पर बेहतर ब्रेकिंग के लिए उनमें 'एडवांस न्यूमैटिक डिस्क ब्रेक सिस्टम' लगा होता है। ये आधुनिक कोच ज्यादा यात्रियों को ले जा सकते हैं, उनकी गति क्षमता अधिक होती है तथा वजन में हल्के होने के कारण उनका जीवन लंबा होता है। लेकिन इस दुर्घटना ने एक बार फिर सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता उजागर की है ताकि हताहतों की संख्या कम हो सके। दुर्घटनाओं के अनेक कारण होते हैं और इस मामले में एक ट्रैक्शन मोटर के पटरी पर गिरने से ट्रेन पटरी से उतरी थी। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि इसे बहुत मजबूती से जोड़ा जाता है।



हमारे सामने विचार यह होना चाहिए कि सारी सावधानियों व उपायों के बावजूद पटरी से ट्रेन उतरने पर हताहतों के आंकड़े न्यूनतम रखने के लिए कोचों को न्यूनतम नुकसान सुनिश्चित करना होगा। कहा जा रहा है कि यदि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के पुराने आईसीएफकोचों के स्थान पर ट्रेन में केवल एलएचबी किस्म के कोच हों तो कोई भी जीवन नष्ट नहीं होगा। यह कथन अपने आप में सही है क्योंकि अनेक दुर्घटनाओं से सिद्ध हुआ है कि तेज गति पर एलसीएफ कोच पटरी से उतर जाते हैं तथा एक दूसरे पर चढ़ कर बड़ी संख्या में हताहतों का कारण बनते हैं, जबकि एलएचबी कोचों के साथ ऐसी दुर्घटनाओं में किसी को चोट नहीं लगती है और निश्चित रूप से कोई मरता नहीं है।

भारतीय रेल में मुख्यतः दो प्रकार के कोच प्रयोग होते हैं। इनमें से एक 1950 के दशक में डिजाइन आईसीएफ कोच तथा दूसरे जर्मन डिजाइन के एलएचबी कोच हैं जिनका 1990 के दशकांत में आयात किया गया था। हल्के कोच की डिजाइन में एक कपलर शामिल है जो दूसरे कोच के कपलर से मजबूती से जुड़ा होता है। यह कोचों का पार्श्व या ऊपर-नीचे खिसकना रोकता है तथा पटरी से उतरने पर भी कोच एक दूसरे पर चढ़ते नहीं हैं। दूसरी ओर आईसीएफकोचों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होती है और वे रेल के पटरी से उतरने पर अपनी ऊर्जा के कारण एक दूसरे पर चढ़ जाते हैं। इसके अलावा हालिया ट्रेन 18 किस्म के कोच और ज्यादा सुरक्षित हैं क्योंकि उनमें अर्ध-स्थाई कपलर, एंटी-क्लाइंबिंग फीचर तथा सुरक्षित ढांचागत डिजाइन शामिल हैं। ऐसी दुर्घटना के बाद काफी शोरशराबा मचता है कि भारतीय रेलवे तेजी से एलएचबी कोच लगाने में विलंब कर रही है। लेकिन रेलवे इस मुद्दे से 2017 से निपट रही है, जब अनेक दुर्घटनाओं के बाद उसने आईसीएफकोच बनाना पूरी तरह बंद कर दिया था तथा उनके स्थान पर विनिर्माण की सीमाओं को देखते हुए एलएचबी कोच शामिल किए जा रहे थे। समस्या यह है कि बड़ी संख्या में आईसीएफकोच हमारे पास हैं और अभी उनका लंबा जीवन बचा है क्योंकि यह 25 साल होता है। वर्तमान समय में भारतीय रेलवे के पास लगभग 40,000 आईसीएफकोच तथा 25,000 एलएचबी कोच हैं। इसका अर्थ है कि अनेक तेज चलने वाली ट्रेनों में भी आईसीएफकोच लगे हैं। अतीत की तरह कोई रेल दुर्घटना होने पर काफी शोरशराबा मचता है और आईसीएफ कोचों को पटरियों पर दौड़ने वाले ताबूत तक कहा जाता है। यह एक प्रकार का अतिवाद है क्योंकि इस प्रकार के कोचों ने 1950 के दशक से भारतीय प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हालांकि, रेल यात्रियों का जीवन हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, पर हाल में मुख्यतः सोशल मीडिया के कारण उसे और ज्यादा महत्व मिला है और यह ठीक भी है। ऐसे में कुछ कठोर उपायों की आवश्यकता है। अत्यधिक जल्दबाजी में आईसीएफ कोचों को कबाड़ में बदलने के बजाय उनका स्थान लेने के लिए बड़ी संख्या में एलएचबी कोच बनाने की आवश्यकता है।

## फरमाया



**गोवा** परिवर्तन चाहता है और इस तटीय राज्य में आम आदमी पार्टी को जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**मेरा** मानना है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में पूर्ण युद्ध नहीं चाहते हैं और अगर वह एक सैन्य घुसपैठ के साथ आगे बढ़ते हैं तो उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**नौजवान** अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं और ये ही वे चीजें हैं जो एक देश को मजबूत बनाती हैं।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## आनलाइन कारोबार

**देशभर** में तेजी से पांव पसारते आनलाइन कारोबार को पहली बार उपभोक्ता कानून के दायरे में लाया गया है। किसी भी उपभोक्ता की शिकायत मिलने पर अब ई-कारोबारी कंपनी को अड़तालीस घंटे के भीतर उस शिकायत को स्वीकार करना होगा और एक महीने के भीतर उसका निस्तारण भी करना होगा। बाजार में उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून बनाए गए। लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम अस्तित्व में आया, तब से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित व कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग तो प्रशस्त हुआ ही, साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां व प्रतिष्ठान भी अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रति सचेत हुए। लेकिन इतना सब कुछ होने के बावजूद उपभोक्ता का शोषण होने का सिलसिला थमा नहीं। यह कारोबार को उपभोक्ता कानून में हराने के बाद अब हर शहर से लेकर छोटे कस्बों तक खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच के लिए नींबू और बेटियां खुली जानी चाहिए ताकि उपभोक्ता अपने द्वार खरीदी गई खाद्य वस्तुओं का लेप परीक्षण कराकर संतुष्ट हो सकते।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## बजट में आमजन को राहत

**केंद्र** सरकार का बजट आने वाला है। आम जनता को आय के हिसाब से तीन वर्गों में बांटा जा सकता है उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग व निम्न आय वर्ग। यूं तो सारी आम जनता महंगाई से त्रस्त हैं , पर हर बार सबसे ज्यादा महंगाई की मार मध्यमवर्ग पर ही पड़ती है। पिछले 2 वर्षों से कोरोना के कारण मध्यमवर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है एक तो प्राइवेट काम करने वाले लोगों की नौकरियां छूट गई ऊपर से बीमारी में उनकी बची हुई जमा पूंजी खत्म हो गई और उन्हें कर्जा भी लेना पड़ा अब तीसरे साल भी वही हालात उत्पन्न हो रहे हैं। सरकार ने निम्न वर्ग को तो अनेकों सुविधाएं दी उन्हें जीवन यापन हेतु मुफ्त राशन दे रही है उनके खातों में विभिन्न तरीकों से पैसे जमा किए। उच्च आय वर्ग को इन सब से कोई ज्यादा फर्क ही नहीं पड़ा, पर मध्यमवर्ग को महंगाई एवं कोरोना से उत्पन्न कठिन आर्थिक अभाव से राहत देने के लिए कुछ नहीं किया गया। सरकार ने निम्न आय वर्ग को विभिन्न तरह की राहत जैसे की मुफ्त अनाज और पैसे एवं सब्सिडी देने के लिए पेट्रोल के दामों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम घटने के बावजूद देश में कोई कमी नहीं की जिसका सबसे अधिक भार मध्यमवर्ग पर पड़ा।

– **अतिवीर जैन**, 'पराग' , मेरठ

## प्रोटोकाल का पालन

**5** जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के पंजाब के फिरोजपुर यात्रा के दौरान प्रोटोकाल के अनुसार राज्य के मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को साथ यात्रा करना था। लेकिन दोनों ही अधिकारी प्रधानमंत्री के साथ नही गए। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल द्वारा मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को नेताविपक्ष शुभेंदु अधिकारी को झारग्राम जाने से पुलिस के रोकने की जानकारी देने के लिये 8 जनवरी को बुलाया था।दोनो ही जिम्मेदार अधिकारी राज्यपाल से मिलने नही पहुँचे और न दूसरे अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के लिये भेजा। राज्यपाल द्वारा शुभेन्दु अधिकारी की शिकायत के बाद राज्य के दोनों अधिकारियों को बुलाया था। शुभेंदु अधिकारी को पुलिस द्वारा रोकने का कार्य गैर जिम्मेदाराना था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था। नेताविपक्ष को के आवागमन पर कोई प्रतिबन्ध नही होना चाहिये। राज्यपाल धनखड़ ने एक सप्ताह के अंदर मुख्यसचिव से जवाब देने को कहा। देश मे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कृत आचरण पर सवाल उठ रहे हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

# उभरते कॉर्पोरेट इको सिस्टम में प्रतिमान विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय कुम्हारी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे और कुलसचिव डॉ. रवि किरण पटनायक ने मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. वाय. एस. चौधरी, सांसद एवं पूर्व राज्य मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, संचालक प्रबंधन संस्थान, प्रॉक्टर और अधिष्ठाता प्रबंधन अध्ययन प्रबंधन शिक्षा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, अतिथिद्वय ने ऑनलाइन रहकर इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्वागत भाषण देते हुए विश्व विद्यालय के कुलपति ने कहा कि, यह हमारे लिए खुशी की बात है कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन वाणिज्य और प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया। आप विशेषज्ञों की मौजूदगी से इसका गौरव बढ़ा है। सम्मेलन के विषय मे प्रकाश डालते हुए कुलपति ने कहा कि वर्तमान में वाणिज्य और प्रबंधन के क्षेत्र में नई-नई विधियां और तकनीकें बनाई जा रही हैं। यह निश्चित रूप से संबंधित लोगों की ऊर्जा, उत्साह और समझ का प्रतिबिंब है। यह तकनीक 'कर सकते हैं' के बजाय 'करेंगे' पर केंद्रित होगी। इन विषयों पर नए प्रतिमान और नई तकनीक से व्यापार जगत का विकास होगा। साथ ही उद्यमियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज के युवा कल के रोजगार सृजन और नवाचार के लिए औद्योगिक क्रांति को गति देंगे, यह प्रतिमान वाणिज्य, व्यवसाय, प्रबंधन के क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और अन्य देशों के साथ व्यापार परंपरा के संबंधों को मजबूत करेगा।




आज हमारा नजरिया विकास के पारंपरिक मॉडल से आगे बड़ चुका है। हमारा उद्देश्य मजबूत एवं आर्थिक रूप से सशक्त भारत बनाना है। मुख्य अतिथि डॉ. वाय. एस. चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की योजनाएं ऐसी भी हैं जो विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर के विद्यार्थी हैं, उन्हें उनके विषय क्षेत्र में कुशल बनाना साथ ही उद्धमिता के क्षेत्र में उनका मार्गदर्शन करती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधन विभाग के प्रोफेसर डॉ. ए. के. श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि, कारपोरेट के क्षेत्र में उच्च प्रतिमान को स्थापित करने की जरूरत है। आज विभिन्न स्तरों पर प्रबंधन को उपभोक्ता केंद्रित व्यवसाय के रूप में देखा जाता है। परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है, इसका निर्वहन हम तभी कर सकते हैं जब समाज हमें स्वीकार करेगा। 5-सी की व्याख्या करते हुए उन्होंने समन्वय, संयोजन प्रतिबद्धता, सम्प्रेषण और सहयोग पर अपनी बात समाप्त करते हुए उन्हें अपनाने और इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कहा। सिक्किम के कुलपति डॉ. जगन्नाथ पटनायक ने अपने संबोधन में कहा कि आज व्यवसाय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं और देश-विदेश में अनुसंधान के लिए नई तकनीक और संसाधन तैयार किए जा रहे हैं, जिसका प्रभाव व्यापार, व्यवसाय व प्रबंधन के अंतर्गत वर्तमान में दिखाई दे रहा है। आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय देहरादून के कुलपति डॉ. रामकरण सिंह, ने अपने संदेश में कहा कि भविष्य में उद्यमिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रथम सत्र में विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. रवि किरण पटनायक ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कुलपति एवं संयोजकों को इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सक्रिय भूमिका के लिए बधाई दी और कहा कि निश्चित रूप से इस वेबिनार के माध्यम से कुछ नए तरीके और नई चीजें सामने आएंगी जो व्यवसाय वाणिज्य एवं प्रबंधन के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित करेगी। इस आयोजन के दूसरे सत्र में स्काईलाइन यूनिवर्सिटी, नाइजीरिया के कुलपति डॉ. वी. वी. अजीत कुमार उपस्थित थे, जिन्होंने इस सम्मेलन के उपयोगी और सार्थक विषय विशेष के संदर्भ में, वाणिज्य और व्यापार से संबंधित मुद्दों को हल करने के साथ-साथ इस सम्मेलन को उपयोगी और सार्थक बताया। समर्थन नवाचार के रूप में। उन्होंने सभी शोध कर्ताओं, प्रतिभागियों और समन्वयकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। दूसरे सत्र में आईडीबीआई बैंक के कार्यपालक निदेशक प्रदीप दास ने व्यापार और प्रबंधन के क्षेत्र में बैंक की भूमिका एवं उसके दायित्व की बात कही एवं आर्थिक स्तर पर इनके प्रभाव को आंकड़े सहित पीपीटी के माध्यम से बताया। सम्मेलन के दूसरे दिन आई. सी. एफ. ए. आई. के प्रोफेसर आनंद ने आमंत्रित अतिथियों का परिचय दिया, जिसमें की नोट स्पीकर लेफ्ट. रिटायर्ड जनरल अरविंद सिंह लाम्बा ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि किसी भी पर्यावरण के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं राष्ट्रीय सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा- हमें प्रत्येक तत्व को सूक्ष्म दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। आपने विस्तारपूर्वक समझाया और जियो पॉलिटिक्स, आत्म निर्भरता और तकनीक पर विशेष जोर दिया और उनके प्रभावों पर चर्चा की। चिकित्सक हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मैरी जेसिका ने अपने संदेश में कहा कि उभरती कॉर्पोरेट प्रणाली में विभिन्न परियोजनाएं चल रही हैं, जिसमें विभिन्न मुद्दों और उनके समाधान के लिए नए दृष्टिकोण स्थापित किए जा रहे हैं। इसमें सामाजिक मुद्दों की पहचान से लेकर व्यवसाय मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए एक रूपरेखा भी शामिल है। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को लागत लाभ के पुराने नजरिये से ना देखकर प्रत्येक क्षेत्र में मुख्य रूप से सामाजिक जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में ग्राम भरदा में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीणों को दी गई तकनीकी प्रशिक्षण




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को दिए जाने वाले नल जल कनेक्शन के सुचारू रूप से संचालन हेतु ग्राम स्तर पर स्थानीय लोगों को पंप ऑपरेटर, हेल्पर, प्लंबर जैसे तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला जारी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके धनंजय ने बताया कि जिले के गुरुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम भरदा में कोविड के समस्त प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अभियंता के .के. लिमजे ने प्रशिक्षण एवं जल जीवन मिशन के उद्देश्य को उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशिक्षणार्थियों से साझा किया। प्रशिक्षण में ग्राम कपरमेटा, धानापुरी, भरदा, तार्री, सोरर, कोसमी, नहंदा, करियाटोला, ओड़ेनाडिही के 42 प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षणार्थियों ने भी काफी उत्सुकता से अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षक को अपना सहयोग प्रदान किया एवं नवीन जानकारी के बारे में जानने की कोशिश की। प्रशिक्षण के पूर्व समस्त प्रशिक्षणार्थियों को मास्क वितरण भी किया गया एवं कोरोना के समस्त प्रोटोकाल के नियमों के पालन के लिए निर्देशित किया गया। शैक्षणिक भ्रमण हेतु भरदा के ओवर हेड टैंक कंट्रोल रूम का विजिट कराया गया। तकनीकी जानकारी भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।

# जिला अस्पताल में पोस्ट कोविड ओपीडी का संचालन शीघ्र शुरू करें : जनमेजय महोबे

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिला अस्पताल में पोस्ट कोविड ओपीडी का संचालन शीघ्र शुरू करें। पोस्ट कोविड ओपीडी में कोरोना पॉजिटिव मरीज ठीक होने के पश्चात किसी भी शारीरिक समस्या की स्थिति में उपचार व परामर्श ले सकेंगे। श्री महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने विकासखंडवार प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कोरोना जांच, कोविड-19 के कुल धनात्मक प्रकरण व उपचार उपरांत स्वस्थ्य हो चुके मरीजों की संख्या, होम आइसोलेशन व कोविड अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कोरोना संक्रमित मरीजों का बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुरूप कोरोना जांच करें। उन्होंने संक्रमित मरीजों के प्राथमिक संपर्क में आने वाले लोगों के कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि हेल्थ केयर वर्कर भी कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्य करे।

### 43 हजार 602 बच्चो को लगाई जा चुकी हैं वैक्सीन

कलेक्टर महोबे ने जिले में 15 वर्ष से 18 वर्ष आयुवर्ग के बच्चो के कोविड-19 वैक्सीनेशन की प्रगति की जानकारी ली और शतप्रतिशत लक्ष्य शीघ्र हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए जनजागरूकता गतिविधियॉ नियमित रूप से जारी रखें। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि 15 वर्ष से 18 वर्ष आयुवर्ग के 43 हजार 602 बच्चो को कोविड-19 का वैक्सीन लगाया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 89.10 प्रतिशत है। कलेक्टर ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के हितग्राहियों को टिफिन के माध्यम से प्रदाय किए जा रहे गरम भोजन व रेडी टू ईट की जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत 3 वर्ष तक के 2 हजार 912 कुपोषित बच्चों और 2 हजार 294 शिशुवती एनीमिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी प्रकार 5 हजार 667 गर्भवती महिलाओं और 3 वर्ष से 6 वर्ष तक 27 हजार 512 बच्चों को गरम भोजन प्रदाय कर लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम गुण्डरदेही भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम बालोद जीडी वाहिले, डिप्टी कलेक्टर आरएस ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एसके सोनी, डॉ ग्लैड, डॉ. देवेंद्र साहू, डॉ. संदीप मेश्राम जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

# बालोद जिले के ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस बनाने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य जारी

पायनियर संवाददाता
◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) अंतर्गत जिले की 435 ग्राम पंचायतें ओडीएफ है। उन्होंने बताया कि बेसलाईन सर्वे के अनुसार जिले में कुल 71 हजार 701 शौचालय का निर्माण किया गया साथ ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार बढ़े हुए परिवार हेतु एलओबी अंतर्गत 5 हजार 299 तथा एनओएलबी अंतर्गत 619 शौचालय का निर्माण किया गया है। ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत फेस-01 में वार्शिक कार्य योजना के अनुसार जिले का कुल लक्ष्य 80 था, जिसे निर्धारित समय में पूर्ण कर 80 ग्रामों में कचरा कलेक्शन एवं प्रबंधन का कार्य जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस बनाने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 138 ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण शेड एवं पेयजल के समीप शोकपीट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट आगामी दिनों में लगाया जाना है। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का निपटान किया जाएगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आगे बताया कि स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण 2021 अंतर्गत जिले के 22 ग्रामों का भ्रमण एवं अवलोकन का कार्य दल द्वारा किया गया है उक्त आधार पर जिले की रैंकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों लाटाबोड़, कलंगपुर, पोण्डी, नेवारीकला, बीरेतरा, लोण्डी, खपरी, भोईनापार, नवागांव, चिचबोड़, परसदा में शत्प्रतिशत शौचालय उपयोग के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी, उक्त ग्राम पंचायतों में आवश्यक सुधार कर सरपंचों द्वारा स्वच्छाग्राहियों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को शत्प्रतिशत शौचालय उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छाग्राहियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर जगरूकता अभियान चलाकर एवं रैली नारा लेखन के माध्यम से शौचालय के उपयोग की महत्ता को ग्रामीणों को बताया जा रहा है।

## जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान का उठाव सुचारू रूप से जारी, 2 लाख 98 हजार मेट्रिक टन से अधिक का हुआ उठाव

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ ही धान का उठाव भी सुचारू रूप से जारी है। जिला विपणन अधिकारी राहुल अंड्रस्कर ने बताया कि 19 जनवरी 2022 की स्थिति में जिले के 138 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 4 लाख 3 हजार 375.84 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उपार्जन केन्द्रों से धान के निराकरण हेतु मिलर्स को 1 लाख 92 हजार 63.30 मेट्रिक टन डीओ तथा 1 लाख 6 हजार 65 मेट्रिक टन का परिवहन आदेश कुल 2 लाख 98 हजार 128.30 मेट्रिक टन (73.91 प्रतिशत) धान उठाव हेतु आदेश जारी किया गया है। धान उठाव में तेजी लाने हेतु धमतरी जिले के मिलर्स के माध्यम से भी धान का उठाव कराया जा रहा है। बफर स्टाक वाले धान उपार्जन केन्द्रों में प्राथमिकता से मिलर्स को डीओ तथा परिवहन आदेश जारी कर धान उठाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 2022 की स्थिति में 2 लाख 12 हजार 265.24 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जो कि उपार्जित मात्रा का 52.62 प्रतिशत है।

# अंतर जिला बकरी चोरों के गिरोह पर बड़ी कार्यवाही 3 आरोपी गिरफ्तार

### दुर्ग व कवर्धा में सक्रिय चोरों के गिरोह ने, क्षेत्र में भेड़/बकरी चोरी जैसी वारदातों को दिया था अंजाम

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

थाना अंडा के ग्राम निकुम में दिनांक 17,18.01.2022 को दरमियानी रात को पुरानी बस्ती निकुम में 13 नग भेड़ व 01नग बकरी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। जिस संबंध में थाना अंडा में अपराध क्रमांक 11/ 2022 धारा 457,380 भा द वि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बद्री नारायण मीणा के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग ग्रामीण अंनत साहू पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में घटनास्थल का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को अत्यावश्यक दिशा निर्देश दिया गया, पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल






ग्राम निकुम आने जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज एवं घटना के दिन आने जाने वाले के संबंध में आसपास ग्रामीणों से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपने मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपीगणों की सघन पता तलाश प्रारंभ की गई टीम द्वारा सीसीटीवी तकनीकी साक्ष्य की मदद से आरोपियों के संबंध में पुख्ता जानकारी होने पर पुलिस टीम रवाना की गई जिसमें -अरुण कुमार उर्फ छोटू धृतलहरे पिता आशा राम धृतलहरे उम्र 28 वर्ष पता भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन महाराणा प्रताप चौक के पास पेट्रोल पंप के पीछे झोपड़ पट्टी थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग, भगवान दास जोशी उर्फ खरगोश पिता साधराम जोशी उम्र25 वर्ष पता भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन महाराणा प्रताप चौक के पास पेट्रोल पंप के पीछे झोपड़ पट्टी थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग, मोहम्मद इशाक पिता मोहम्मद शेख मुस्ताक उम्र28 वर्ष पता भिलाई 03 विश्व बैंक कालोनी थाना भिलाई 3 जिला दुर्ग को पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी गणों के कब्जे से थाना अंडा क्षेत्र अंतर्गत में चोरी गया कुल 14 नग भेड़ बकरी को बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन क्रमांक छ्त्त07 BD 9580 स्कार्पियो को बरामद कर जप्त किया गया, प्रकरण के आरोपी द्वारा कवर्धा जिला के पिपरिया से 10 नग बकरी भसानी कला से 12 नग बकरी एवं बोडेला क्षेत्र मे भी बकरी चोरी किये तथा पाटन क्षेत्र के ग्राम आमापेंड्री में 10 नग बकरी चोरी करना बताया प्रकरण में आरोपीगणों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। थाना पाटन के एक प्रकरण में अपराध क्रमांक 180/2021 धारा 457,380,411,34 भा द वि के तहत आरोपी राजा शेख को गिरफ्तार किया गया है।

## नगर भवन में कोविड-19 के प्रथम डोज का टीकाकरण शिविर

**बलौदाबाजार।** कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये वैक्सिनेशन टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है, इसके लिये कोविड-19 के प्रथम डोज का जो हितग्राही टीका नहीं लगवाये है, वे दिनांक 21 जनवरी एवं 22 जनवरी को नगर भवन में लगाये गये शिवीर में अपना-अपना वैक्सिनेशन (टीकाकरण) करा लेंवे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल ने अपील करते हुये कहा कि प्रथम डोज वैक्सिन नहीं लगाये है वे इस अवधि में टीका लगवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा नगर बलौदाबाजार को पूर्ण वैक्सिन मुक्त घोषित करते हुये शासन स्तर पर जानकारी प्रेषित करने निर्देश दिया गया है। कोविड-19 के प्रथम डोज का टीकाकरण नहीं कराये व्यक्ति यदि इस बार टीकाकरण नहीं लगवायेंगे तो होने वाली असुविधा के लिये वे स्वतः जिम्मेदार होंगे, नगर पालिका द्वारा निरंतर प्रयास व लगाये जाने वाले शिवीर में इस बात की जानकारी दी जाती है, साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से भी लोगो के प्रथम वैक्सिनेशन की अपील की गई है।

# कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव जिला मुख्यायल कवर्धा में करेंगे ध्वजारोहण

### गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पीजी कॉलेज मैदान में, कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव को ध्यान में रखते हुए नहीं होगें सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2022 के मुख्य ध्वाजारोहण समारोह आयोजन कवर्धा के पीजी कॉलेज आचार्य पंथ गृंधमुनी नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में किया जाएगा। कबीरधाम जिले के प्रभारी व कैबिनेट मंत्री टी.एस. सिंहदेव जिला मुख्यायल कवर्धा में ध्वजारोहण करेंगे। कोविड-19, कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम और उनके प्रभावित नियंत्रण को विशेष ध्यान में रखते हुए इस वर्ष मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण और परेड की सलामी दी जाएगी। इसके बाद जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। परेड मैदान में किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम और विकास कार्यो पर आधार झांकियां नहीं निकाली जाएगी। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के लिए विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। अपर कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की रात्रि में जिले के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। साथ ही सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2022 का आयोजन पूरे जिले में गरिमापूर्ण तरीके से किया जाएगा। राज्य शासन के निर्णय अनुसार इस वर्ष किसी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नही किया जाएगा, साथ ही किसी भी प्रकार की झांकियां नहीं निकाली जाएगी। आयोजन के दौरान कोविड-19 से बचाव के लिए सभी निर्देशों का पालन और उपाए किए जाएंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में स्कूली छात्र-छात्राओं को नहीं बुलाया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों द्वारा (गार्ड ऑफ ऑनर) सलामी दी जाएगी। इसके बाद जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम में कोविड-19 से बचाव के लिए जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी तरह पंचायत मुख्यालयों में सरपंच एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

### शहर से लेकर कस्बा और गांव से लेकर वनांचल के अंतिम छोर तक बन रही सड़के

# सड़कों का हो रहा विस्तार, विकास कार्यों की ओर बढ़ता कबीरधाम, गोरेलाल चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विगत पिछले तीन सालों में कबीरधाम में सड़को का विस्तार बड़े पैमानों पर हुआ है जिले के सड़क पूर्व की सरकार में खस्ताहाल हो चुका था जिसे माननीय मंत्री महोदय अकबर जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने लगातार नए सड़को और पुराने जर्जर सड़को को बनवाने का काम किया।

गोरेलाल चंद्रवंशी मीडिया प्रभारी कांग्रेस ब्लाक बोड़ला ने आगे कहा की निश्चित ही अकबर भाई के कुशल नेतृत्व क्षमता से कबीरधाम विकास की ओर अग्रसर है मात्र तीन सालों में कबीरधाम की तस्वीर बदल चुकी है अब हर तरफ सड़को का विस्तार हुआ है लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती थी जिसे कांग्रेस की सरकार ने समूचे जिले में सड़को का विस्तार किया उसके साथ साथ जिलेवासियों के लिए अकबर भाई ने अनेकों विकास कार्य की सौगात देकर लाभावंतित किया है ।

### सड़को के विस्तार के लिए अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा ने जताया आभार

अभी अभी हाल में माननीय मंत्री महोदय अकबर जी ने वर्चुअल शिलान्यास के जरिए बोड़ला ब्लाक के पांच ग्राम पंचायतों में सड़को का विस्तार के लिए लगभग 50 लाख की लागत से राशि से मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत शिलान्यास किया और साथ साथ ही कवर्धा से भोरमदेव रोड जो की छत्तीसगढ़ राज्य की खुजराहो के नाम से जाना जाता है पर्यटन की विस्तार के दिशा में बेहतर काम हो इसलिए इस 15 किलोमीटर सड़क निर्माण के साथ साथ नालियों का निर्माण होगा इसकी लागत लगभग नौ करोड़ साठ लाख है इससे कुछ दिन पूर्व भी वनाचल क्षेत्र के सड़कों के लिए करोड़ों की सौगात दे चुके है साथ ही साथ बोड़ला से प्रतापपुर 16 किलोमीटर नवीनी करण के लिए 864.55 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा।

बोड़ला ब्लाक अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा जी ने कहा की निश्चित ही अकबर भाई ने इन तीन सालों में कबीरधाम वासियों के अनेकों विकास कार्य की सौगात दे चुके है अब वनवासियों के लिए कोदो कुटकी से लेकर तेंदूपत्ता को उचित दर पर समर्थन मूल्य पे खरीदी की जा रही है सड़क ,बिजली पानी सभी को सुविधा मिल रहा है लोगों के चेहरे पर खुशहाली है सभी वनाचल वासियों और जिले वासियों ने अकबर भाई का आभार व्यक्त किया है।

### विकास के पथ पर कबीरधाम जिले को मिली नई पहचान

मीडिया प्रभारी गोरेलाल चंद्रवंशी ने कहा की विकास परिवर्तन प्रकृति का नियम है कांग्रेस सरकार ने कबीरधाम में विकास के पथ पर अग्रसर है माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी और मंत्री महोदयअकबर भाई के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहा है और आगे भी लगातार विकास कार्य होगा। गोरेलाल चंद्रवंशी ने कहा की बोड़ला ब्लाक और पंडरिया ब्लाक में विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति निवासरत है उनके लिए अकबर भाई ने अनेकों कल्याणकारी योजनाओं की सौगात दिया है इन वनांचल के जनजातियों को विशेष पहचान मिली है शहर से लेकर कस्बा और गांव से लेकर वनांचल के अंतिम छोर तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है अब ये जनजाति भी कांग्रेस सरकार के और अकबर भाई के विकास कार्यो से संतुष्ट है सभी जिले के कांग्रेसी कार्यकर्ता ने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश जी और माननीय मंत्री महोदय अकबर जी का आभार व्यक्त किया है ।

# 8 जुआरी चढ़े पंडरिया पुलिस के हत्थे

**कवर्धा।** थाना पंडरिया पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह व अति0 पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के दिशा-निर्देश व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेन्द्र कुमार वेंताल के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी पंडरिया मुकेश यादव के कुशल नेतृत्व में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी निकाल कर पंडरिया पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की मुहिम चलाई जा रही है, इसी तारतम्य में दिनांक 20/01/21 को ग्राम पंडरिया में दो अलग-अलग स्थानो पर फड लगाकर जुआ खेल रहे 08 जुआडियान 1.पिनू सिंह ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर उम्र 35 साल साकिन गोपीबंद पारा पंडरिया, 2.नरेन्द्र आर्मो पिता फागू राम आर्मो उम्र 22 साल साकिन सवरा पारा पंडरिया, 3.रामकुमार गोयल पिता गुलाब सिंह उम्र 39 साल साकिन सतीश नगर पंडरिया, 4.मुकेश चटर्जी पिता रोहित



चटर्जी उम्र 22 साल साकिन समरूपारा पंडरिया, 5. देवा पिता सीता राम चटर्जी उम्र 33 साल साकिन समरूपारा पंडरिया, 06. अजय सारथी पिता बुद्ध सिंह सारथी उम्र 26 साल साकिन गोपीबंद पारा पंडरिया, 07. अनिल पिता दयाराम सारथी उम्र 29 साल साकिन गोपीबंद पारा पंडरिया, 08. करन पिता भागवत सारथी उम्र 19 साल साकिन गोपीबंद पारा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को मौके पर नगदी रकम 2800/-रूपये व 52 पत्ती तास के साथ जुआ खेलते धर दबोचा गया तथा सभी जुआरियों पर धारा-13 जुआ एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

# हसौद में बने कृषि उपज उप मंडी खंडहर में तब्दील

## जिम्मेदार सहित जनप्रतिनिधि बने मूकदर्शक

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



किसानों की उपज के क्रय विक्रय के लिए हसौद में स्थित कृषि उपज उप मंडी रखरखाव व जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते खंडहर में तब्दील हो चुका है। उप मंडी की दुर्दशा देख सहजता से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि खुद को किसानों का हितैषी बताने वाले प्रदेश की सरकार कितनी गैर जिम्मेदार व किसान विरोधी सरकार है। प्रदेश की सरकार द्वारा किसानों की उपज के क्रय विक्रय के लिए बनाए गए कृषि उपज मंडी/उप मंडी में किसानों को अनुकूल जगह व अनेकों सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर तरह- तरह के वायदे तो किया जाता हैं परंतु जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ऐसा ही एक बड़ा मामला जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हसौद से निकल कर सामने आया है जहां कृषकों के लिए बनाए गए कृषि उपज उप मंडी रखरखाव व प्रदेश सरकार की उदासीनता के चलते खंडहर में तब्दील हो चुका है।

**मरम्मत व देखरेख का अभाव-** देखरेख व मरम्मत कार्य के अभाव में उप मंडी पर बने टीन शेड चबूतरे का कंस्ट्रक्शन खंडहर हो चुका है। चबूतरे पर लगा सीमेंट का प्लास्टर व ईट टूट कर बिखर चुका है। वही टीन का छत जगह जगह पर छेद हो चुका है जिससे बारिश के समय में छत से पानी टपकने लगता है। कृषि उपज उप मंडी का यह दुर्दशा विगत लंबे समय से बना हुआ है। राज्य सरकार की उदासीनता के चलते ना तो इसका नव निर्माण हो सका है ना ही कोई मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिससे क्षेत्रीय किसानों के मन से राज्य सरकार के प्रति विश्वास एवं जागरूकता कम होता हुआ प्रतीत हो रहा है।

**जिम्मेदार कौन ?-** आपको बता दें कि हसौद परीक्षेत्र की जनसंख्या का बहुत बड़ा भाग कृषि कार्यों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। इन कृषकों की उपज का क्रय-विक्रय कृषि उपज उप मंडी, सहकारी समिति तथा उपार्जन केंद्र के माध्यम से किया जाता है। हसौद के इस कृषि उपज उप मंडी में बने छतदार चबूतरा क्षेत्रीय सहित कई राजकीय नेताओं के लिए भाषण का अखाड़ा बन चुका है यहां आए दिन नेताओं द्वारा तरह तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर मनमोहक भाषण देकर बड़े-बड़े वायदे तो किया जाता है परंतु किसानों के क्रय विक्रय के लिए बने इस कृषि उपज उप मंडी की इस दुर्दशा पर ना तो किसी नेता ने आज तक कोई आवाज उठाया और ना ही किसी ने इस गंभीर समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराया।

### असामाजिक तत्वों का डेरा बना मंडी परिसर

मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए बने चारदीवारी टूट कर बिखर चुका है जिसके चलते मंडी पर बने टीन शेड नुमा चबूतरा आवारा पशुओं का आरामगाह बना चुका है। वही हमारी सूत्रों की माने तो दूसरी ओर विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी इस मंडी में झांकने तक नहीं आते, जिसका फायदा असामाजिक तत्व उठाते हैं और शाम ढलते ही यहां शराबियों व अन्य असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। मेरे द्वारा इस विषय पर शासन प्रशासन को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है साथ ही साथ निर्मल सिन्हा जी द्वारा भी प्रयास किया जा रहा है शासन की स्वीकृति मिलने पर जल्द ही हसौद के उप मंडी को मरम्मत कराया जाएगा।

**-रेंद्रा मिश्रा, सचिव कृषि उपज मंडी जैजैपुर**

हसौद के उप मंडी के मरम्मत के लिए राज्य सरकार से मांग किया गया है अगर सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान नहीं करेगा तो बहुत जल्द किसानों के साथ सरकार के विरोध में आंदोलन किया जाएगा

**निर्मल सिन्हा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक विधानसभा मालखरौदा**

# कोविड पॉजिटिविटी दर 5 प्रतिशत से अधिक

## समस्त स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र को 26 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना वायरस(कोविड-19) एवं नए वेरियंट ओमिक्रॉन संक्रमण के दृष्टिगत इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए संभावित उपाय अमल में लाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के विकासखण्ड लोरमी में कोविड पॉजिटिविटी दर 5 प्रतिशत से अधिक होने के फ्लस्वरूप विकासखण्ड लोरमी में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों, एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय बालक-बालिक छात्रावास तथा आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को 26 जनवरी 2022 तक के लिए बंद रखने के निर्देश दिए हैं। विकासखण्ड लोरमी में 26 जनवरी तक पॉजिटिविटी दर कम नहीं होने के स्थिति में शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र को बंद रखने की तिथि में वृद्धि की जा सकेगी। कलेक्टर श्री वसंत ने समय-समय पर शासन द्वारा कोविड 19 (कोरोना वायरस) हेतु जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने पूर्व की भांति ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी श्रेणी के पात्र हितग्राहियों को प्रावधान अनुसार रेडी टू ईट का वितरण, गर्भवती माताओं एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को टिफिन के माध्यम से गरम भोजन यथावत प्रदान करने, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर निर्धारित मीनू अनुसार गरम भोजन एवं पोषण सामग्री का वितरण यथावत करने, गृह भेंट के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा तथा सजग अभियान अंतर्गत ईसीसीई गतिविधियां जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# बढ़ती लोकप्रियता के चलते मेरी कैरियर को खराब करने की कोशिश किया जा रहा : सीमा श्रीकांत

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर
www.dailypioneer.com



सीमा श्रीकांत ग्राम पंचायत पेंड्री के सरपंच और कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के संयुक्त महामंत्री पद पर नियुक्त हूं। मैं सोशल मीडिया के जरिया से आप शासन प्रशासन और सभी जनप्रतिनिधियों एवं जनता और सभी मीडिया बंधुओं को बताना चाहती हूं की मेरी बढ़ती लोकप्रियता व उभरती राजनैतिक कैरियर को देखते हुए गांव के कुछ लोगों के द्वारा मेरे छवि को खराब करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है और मेरे ऊपर कई प्रकार के आरोप लगाकर मुझे सरपंच पद से हटाना चाहते हैं और मुझे आए दिन मानसिक रूप से क्षति पहुंचा रहे हैं। कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा द्वारा मेरी आम जनता के बीच बढ़ती लोकप्रियता राजनैतिक कैरियर के चलते मेरे ऊपर कई बार गंभीर आरोप लगाया गया है। और इन दिनों कोविड-19 जैसे खतरनाक महामारी के बीच मेरा तबीयत खराब है और मैं कोरोना पॉजिटिव हु लेकिन इस कोरोना महामारी को नकारते हुए मेरे गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा मेरे कोरोना पॉजिटिव नही होने की भ्रम फैला रहे मैं पिछले 6 दिनों से होम क्वॉरेंटाइन मैं अपने निवास पर हूं ।

# सीएम भूपेश बघेल पर उत्तरप्रदेश में मामला दर्ज किए जाने पर एनएसयूआई ने पुतला दहन किया

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

उत्तरप्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर मुकदमा दर्ज किए जाने से नाराज सक्ती एन एस यु आई के कार्यकर्ताओ ने योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देश पर बिलासपुर संभाग प्रभारी परमीत सिंह बग्गा जिला प्रभारी मसूद अहसान एंव राहुल हंसपाल पुर्व जिलाध्यक्ष अंकित सिंह के मार्गदर्शन में पुर्व अध्यक्ष सक्ती एनएसयूआई रवि गवेल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया रवि गवेल ने कहा कि देश मे किसान नेता के रूप में प्रख्यात हुए छत्तीसगढ़ के जननायक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी जो कि उत्तरप्रदेश के होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर राष्ट्रीय कांग्रेस के तरफ से पर्यवेक्षक बनाये गए है जब से भूपेश बघेल जी उत्तरप्रदेश के दौरे में जाना शुरू किए है योगी सरकार परेशान है और किसी ना किसी तरीके से भूपेश बघेल को रोकने का कोशिश कर रही है सोलह जनवरी को चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के तहत भूपेश बघेल जी कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक का प्रचार कर रहे थे



स्वाभाविक है मुख्यमंत्री के साथ उनकी सुरक्षा होती है साथ ही कांग्रेस के प्रति लोगो का रुझान जो कि खुद ब खुद भीड़ में तब्दील हो रहा है ऐसे में भूपेश बघेल जैसे लोकप्रिय नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना ये बीजेपी की बेतहाशा को बताता है इसी के खिलाफ सक्ती एनएसयुआई के कार्यकताओं ने योगी आदित्यनाथ का कचहरी चौक में पुतला दहन करके जोरदार नारेबाजी करते हुए योगी सरकार के इस कृत्य का विरोध किया। जिसमें पार्षद रीक्की सेवक पुर्व नगर अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव पुर्व केकेबी कालेज अध्यक्ष कपिल देव पाटले सक्रिय कार्यकर्ता अनुभव यादव खिलेश राठौर देवेश रोशन अजय यादव पुर्व नगर अध्यक्ष झझकेतन पुष्पेन्द्र देवांगन रवि यादव पुर्व जैजैपुर ब्लाक अध्यक्ष सूरज सोनी कन्हैया गोयल सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घर के बाडी में छिपाकर रखे 09 लीटर महुआ शराब की जब्ती



**रायगढ़।** मुखबिर की सूचना पर बरमकेला पुलिस ने एक ग्रामीण के घर के बाडी में छिपाकर रखे 9 लीटर महुआ शराब की जब्ती की है, आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरमकेला थाने के सहायक उप निरीक्षक रूपलाल चैधरी के नेतृत्व में आरक्षक तरूण महिलाने, तरूण महिलाने द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम सराईपाली के शत्राजीत यादव के घर बाड़ी में जाकर शराब रेड की कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक डी.के. मारकण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शत्राजीत यादव घर पर अवैध शराब की बिक्री करता है।

# मोबाईल तोड़ने की मामूली घटना के विवाद में बडे भाई ने छोटे भाई को जिंदा जलाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छोटे भाई को निर्ममता पूर्वक जिंदा जला कर मारने वाले बडे भाई को अपनी इस दरिंदगी के लिये अब आजीवन कारावास की सजा भोगनी पडेंगी कल व्दितीय अपर सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े ने दोष सिध्द होने पर यह सजा मुकर्र की यह दर्दनाक घटना 9 अक्टूबर 2019 को भूपदेवपुर थाने के देवरी गांव में हुयी थी जिसकी रिपोर्ट 11वी कक्षा के एक छात्र सावन कुमार ने दर्ज करायी थी उसके मुताबिक वह शाम को 6. 30 बजे गांव में घुमने निकला था वापस आया तो उसे घर से चिखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दी अंदर गया तो प्रमोदउरांव आगंन में जला पडा था उसका चेहरा शरीर व पीठ तथा दोनों हाथ जल गये थे पूछने पर उसने बताया की रोशन ने जरकीन में रखें मिट्टी तेल को उसके शरीर पर छिटकर माचिस से आग लगा कर उसे जला दिया जिसे उसकी बहन कोमल ने बचाने का प्रयास किया तो उसके हाथ भी जल गये थे घटना को उसकी मां सुकांती उराव व गांव के कुछ लोगों ने भी देखा था प्रमोद को रायनो 112 को बुलाकर तुरंत केजीएच अस्पताल रायगढ़ में इलाज के लिये लाया गया थड़ा जहां 14 अक्टूबर को उसकी मृत्यु हो गयी इस हृदय विदारक हत्या का कारण एक मोबाईल फोन था जिसे प्रमोद के बड़े भाई रोशन ने तोड़ फोड़ दिया था जिसके कारण छोटे प्रमोद का बडे भाई रोशन से विवाद हुआ था और दोनों के बीच बातचीत तक बंद थी इसी बात को लेकर रोशन ने प्रमोद को जिंदा जलाने की घटना को अंजाम दिया मामले में अतरिक्त लोक अभियोजक सुरेंद्र थवाईत ने पैरवी की जो मामले में आरोप प्रमाणित करने में सफल रहें यह साबित किया की रोशन ने मृतक प्रमोद पर मिट्टीतेल छिंटक कर आग लगा कर जला दिया जिस से उसकी मृत्युकारित हुयी।

### गरीबी से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती

बहस में आरोपी के अधिवक्ता ने न्यायालय से आरोपी के बहुत गरीब व्यक्ति होने व मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करने तथा 10 अक्टुबर 2019 से न्यायिक अभिरक्षा में निरुध्द रहने एंव वर्तमान में कोरोना (कोविड 19) बिमारी फैली होने की दलील देते हुये अभियुक्त को कम से कम सजा से दंडित किया जाने की फरियाद की विव्दान न्यायाधीश ने पूरे मामले पर विचारण किया तो पाया की आरोपी ने अपने सगेभाई की निर्ममता पूर्वक उस पर मिट्टी का तेल डाल कर माचिस से आग लगाई हैं जो गंभीर प्रकृति का अपराध हैं इसलिये अपराधी को कम से कम दंड देना न्याय के उध्देश्य की पूर्ति नहीं करता और निर्धन होना अपराध की गंभीरता को कम नहीं करता लेकिन मृत्युदंड दिये जाने लायक कोई विशेष परिस्थिती भी मामले में विद्यमान नहीं हैं।

## पूर्व सरपंच स्वर्गीय परमानंद के नाम पर ग्रामीणों ने डाले वोट



**बाराद्वार।** पूर्व सरपंच स्वर्गीय परमानंद के नाम पर ग्रामीणों ने उनकी पत्नी को सरपंच पद हेतु मोहर लगाकर एकतरफा जीत दिलाई पूर्व सरपंच परमानंद के व्यवहार ग्राम विकास हेतु उनकी कर्मठता वर्तमान चुनाव में महसूस किया गया सरपंच पद पर रहते हुए उन्होंने ग्रामीणों को ही अपना परिवार समझा कोविड-19 के दौर में संक्रमण से बने हालात में ग्राम वासियों की अनेकों ने सहयोग प्रदान किए वह कोविड-19 के प्रकोप से खुद को नहीं बचा सके तथा उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी शिमला परमानंद रात्रे मैदान में रही विपक्ष में 2 विपक्ष में 2 प्रत्याशी श्याम महिलांगे तथा वीरेंद्र गढ़वाल भी मैदान में थे गिधौरी में कुल 919 मत पड़े जिसमें गांव की जनता ने 563 मत देकर शिमला परमानंद रात्रि को जीत दिलाई।

### राठौर बने आईटी सेल एवं सोशल मीडिया अध्यक्ष विधानसभा शक्ति



**बाराद्वार।** नगर पंचायत एल्डरमैन नरेश राठौर को कांग्रेसी आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के शक्ति विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया संगठन ने राठौर जी के ऊपर भरोसा जताते हुए एक नई जिम्मेदारी सौंपी है जिससे युवा कांग्रेसी में हर्ष व्याप्त है इस नीति पर नरेश राठौर ने अपने मुखिया मुख्यमंत्री बघेल जी का एवं अपने प्रकोष्ठ के अध्यक्ष तथा संगठन को आत्मीय धन्यवाद दिया तथा उनका कहना है कि जिस दिन मदारी पर संगठन ने उन पर भरोसा जताया है वे उन पर सदैव खरा रहेंगे तथा आमजन का सहयोग अंतः करण से करते रहेंगे।

# अपचारी बालक सहित चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

प्रार्थी राजकुमार चंद्रा पिता भरत लाल चंद्रा उम्र 23 वर्ष नगर पंचायत जैजैपुर वार्ड क्रमांक 10 का थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासकीय अस्पताल जैजैपुर के सामने आमापाली काम्पेलेक्स में राज मोबाईल शॉप है कि 19.जन.2022 के रात्रि करीबन 08.00 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था दिनांक 20.जन.2022 के रात्रि करीबन 02.40 बजे गांव का संजय कुमार चंद्रा एवं प्रार्थी का जीजा फोन कर के बताया कि तेरे मोबाईल दुकान में चोरी हो गया है तब यह जाकर दुकान में देखा तो मोबाईल (1) रियल मी 11 टच मोबाईल 1 नग, (2)रेडमी 9 01 नग, (3)रेडमी 1 01 नग, (4)आईटेल विजन 1 01 नग, (5)पोको 3 01 नग एवं ग्राहक लोग बनवाने दिये (1)पोको कंपनी का 1नग, (2) इनफिनिक्स कंपनी का 1नग, (3)माईक्रोमेक्स कंपनी का 1नग तिनों टच स्क्रीन खराब हालत में कीमती करीबन 50900/- रूपये को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 10/22 धारा 457,380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डां. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती मो. तसलीम आरिफ के मार्गदर्शन में तत्काल गिरफ्तारी हेतु आदेश प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए नार्दन खुंटे पिता हिरालाल उम्र 19 साल साकिन खरवानी बेलादुला एवं एक अन्य अपचारी बालक को पूछताछ करने पर बताये कि अपने एक और साथी भानूराज टण्डन उर्फ भातपरही के साथ तीनो एक मो.सा. से आकर आमापाली काम्पलेक्स के राज मोबाईल दुकान में घुसकर मोबाईल चोरी करना स्वीकार किये।

## निधन
### हेतराम अग्रवाल



**सक्ती।** बाराद्वार शहर के प्रतिष्ठित नागरिक दीनदयाल अग्रवाल के सुपुत्र हेतराम अग्रवाल उम्र-53 वर्ष का 20 जनवरी दिन- गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार 21 जनवरी दिन- शुक्रवार को सुबह 9.00 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम बाराद्वार में हुआ, उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए तथा उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# आवेश में बल्ले से वृद्ध पिता की हत्या

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बुधवार की दोपहर लैलूंगा के ग्राम रामपुर पतरापारा में युवक द्वारा मामूली झगड़ा विवाद में उसके वृद्ध पिता को क्रिकेट के बल्ले से मारपीट कर हत्या कर दिया। लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर पतरापारा में एक वृद्ध की हत्या की सूचना पर थाना लैलूंगा से उप निरीक्षक बलदेवसाय पैंकरा, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक प्रमोद भगत और इलियास केरकेट्टा ग्राम रामपुर पहुंचे। जहां मृतक अनंतराम भगत पिता स्व. सुखीराम भगत ( 62 ) का शव उसके घर के पास रखा हुआ था। मृतक के छोटे भाई अशोक कुमार भगत ( 43) पुलिस टीम को बताया कि बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे इसका लड़का अभिषेक भगत आकर इसे बताया कि बडे पापा अनत राम भगत (मृतक) को उसका लडका दिवाकर भगत अपने पास रखे क्रिकेट के बैट से सिर में चार-पांच बार मारा है जिससे अनत राम खून से लथपथ हो गया। तब तत्काल डायल 112 को कॉल कर बुलाये, डॉयल 112 वाहन के साथ संजीवनी वाहन 108 वाहन भी आई थी जिसके स्टाफ अनंतराम को चेक कर मौत हो जाना बताया। उप निरीक्षक बलदेव पैंकरा द्वारा घटनास्थल पर मर्ग पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर पुलिस टीम द्वारा आरोपी दिवाकर भगत पिता अनत राम भगत उम्र 34 वर्ष निवासी रामपुर पतरापारा थाना लैलूंगा की गांव में पतासाजी कर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ में बताया कि दोपहर में उसका बेटा (मृतक का पोता) घर के पास क्रिकेट खेल रहा था जिसका बॉल पिताजी (अनंतराम भगत) को लगने पर पिताजी बच्चों को गाली गलौच कर रहे थे, तब मेरे बेटे को गाली गलौच कर रहे हो कहकर गुस्से से क्रिकेट के बल्ले से पिताजी के सिर में मारा जो मौत हो गये। आरोपी के अपराध स्वीकार बाद गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



# कोविड–19 के कारण मृत व्यक्तियों के 29 परिजनों के लिए 14 लाख 50 हजार स्वीकृत

- **अब तक 346 परिजनों के लिए 01 करोड़ 73 लाख रूपये स्वीकृत 59 आवेदन पत्र अस्वीकृत**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों अथवा आश्रितों को अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने हेतु आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर बैठक की अध्यक्षता संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल ने की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय में मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष और विषय-विशेषज्ञ सदस्य के रूप में शामिल थे। बैठक में कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों एवं आश्रितों से प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच एवं परीक्षण किया गया। आवेदन पत्रों की जॉच एवं परीक्षण उपरांत 29 आवेदन पत्रों की स्वीकृति दी गई। स्वीकृत आवेदन पत्रों के आधार पर कोविड-19 के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों और आश्रितों के बैंक खाते में प्रति व्यक्ति 50 हजार रूपये की मान से 14 लाख 50 हजार रूपये की राशि अंतरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि कोविड-19 के कुल 434 आवेदन प्राप्त किये गये थे। इनमें से 375 आवेदन पत्र पात्र और 59 आवेदन पत्र अपात्र पाये गये। अब तक 346 प्रकरणों में 01 करोड़ 73 लाख रूपये स्वीकृत की गई है।

# शाकंभरी जयंती में जिपं सदस्य शामिल हुई



**मुंगेली।** हरदिहा पटेल (मरार) समाज द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत चिल्फी के आश्रित ग्राम सहसपुर में शाकंभरी जयंती के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुई। जहां ग्रामवासियों ने आतिशबाजी करके स्वागत किया। इस दौरान माता शाकंभरी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। आयोजन समिती हरदिहा पटेल मरार समाज की महिलाओं व बालिकाओं ने सब्जी से भरी टोकरी, सहित श्रीफल व पुष्पमाला पहनाकर जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू की ससम्मान की। अपने अतिथी संबोधन में माता शाकंभरी जयंती के अवसर पर कही की जिनके ही आशीष से आज हरदिहा पटेल मरार समाज ने हरीभरी सब्जियों के पैदावार को बढ़ावा देकर स्वरोजगार के साधन अपनाये। पटेल समाज संगठित व सभ्य समाज के रूप में प्रदेश व देश में तरक्की व प्रगति को बढ़ावा दे रहे है। जिला पंचायत सदस्य ने शाकंभरी जयंती की शुभकामनाएं दी। मंच संचालन बेदराम पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच लालजी बर्मन, डॉ राजू पटेल,डॉ धर्मेश पटेल,शांगन पटेल नारायण पटेल,आजू पटेल,नत्थू पटेल,मोलचंद साहू सहित ग्रामवासियों कार्यक्रम में जुटे रहे। उक्त आयोजन की जानकारी अरविन्द राजपूत ने दी।

# मानव श्रृंखला बनाकर शासन के प्रति विरोध प्रकट किया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य भर के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी व सामाजिक संगठन के लोग वर्तमान में बगैर आरक्षण के पदोन्नति प्रक्रिया को बन्द कराने मानव श्रृंखला बनाकर 20 जनवरी को शासन के प्रति विरोध प्रकट किया।मानव श्रृंखला वीआईपी रोड से कलेक्ट्रेट तक चारो ओर रही।लगभग 5000 से अधिक अधिकारी कर्मचारी एवं समाज के सदस्य शामिल रहे। पदोन्नति मे आरक्षण से संबंधित उच्च न्यायालय बिलासपुर मे प्रक्रियाधीन रिट याचिका क्र.9778/2019 विष्णु प्रसाद तिवारी वर्सेस स्टेट आफ छ.ग. व जनहित याचिका क्र 91/2019 एस.संतोष कुमार वर्सेस स्टेट आफ छ.ग के अंतिम निर्णय आने तक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गो के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण एवं भारत के संविधान आर्टिकल 16(4)क,व 335 के अनुपालन में शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही पदोन्नति प्रकिया पर रोक लगाने विरोध दर्ज किए।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 06 जनवरी को प्रधान पाठक प्राथमिक शाला शिक्षक तथा प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदो पर एल.बी.संवर्ग के शिक्षको का 30 जनवरी तक पदोन्नति करने आदेश जारी किया गया हैं। वर्तमान के अनु.जाति व जनजाति पदोन्नति मे आरक्षण मामला कोर्ट में सुनवाई हेतु प्रक्रियाधीन है। ऐसी स्थिति में पदोन्नति मे जल्दबाजी करना अनुचित होगा।आरक्षण रोस्टर के बगैर पदोन्नति राज्य के अनुसूचिंत जाति व जनजाति वर्ग के शिक्षको को स्वीकार्य नही है।क्योंकि आरक्षण रोस्टर के आधार पर अनु.जाति के 13प्रतिशत व जनजाति वर्ग के 32प्रतिशन हिस्सें मे आते है।शिक्षा विभाग मे होने वाली लगभग 40,000 पदो मे 18,000पद आरक्षण रोस्टर के आधार पर अनु.जनजाति व अनु.जाति के हिस्से मे आयेंगे। राज्य के बहुसंख्यक अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग पिछले डेढ़ साल से पदोन्नति में आरक्षण बहाली हेतु विभिन्न माध्यमों से शासन प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाते आ रहे हैं।पदोन्नति मे आरक्षण प्रदान करने सुप्रीम कोर्ट के शर्तो के अनुरूप माननीय मनोज कुमार पिंगुआ के अध्यक्षता में गठित क्वांटिफिएबल डाटा कमेटी की रिपोर्ट मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन व सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्तुत कर 08 अगस्त 2021 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता मे मंत्रीमंडल के बैठक मे अनु.जाति व जनजाति वर्गो के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व की अनुशंषा सहित पदोन्नति मे आरक्षण जारी रखने अनुमोदित कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से पदोन्नति मे आरक्षण केस की पैरवी हेतु नियुक्त एड.मनोज गोरकेला सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दावा मा.उच्च न्यायालय बिलासपुर में प्रस्तुत कर दिया है।अगली सुनवाई 11 जनवरी को निर्धारित है।एक-दो सुनवाई मे इस केस की अंतिम निर्णय आ जाएगी। रिट याचिका क्र.9778/2019 विष्णु प्रसाद तिवारी वर्सेस स्टेट आफ छ.ग. व जनहित याचिका क्र 91/2019 एस.संतोष कुमार वर्सेस स्टेट आफ छ.ग मामलें मे हस्तक्षेपकर्ता काउंसिल को प्राप्त रिपोर्ट की प्रति के आधार पर क्वांटिफिएबल डाटा कमेटी की रिपोर्ट मे उल्लेखित जानकारी के अनुसार अनु.जनजाति के 52प्रतिशत व अनु.जाति के 48 प्रतिशत पद शासकीय सेवाओं में रिक्त है।

## गणतंत्र दिवस पर होगा राष्ट्रगान

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान के तत्वाधान में सामूहिक राष्ट्रगान 'जनगण मन अधिनायक.' एक स्थान में एक ही समय पर देश के सम्मान में, अपने मधुर कंठ से करनी है जिससे विश्व बंधुत्व का संदेश जन जन तक पहुँच जाए। आइए हम सब मिरकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता का आह्वान करते है। जो इस अमृत महोत्सव के राष्ट्रगान एवं देशभक्ति काव्य सम्मेलन में जो सम्मिलित होना चाहते है वे इस लिंक पर अपना पूर्ण परिचय भरें, जिससे अमृत महोत्सव में सम्मिलित होने वाले सभी सम्मानीय नागरिकों को संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा। गूगल मीट में फार्म भरने के उपरांत ही आपको सम्मान पत्र दिया जावेगा।

## कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गौरेला पेंड्रा मरवाही। नवपदस्थ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल गुरुकुल स्टेडियम गौरेला का निरीक्षण किया तथा गणतंत्र दिवस के गरीमामय आयोजन के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के लिए 24 जनवरी को होने वाले फाइनल रिहर्सल के अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहनें के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं निश्चित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करनें के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।

# हेमलता के सरपंच पद पर विजयी होने पर समर्थकों ने जताई खुशी

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड के 2 पंचायतों में सरपंच एवं तीन पंचायतों में पंच के लिए उप पंचायत चुनाव संपन्न हुआ ग्राम पंचायत रूढ़ा में हेमलता निषाद ग्राम पंचायत रिमजी में तेजलाल बरिहा सरपंच निर्वाचित हुए, जबकि देवलभाठा में सौदामिनी अंतरला में लिंगराज बढ़ई बटकी में सुकांति पटेल पंच चुने गए। सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ जो दोपहर 3 बजे तक चला देर शाम तक परिणाम भी घोषित किए गए। निर्वाचित विजय प्रत्याशियों को 22 जनवरी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत रूढ़ा में त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें धनमती पटेल को 311मत, हेमलता निषाद गिलास छाप ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी धनमती पटेल चश्मा छाप को 140 मतों से पराजित किया और सरपंच चुने गए। इसी तरह ग्राम पंचायत रिमजी में चतुष्कोणीय मुकाबला था जहां तेज लाल बरिहा को 540मत , उत्तर बरिहा को 130 ,विजय भोई 434 और विजय कुमार बरिहा को 10 मत प्राप्त हुए। जिसमें तेज लाल बरिहा चश्मा छाप ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विजय भोई नारियल का पेड़ को 106 मतों से परास्त किया और सरपंच के लिए निर्वाचित हुए। रुढा एवं रिमजी मैं मतदान के लिए दो-दो केंद्र बनाए गए थे। इसी तरह पंच के लिए 3 पंचायतों में चुनाव संपन्न हुए जिसमें ग्राम पंचायत देवलभाठा के वार्ड नंबर 11 खपरीडीह मैं लक्ष्मी बाई को 33 एवं सौदामिनी को 43 मत प्राप्त हुए। सौदामिनी 10 मत से विजय हुई। ग्राम पंचायत अंतरला के वार्ड नंबर 2 लिंगराज बढ़ाई 27 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विभाण्डक साहू को एक मत से पराजित किया। ग्राम पंचायत बटकी के वार्ड नंबर 1 में सुकांति पटेल ए मीना पटेल के मध्य सीधा मुकाबला था सुकांति पटेल ने 70 मत प्राप्त कर एक तरफा मीना पटेल को 35 मतों से पराजित किया।दो सरपंच एवं तीन पंच के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ निर्वाचन दल द्वारा मतपत्र से चुनाव कराया गया ग्राम पंचायत रूढ़ा में कुल 1102 मतदाता थे जिनके लिए 2 मतदान केंद्र बनाया गया था जिसमें से मतदान केंद्र क्रमांक 90 में 407 मत पड़े 12 निरस्त हुए मतदान केंद्र क्रमांक 91 में 482 मत पड़े और 10 निरस्त हुए इस तरह 1102 मतदाताओं में से 911 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया? सरपंच हेमलता के विजयी होने से उनके समर्थकों ने जताई खुशी, विकासखंड के ग्राम पंचायत रुढ़ा में सरपंच पद के लिए हेमलता निषाद की जीत हुई जबकि धनमती पटेल चुनाव हार गए। परिणाम आने के बाद विजय प्रत्याशियों के समर्थकों ने खुशी व्यक्त की वही हारने वाले प्रत्याशी व उनके समर्थक मायूस दिखे।

मतगणना व मतदान के दौरान गहमागहमी कर रहा माहौल, त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए शुरू हुए मतदान से लेकर मतगणना तक उपचुनाव होने वाले गांव में गहमागहमी का माहौल रहा।

## नि :शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रायगढ़। अदाणी फाउण्डेशन द्वारा गुरुवार को ग्राम खमरिया के मिडिल स्कूल परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह



11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस चिकित्सा सेवा में करीब 200 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया। वैश्विक महामारी की भयावहता को देखते हुए इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मास्क, सेनेटाइजर का उपयोग और सामाजिक दूरी जैसे कोविड के नियमों का सख्त पालन करते हुए किया गया। शिविर में शिशु रोग, महिला रोग, अस्थि रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग तथा सामान्य रोगों के इलाज हेतु रायगढ़ के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद थी जिन्होंने स्वास्थ्य जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया। इसके साथ ही लाभार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पंचायत जनप्रतिनिधि गजपति राठिया, खगेश चौधरी तथा गारे पेलमा द्यद्यद्य खदान के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में सभी मरीजों का पंजीयन कर वजन, रक्त चाप, डायबिटीज की जांच की गई तत्पश्चात वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जांच व परामर्श दिया गया। अदाणी फाउंडेशन चार प्रमुख क्षेत्रों- शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य, सतत आजीविका विकास और बुनियादी ढ़ांचे के विकास, पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सामाजिक पूंजी बनाने की दिशा में काम करता है। यह कार्य म अदाणी फाउंडेशन की इसी कार्य म का हिस्सा है । इस पर गांव के वरिष्ठ नागरिक गजपति राठिया ने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु अदाणी फाउण्डेशन को धन्यवाद दिया, और कहा कि 'जिला मुख्यालय से दूर ग्रामीण आंचल में कोविड काल में लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पाना मुश्किल है ऐसे में इस तरह का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। नि:शुल्क चिकित्सा सेवा के आयोजन से स्थानीय जरूरतमंद जनता को इसका काफी लाभ मिलता है और उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलती है।

## स्कोडा ने स्लाविया का उत्पादन शुरू किया

रायपुर। इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट के तहत उत्पादन को लगातार जारी रखने के आक्रामक अभियान के अनुरूप, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने पुणे के चाकण स्थित प्लांट से प्रीमियम मिड-साइज सेडान, स्कोडा स्लाविया का उत्पादन शुरू करने की घोषणा की। भारतीय मार्केट को ध्यान में रखकर बनाई गई स्लाविया के उत्पादन से कंपनी ने ऑल-न्यू सेडान के निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा है। स्कोडा ऑटो ने इस प्लांट के साथ भारत और पूरी दुनिया के लिए नई विरासत की शुरुआत की है।1.0 लीटर के इंजन से लैस 3 सिलिंडर टर्बो पेट्रोल और 1.5 लीटर के 4 सिलिंडर टर्बो पेट्रोल के वैरिएंट में मिलेगी। स्कोडा स्लाविया में क्रमशः 85 किलोवॉट (115 पीएस) और 110 किलोवॉट (150 पीएस) के दो इंजन के विकल्पों के साथ 6 स्पीड मैनुअल, 6 स्पीड ऑटोमैटिक या 7-स्पीड डीएसजी ट्रांसमिशन मिलेगा। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन क्रिश्चियन कैन वॉन सीलेन ने कहा, चार साल पहले इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट की घोषणा के साथ हमने भारत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नए सिरे से लाने का वादा किया था। वास्तव में इसकी सफलता दुनिया भर और भारत में हमारी टीमों के साथ शानदार तालमेल को उभारती है। 2 एसयूवी की सफ्लतापूर्वक लॉन्चिंग के साथ हमने पहला अध्याय पूरा कर लिया है। आज स्कोडा स्लाविया का उत्पादन शुरू होने के साथ हम अपनी इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट कैंपेन के तहत हम अगले चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं। स्लाविया हमारी मंशा और भारतीय मार्केट में हमारी क्षमता का पुख्ता सबूत है। स्लाविया से न केवल प्रीमियम सेडान सेगमेंट को बढ़ावा मिलेगा।

# केन्द्र की सभी योजना प्रदेश में दम तोड़ती आ रही नजर: विक्रम

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की एक तरफ छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार ग्रामीणों के विकास की योजनाओं को नई सोच के साथ आगे बढ़ने वाली सरकार के रूप में प्रदेश के जनता के सामने अपने को प्रचलित करती है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के गांव, गरीब किसान, युवा बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस सत्ता के 3 साल के कार्यकाल में गांव में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पूरी तरह खत्म हो गई है। घर-घर बिजली पहुंचाने ,सभी घरों में नलो के जरिए पानी पहुंचाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आवास योजना ये सभी योजना केन्द्र सरकार ने देश की गरीब जनता के लिए बना कर संचालित करवाने का कार्य राज्य सरकारों को सौंपा औ है। इन सभी केन्द्र की योजनाएं छत्तीसगढ़ में दम तोड़ती नजर आ रही है ये सभी गांव-गरीब केन्द्र की विभिन्न योजनाओं पर राज्य सरकार प्राथमिकता से ध्यान दे तो प्रदेश के गांव की तस्वीर बदल सकती है। सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ने आगे कहा की गंगाजल की कसम खाकर कांग्रेस प्रदेश में शराब बंदी का वादा किया था। जिस पर छत्तीसगढ़ में शराब दुकान बंद होने के बजाय और बड़ गये प्रदेश शासन शहर से बाहर की शराब दुकानों को शहर के अंदर ला रही है, बेरोजगारी भत्ते के वादों का कोई अता पता नहीं है। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को 2500 रूपये बेरोजगारी भत्ते देने के वादे को भूपेश सरकार पूरी तरह भूल गई है, छत्तीसगढ़ में अपराधों का ग्राफ बहुत तेजी से बढ़ रहा है उन्होने यह भी कहा की भाजपा के 15 सालों के राज में भाजपा शासन ने रिजर्व बैंक से जितना कर्ज प्रदेश के विकास में लिया था उससे अधिक कर्ज छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार तीन सालों में लेकर प्रदेश की जनता को कर्ज में डुबा दिया है। मूर्खता और अहंकार से भरी प्रदेश सरकार जिन झूठे वादों के साथ गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा जनता को देकर भ्रमित करने में लगी है, उसे प्रदेश की जनता समझ चुकी है। जिसका जवाब जनता प्रदेश के 2023 में होने वाले आम चुनाव में देने तैयार बैठी है। अंत में सांसद प्रतिनिधि श्री ध्रुवे ने सभी भाजपा के कार्यकर्ताओं से अपील किया हैं कि प्रदेश सरकार के नाकामियों को गांव-गांव, शहर-शहर के हर घर तक पहुंचाना है।

## लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव जीत कर आए धोबी समाज के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह कोरोना काल के बाद

लवन। छत्तीसगढ़ धोबी समाज के इतिहास में पहली बार लोकतांत्रिक पद्धति के तहत रायपुर में प्रदेश पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया था। प्रदेश पदाधिकारियों के भव्य शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रदेशभर के सामाजिक पदाधिकारी व समाज के लोग तैयारी में जुटे हुए थे। वही शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों विधायकों को आमंत्रित



करने की तैयारी चल रही थी किंतु कोरोनावायरस के तीसरी लहर के कारण भव्य शपथ ग्रहण समारोह पर कोरोना वायरस की ग्रहण लग गई। जिसके चलते नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष व उनके पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण समारोह कोरोना काल के बाद होगा। बिलासपुर संभागीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक जिला अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक बेमेतरा जिला अध्यक्ष मेघनाथ रजक अनिल रजक जितेंद्र निर्मलकर भागीरथी निर्मलकर वीरेंद्र निर्मलकर ललित बुंदेला बस्तर से सूरज निर्मलकर कांकेर से पदमनी रजक धमतरी से चित्ररेखा रजक रायपुर से संतोषी निर्मलकर बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निर्मला रजक शंकर रजक झड़ीराम कनोजे जीवन लाल कनौजे मनोज निर्मलकर लोकेश कनौजे चेतन कनोजे सुरेश कनौजे संतराम कनोजे मोतीलाल कनोजे मीडिया प्रभारी कमलेश रजक अशोक निर्मलकर नारायण निर्मलकर राजेंद्र निर्मलकर बालकुमार रजक द्वारिका प्रसाद निर्मलकर पंचराम रजक ने कहा कि 19 दिसंबर को रायपुर के रविंद्र मंच कालीबाड़ी में लोकतांत्रिक मतदान के तहत छत्तीसगढ़ के 28 जिलो से पहुंचे। पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कुमार कनौजे को निर्वाचित किया है।

## पंचायत उप निर्वाचन: जिले में 82.23 प्रतिशत मतदान

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत जिले में 4 सरपंच एवं 17 पंच पद के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 82.23 रहा। मतदाताओं ने कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मतदान किया। सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। सर्वाधिक मतदान मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत गुल्लीडांड के मतदान केंद्र में 95.59 प्रतिशत रहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 4 बजे तक पुरुष वर्ग का कुल मतदान प्रतिशत 82.22 और महिला वर्ग का मतदान प्रतिशत 82.24 रहा।जानकारी के अनुसार गौरेला विकासखंड के मतदान केंद्र क्रमांक तीन सल्हेघोरी में 81.84 प्रतिशत एवं केंद्र क्रमांक चार सल्हेघोरी में 88.50 प्रतिशत और पेंड्रा विकासखंड के मतदान केंद्र क्रमांक तीन बंधी में 76.13 प्रतिशत एवं मतदान केंद्र क्रमांक तीन-क बंधी में 71.54 प्रतिशत मतदान हुआ।

## कलेक्टर महोबे ने कराटे खिलाड़ी राधिका और ज्योति को प्रशस्ति पत्र व ट्रेकसूट प्रदान कर किया सम्मानित



बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पुसावड़ की कराटे खिलाड़ी कु. राधिका और कु. ज्योति को प्रशस्ति पत्र व ट्रेकसूट प्रदान कर सम्मानित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव और रेड ास के जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार उपस्थित थे। जिला खेल अधिकारी नरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि विगत 08 दिसम्बर को आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित पॉचवे अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप 2022 में जिले की कु.राधिका, कु.ज्योति, कु. वैश्णवी और सतीश कुमार ने भारत के लिए प्रतिनिधित्व किया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 05.01.2022

श्री अनुप जैन पिता स्व. श्री पदुमचंद जैन
निवासी मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)............. आवेदक
बनाम
छ.ग.शासन.......................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री अनुप जैन पिता स्व. श्री पदुमचंद जैन, निवासी मोहल्ला गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) कि ओर से अधिवक्ता श्री सतीष शर्मा उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला पुराना मोटर स्टैण्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-ए, प्लाट नं. 57/2, क्षेत्रफल 98 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर आवेदक नजूल रिकार्ड में वैधानिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 25.01.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 05.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 05.01.2022

श्री त्रिलोकीनाथ गुप्ता पिता स्व. श्री जगन्नाथ गुप्ता एवं अन्य एक,
निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)
(हाल मुकाम कोरबा, जिला कोरबा)...........आवेदकगण
बनाम
श्रीमति तारादेवी हलवाई पति स्व. श्री हरदेवलाल हलवाई एवं अन्य दो,
निवासी मोहल्ला मुं. पो. ढाढ़ी, तहसील बेमेतरा,
जिला बेमेतरा (छ.ग.) 4951335................अनावेदकगण

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री त्रिलोकीनाथ गुप्ता स्व. श्री जगन्नाथ गुप्ता एवं अन्य एक, निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) (हाल मुकाम कोरबा, जिला कोरबा) कि ओर से अधिवक्ता श्री विनोद श्रीवास्तव उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 46-बी, प्लाट नं. 132/1, क्षेत्रफल 111 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर वैधानिक वारिसान आवेदकगण तथा अनावेदकगण नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 25.01.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 05.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 05.01.2022

श्री सीताराम सोनी पिता स्व. श्री ननकू राम सोनी,
निवासी सोनारपारा सुभाष वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली
जिला मुंगेली (छ.ग.)........................... आवेदक
बनाम
छ.ग.शासन.......................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री सीताराम सोनी पिता स्व. श्री ननकू राम सोनी, निवासी मोहल्ला सोनारपारा सुभाष वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला सोनारपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 38-बी, प्लाट नं. 195, क्षेत्रफल 169 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर आवेदक नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 25.01.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 05.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 05.01.2022

श्री त्रिलोकीनाथ गुप्ता पिता स्व. श्री जगन्नाथ गुप्ता एवं अन्य एक,
निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)
(हाल मुकाम कोरबा, जिला कोरबा)...........आवेदकगण
बनाम
श्रीमति तारादेवी हलवाई पति स्व. श्री हरदेवलाल हलवाई एवं अन्य दो,
निवासी मोहल्ला मुं. पो. ढाढ़ी, तहसील बेमेतरा,
जिला बेमेतरा (छ.ग.) 4951335................अनावेदकगण

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री त्रिलोकीनाथ गुप्ता स्व. श्री जगन्नाथ गुप्ता एवं अन्य एक, निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) (हाल मुकाम कोरबा, जिला कोरबा) कि ओर से अधिवक्ता श्री विनोद श्रीवास्तव उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 46-ए, प्लाट नं. 70, क्षेत्रफल 86 वर्गमीटर पर फौती दर्ज कर वैधानिक वारिसान आवेदकगण तथा अनावेदकगण नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 25.01.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 05.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी मुंगेली (छ.ग.)


## फुलझर में क्रिकेट समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में जिपं सदस्य शीलू साहू शामिल हुई

मुंगेली। लोरमी विधानसभा अंतर्गत, हिन्दू यंग स्टार क्रिकेट क्लब ग्राम पंचायत फुलझर में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजीत की गई। जिसमें 48 क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। क्रिकेट समापन के अवसर पर मुख्य अतिथी के आसंदी से जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू शामिल हुई। आयोजक समिती व ग्रामवासियों ने आतिशबाजी करके पुष्प माला व गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया। मैच के प्रथम विजेता पथर्री टीम को आयोजक समिती द्वारा 21,000 नगद राशि के साथ ट्रॉफी कप प्रदान किये। तथा उपविजेता फुलझर को जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू द्वारा 11000 नगद राशि के साथ ट्राफी व अन्य आर्कषक पुरुस्कार प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि जिला पँचायत सदस्य शीलू साहू ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कही कि खेल प्रेमियों के द्वारा सभी मैच खेल भावना से खेले गए और यही खेल का असली रोमांच है। खेल हम सभी को अपने प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर देता है। खिलाड़ियों एवं उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य ने लोंगों को हर सुख दुःख में हमेशा हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त की।


**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| द्वारिका प्रसाद गुप्ता, श्रीमती संतोषी गुप्ता खाता सं. LNBIL03718-190086732 & LNBIL04319-200120459 | 24 जून 2021 ₹ 1128479/- व ₹ 270815/- बकाया दिनांक 22 जून 2021 तक | मकान बैरिंग खसरा नं. 251/12 का भाग, बहतराई, पी.सी. नं. 31, तह. व जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 2189 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 19 जनवरी 22 |

स्थान : जयपुर दिनांक 22-1-2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
वार्ड का नाम - गुरुघासीदास वार्ड
वार्ड क्र. 01, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 22.02.2022 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2368/21.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 344/01, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बाबु लाल सेन S/o मंगल प्रसाद सेन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- दिनेश बंजारे S/o बिहर सिंह बंजारे.

मुहर — आयुक्त नगर पालिक निगम, बीरगांव

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 427/2021-2022
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52 वार्ड स्थित भवन/भूमि **52/ म.नं. 08 ड्रिमप्लाजा** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती जगदीश सीतानी S/O स्व. मन्शी मल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अनिल कुमार देवनानी S/O चंदी राम देवनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — जोन कमिश्नर, जोन क्र. 10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 429/2021-2022
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती वार्ड 50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड 50 वार्ड स्थित भवन/भूमि **50/02 निकिता विहार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रमेश कुमार सिन्हा S/O किरण कुमार सिन्हा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती स्मिता सिन्हा W/O स्व. रमेश कुमार सिन्हा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — जोन कमिश्नर, जोन क्र. 10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 428/2021-2022
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52 वार्ड स्थित भवन/भूमि **52/C-04 शुभम विहार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती अशोक कुमार भागवानी S/O उधम दास भागवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती रवि चैतवानी S/O स्व. सेवक राम चैतवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — जोन कमिश्नर, जोन क्र. 10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 430/2021-2022
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती वार्ड 50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड 50 वार्ड स्थित भवन/भूमि **50/ म. नं. 8 सुपर स्टेट कालोनी** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती खुशी तेजवानी W/O सुशील तेजवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती अविनाश दौलतानी S/O वरियल दास दौलतानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — जोन कमिश्नर, जोन क्र. 10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./20211220080021/अ-6''अ''/2021-22
मौजा-बड़ेकुरूषनार

// ईश्तहार //

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पिलमती दीवान पति बासन, जाति-कलार निवासी ग्राम-बडेकुरूषनार, तहसील-कोण्डगांव, जिला-कोण्डगांव द्वारा ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में त्रुटि सुधार बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम बडेकुरूषनार प.ह.नं.-49, राजस्व निरीक्षक मंडल-मर्दापाल, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खं.नं. 18/4, 20/4, 30, 80/10, 89/1, 114/57, 120/2 रकबा 0.4860, 0.2710, 2.5660, 0.4860, 0.5390, 0.1820, 0.4090 हेक्टेयर की भूमि राजस्व अभिलेख में शामिलात नाम से दर्ज है। आवेदिका एवं सहखातेदारों का जाति उक्त भूमि के ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में त्रुटिवश मुरिया दर्ज हो गया है। जबकि उनकी वास्तविक एवं सही जाति कलार है। आवेदिका द्वारा राजस्व अभिलेख में अपना एवं सहखातेदारों का वास्तविक जाति कलार दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, बी-1, शपथ पत्र, नक्शा, खसरा एवं मिसल रिकार्ड 1947-48 सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

आज दिनांक 20.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार मर्दापाल जिला-कोण्डगांव

**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)**

**धारा-30(ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक योजना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्रीमती बी. इन्दु पिता श्री बी. हरिप्रसाद शास्त्री, निवासी-आई.टी.आई. कालोनी, बालाजी मंदिर के पास, जिला-कोरबा (छ.ग.) ग्राम-भुरकोनी के खसरा क्रमांक 46/1-2 के भाग, कुल रकबा /1654 वर्गफुट हेतु आदेश क्रमांक 27968/नग्रानि/धारा-16/पी.एल. 79/18/2019, रायपुर दिनांक 06.06.2019 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित आवासीय प्रयोजन के भूखंड क्रमांक **M-14, M-15** के स्वामी है, और उनके द्वारा उपरोक्त के वर्गीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

अपर संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.)


G- 67030/1

# घुमका ग्रामीण ब्लॉक में कोरोना हो रहा बेकाबू बीपीएम समेत तीन कर्मचारी पॉजिटिव

## सहकारी और महाराष्ट्र बैंक के कर्मचारियों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव

पायनियर संवाददाता < घुमका
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में कोरोना के आंकडे लगातार बढ़ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक कोरोना की आमद हो चुकी है। स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र, जिला सहकारी बैंक और महाराष्ट्र बैंक के कर्मचारियों को कोरोना संक्रमण की पुष्टि के बाद संपर्क में आये लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। खबरों के अनुसार ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर और एनआरएचएम के तीन कर्मचारियों समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक लिपिक भी कोरोना पाजिटिव पाये जाने के बाद प्राथमिक संपर्क में आये बाकी कर्मचारियों समेत पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खलबली मची है। जिला सहकारी बैंक के कैशियर और दो दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के अलावा महाराष्ट्र बैंक के एक अधिकारी भी संक्रमित बताया जा रहा है। हालांकि सभी की स्थिति सामान्य है और होम आइसोलेशन में इनके स्वास्थ्य पर नजर रखे जाने का स्वास्थ्य विभाग का दावा है लेकिन ग्रामीणों से सीधे जुड़े सेवाओं से सम्बंधित इन कर्मचारियों के प्रभावित होने से लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है।



### अधिकाँश ग्रामीण सर्दी बुखार की चपेट में

वायरल फीवर के चलते इन दिनों क्षेत्र में अधिकांश ग्रामीणों को सर्दी खांसी और बुखार की शिकायतों के चलते स्वास्थ्य महकमे को कोरोना मरीजों की पहचान करने में काफी दिक्कतें आ रही है। जबकि कोरोना टेस्ट को लेकर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की अक्सर शिकायतें मिलती हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जांच की उम्मीद में पहुंचे मरीजों को समयसीमा का हवाला देकर कोरोना टेस्ट से वंचित किये जाने से संक्रमण फै लने की स्थिति बनी हुई है। जबकि इस तरह की शिकायत पहले और दूसरे लहर में भी लगातार मिलती रही बावजूद इसके अब तक विभाग के अधिकारियों ने व्यवस्था सुधारने का नाममात्र भी प्रयास नहीं किया।

### संक्रमण रोकने में अक्षम साबित हो रहा प्रशासन

कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में सरकार और प्रशासन के तमाम निदेर्शों के पालन में जमकर लापरवाही के चलते बीते दूसरे लहर में घुमका समेत क्षेत्र के ग्रामीण हिस्सों में काफी लोगों की मौत हुई। तब स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय स्तर के अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के पर्याप्त सहयोग का अभाव बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश भी किया तब घुमका के सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ तनातनी की स्थिति बनी कमोबेश तमाम परिस्थितियां आज तक यथावत बतायी जा रही है नतीजा तीसरे लहर में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत प्रशासनिक इकाई के तौर पर राजनांदगांव (ग्रामीण) ब्लॉक के सीधे नियंत्रण में आनेवाले सभी गांव में स्थिति अनियंत्रित होता जा रहा है।

# भ्रष्टाचार को लेकर हो रहे खुलासों से घबराई महापौर इसलिए एमआईसी मेंबर हटाई गईं : किशुन

## महापौर ने साबित किया कि कांग्रेस कई खेमो में बटी हुई है

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर परिषद में महापौर द्वारा किए गए बदलाव को लेकर भाजपा ने तंज कसा है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बयान जारी कर कहा कि, एमआईसी में बाजार विभाग के चेयरमेन पद से हाल ही में हटाई गई कांग्रेस पार्षद श्रीमती सुनीता फड़नवीस निगम में ही अपने अधिकारों के लिए दो वर्ष तक लड़ाई लड़ती रहीं। दूसरी ओर उनके पति अशोक फड़नवीस की स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव से नजदीकियां और मेल-मुलाकात का दौर शायद महापौर को रास नहीं आया। यही वजह दिखती है कि फड़नवीस को



एमआईसी से हटाकर गर्त की ओर ढकेल दिया गया है। यदु ने कहा कि कांग्रेस कई खेमों में बटी हुई है ये साफ हो चुका है। एक ङ्क दूसरे को ढकेल कर राजनीति में अपना स्वार्थ सिद्ध करने की परंपरा कांग्रेस में बरकरार है। उन्होंने कहा कि, श्रीमती फड़नवीस को जब बाजार विभाग का चेयरमेन बनाया गया तो उन्होंने अपने अधिकारों को लेकर आवाज उठाई। दुकान आबंटन की फाईलों में उनके दस्तखत के बगैर आबंटन की सच्चाई उन्होंने सामने रखी। इसके साथ ही यह साफ हो गया था कि निगम में दुकानों के आबंटन में महापौर निजी दिलचस्पी ले रही हैं। हालात यहां तक बिगड़े रहे कि श्रीमती सुनीता फड़नवीस ने बीते सामान्य सभा में हिस्सा न लेकर अप्रत्यक्ष रुप से निगम की कार्रवाई का बहिष्कार करते हुए इसे ढकोसला करार दे दिया था। नेता प्रतिपक्ष यदु ने आगे कहा कि, कांग्रेस की प्रदेश सरकार में खेमेबाजी तो जग जाहिर है और अब इसका असर निगम की सत्ता में भी देखने को मिल रहा है। शहर के विकास और बेहतर प्रबंधन से दूर महापौर यहां काम करने वाले जनप्रतिनिधियों को महत्व देने के बजाए खेमे देखकर उन्हें जिम्मेदारियां सौंप रहीं हैं।

## हेमू कालानी शहीदी दिवस आज

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हिंद सिंध के महान क्रांतिकारी वीर शहीद हेमू कलानी का शहीदी दिवस आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। पूज्य पंचायत हेमू कलानी नगर के सांस्कृतिक सचिव अरुण डुलानी एवं सचिव अशोक



तेजवानी ने बताया कि आज शाम 6:00 बजे जी ई रोड स्थित हेमू कलानी उद्यान में उनकी प्रतिमा के समक्ष शहीदी दिवस के उपलक्ष में समाज द्वारा मोमबत्ती जलाकर वीर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा एवं उन्हें याद किया जाएगा । इस दौरान समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी में दी है।

# तीन आंखों वाली बछिया की मौत

पायनियर संवाददाता < गंडई
www.dailypioneer.com

लोधी नवागांव में हेमंत चंदेल के घर जन्मी तीन आंखों वाली बछिया की गुरुवार सुबह मौत हो गई। बछिया की मौत के बाद गांव में शोक की लहर है। परिवार और ग्रामीणों ने हेमंत चंदेल के फार्म हाउस में बछिया को मिट्टी देकर उसकी समाधि बनाई है। ज्ञात हो कि बीते गुरुवार को लोधी नवागांव में हेमंत चंदेल के घर एचएफ जर्सी गाय ने तीन आंख और दो नाक वाली बछिया को जन्म दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया में बछिया का वीडियो भी वायरल हुआ और दूर-दराज से लोग बछिया को देखने पहुंचते रहे। कुछ लोग इसे भगवान का अवतार बताकर श्रद्धासुमन अर्पित करते रहे तो कुछ ने साइंस का चमत्कार कहा। इधर गंडई पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सक



डॉ. संदीप इंदुलकर ने बताया कि इस प्रकार के पशुओं की उम्र लंबी नहीं होती। हफ्ते तक उक्त तीन आंख वाली बछिया ने सरवाइव किया।

# पत्नी की हत्या कर खुद फांसी पर झूल गया युवक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम अछोली में शुक्रवार की सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया। जिसमें पति ने अपनी पत्नी को मारकर खुद आत्महत्या कर ली है। हत्या और आत्म हत्या कारण स्पष्ट नही हुआ है। मृतक पत्नी का नाम संगीता वर्मा उम्र लगभग 25 वर्ष तथा मृतक पति का नाम महेश्वर वर्मा उम्र लगभग 32 वर्ष बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार अछोली में घटी घटना में ठाकुर टोला निवासी महेश्वर वर्मा अपनी पत्नी संगीता वर्मा, माता- पिता और भाइयो के साथ रह रहा था। कुछ दिन से घर में पारिवारिक विवाद चल रहा था । जिसके चलते आए दिन पति - पत्नी के बीच मनमुटाव देखने को



मिल रहा था। इसी के चलते महेश्वर की पत्नी संगीता अपने मायके बोरतालाब चले गई थी। जिसे समझा-बुझाकर महेश्वर घर ला लिया था, दोनो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और महेश्वर ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी तथा खुद फांसी पर लटक गया। इस दोहरे हत्या और आत्महत्या के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### माता पिता से रहना चाहते थे अलग यही बना विवाद का कारण

इस संबंध में एसडीओपी कृष्णा पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या में यह जानकारी सामने आ रही हैं कि महेश्वर वर्मा, संगीता वर्मा अपने माता - पिता के साथ अलग रहना चाह रहे थे। जिसके चलते घर पर विवाद बना रहता था और कहा जाता था कि सब संयुक्त एक साथ रहें । इसी के चलते पति- पत्नी के बीच मनमुटाव रहता था। पारिवारिक खींचतान के चलते महेश्वर की पत्नी संगीता अपने मायके चली गई थी।



उसे कल ही मायके से लाया था और फिर पत्नी की हत्या कर खुद आत्म हत्या कर ली है। लेकिन इससे अलावा अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है, जांच के बाद ही पूरी जानकारी स्पष्ट हो पाएगी।

## निधन

### शक्ति नाथ मिश्रा

**गंडईपंडरिया।** नगर के समीपस्थ ग्राम नर्मदा निवासी शक्तिनाथ मिश्रा का बीते शुक्रवार को सुबह 8 बजे निधन हो गया। मृतक सेवानिवृत्त



स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद पर थे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ चल रहे थे। मृतक दैनिक अखबार पत्रिका के संवाददाता अवधेश मिश्रा के पिताजी थे। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम नर्मदा के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन, मित्र, व्यापारी व आसपास के लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल संचालक ने दुकान के आगे हिस्से को बढ़ाया, कांग्रेसी पार्षदों ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक 15 दुर्ग रोड़ में संचालित मेडिकल दुकान को दुकानदार ने सामने हिस्से को बढ़ाकर अतिक्रमण कर लिया है। जिसको लेकर गंडई नगर पंचायत के कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए लिखित शिकायत बीते 19 जनवरी को सीएमओ से की है। लेकिन अब तक निकाय द्वारा किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाई नहीं किया गया है।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण धारियो के द्वारा बेधड़क अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसको लेकर अधिकारियों के द्वारा





कार्यवाही शून्य दिखाई दे रहा है। कोई गरीब व्यक्ति अगर फुटपाथ पर दुकान लगाता है तो उसके ऊपर कार्यवाही तत्काल हो जाता है मगर वहीं कोई बड़े स्तर के व्यापारी या जनप्रतिनिधि अतिक्रमण करता है तो उसके ऊपर कार्यवाही करने में निकाय का हाथ पता नहीं क्यों डगमगाने लगता है। यह पहला मामला नहीं है ऐसे ही कई मामले नगर में पड़े हुए हैं। जिसको लेकर निकाय चुप्पी साधी हुई है।

शिकायत कर्ताओं में दिलीप ओगरे, चेतन देवांगन, लियाकत अलि, क्रांति ताम्रकार, नारायण चतुर्वेदी और सूरज नामदेव शामिल है।

> निर्माणधीन दुकान के सम्बंध में कांग्रेसी पार्षदों ने लिखित आपत्ति जताई है। जिसपर स्थल निरीक्षण कराकर सम्बंधित दुकानदार को नोटिस भेजा गया है।
> **- प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ गंडई

# भूपेश किसानों को मझदार में छोड़ चुनाव में चेहरा चमकाने लगे : कोमल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने राज्य की भूपेश सरकार पर किसान विरोधी अर्थात लबरा सरकार होने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ का किसान मझदार में फंसा हुआ है और असमय वर्षा से कई किसानों की फसल खराब हो चुकी है, वहीं दूसरी ओर भूपेश सरकार ने बारदाने के नाम पर किसानों के साथ पक्षपात किया ।आज जब छोटे किसानों ने



ऊचे दाम मे बारदाना खरीदकर धान सोसायटी मे भेज चुका है तब अब जाकर बारदाने उपलब्ध दिखाए जा रहे हैं। जबकि जरूरत पड़ने पर छोटे किसानों ने कर्जा लेकर बारदाने खरीदें थे।

भूपेश सरकार ने धान खरीदी एक माह आगे बढ़ाई, जिसके कारण आज विपरीत समय में किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गिरदावरी रिपोर्ट के नाम पर कई किसानों का रकबा भी कम कर दिया गया ।

## अमितेश बने भाजयुमो दक्षिण के मंत्री

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव , जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह , शहर मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी सहित भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव की अनुशंसा पर अमितेश झा को



दक्षिण मण्डल में शहर मंत्री की महती जिम्मेदारी सौंपी गई है । ज्ञात हो कि अमितेश झा विगत् 5 वर्षो से छात्र राजनीति से लेकर युवा मोर्चा में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है साथ ही छात्रों सहित अन्य जनहित की मांग को लेकर अनेक आंदोलन में प्रमुखता से सक्रिय रहे है। भाजयुमो में नवीन दायित्व के लिए अमितेश झा को उसके करीबियों ने बधाई प्रेषित की हैं।

## गुरूवार की रात बालगोविंद चौक में वारदात को दिया अंजाम

# ढाई सौ रुपये के लेनदेन को लेकर युवक की गला रेतकर हत्या, आरोपी अमन मुल्ला गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गुरूवार की रात लगभग 10:00 बजे के आसपास दुर्गा चौक और बाल गोविंद चौक के बीच एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल देखने को मिला। पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा चौक निवासी आसिफ खान उम्र पच्चीस वर्ष की सड़क पर ही अमन हुसैन उर्फ़ अमन मुल्ला उम्र बीस वर्ष ने मात्र 250 रुपये के पुराने लेनदेन के चलते चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया। हत्या के तुंरत बाद ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच उपरांत कुछ लोगो से पूछताछ की गई तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और शुक्रवार की सुबह ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम अमन खान पिता अब्दुल अजीज उम्र 20 वर्ष निवासी पठान पारा बताया जा रहा है।

विवेचना के दौरान आरोपी अमन मुल्ला उर्फ अमन हुसैन उर्फ अमन खान पिता अब्दुल अजीज उम्र 20 साल निवासी पठानपारा को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गंज मण्डी से गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर आरोपी से घटना में प्रयुक्त रानी



सागर झाडियों के पास से खून लगा चाकू जप्त किया गया तथा आरोपी खून से सने कपड़े काला कुर्ता एवं काला जींस जप्त किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

### आरोपी के खिलाफ अन्य मामले भी पहले से दर्ज

पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के आरोपी अमन मुल्ला के विरूद्ध थाना बसंतपुर में चोरी का 01 प्रकरण तथा मारपीट के 02 प्रकरण पहले से पंजीबद्ध हैं और अब इस बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस विभाग आरोपी का नाम स्थाई रूप से गुंडा बदमाश की सूची में लाने की तैयारी कर रही है।



### एक साल पहले जुआं खेलते वक्त हुआ था लेनदेन

एक वर्ष पूर्व ताश खेलते समय 250 / रूपये का लेन देन को लेकर दोनों युवकों के बीच विवाद था और कुछ दिनों पहले दोनों में मारपीट भी हुआ था ऐसी जानकारी मिली है । इसी विवाद पर से आरोपी अमन द्वारा आसीफ खान को धारदार हथियार से सीन के दाहिने तरफ सीना एवं भुजा के बीच बाये तरफ , दाहिने भुजा एवं गले के बीच बाये भौ के पास सिर में दोनो हाथ के कलाई के पास चोट पहुँचाया जो घटना स्थल पर खून से लथपथ पढ़ा था , घटना स्थल पर उपस्थित लोगो के द्वारा आसीफ खान को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री ले गये , जहाँ डॉक्टर द्वारा चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार

Office Phone and Fax No. :- 07727-223695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

### // मैन्युअल क्षेत्रीय निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-05 //

क्रमांक/81/निविदा/ग्रा.यां.से./2022 बलौदाबाजार, दिनांक 19/01/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जनपद पंचायत क्षेत्र बलौदाबाजार/भाटापारा/सिमगा/पलारी/कसडोल/बिलाईगढ़ के अंतर्गत विभिन्न मदों में रू. 10.00 लाख लागत तक स्वीकृत भवन एवं अन्य प्रकार के सिविल कार्य हेतु मैन्युअल क्षेत्रीय (जोनल) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 01.02.2022 अपरान्ह (शाम 5.30 बजे तक)
2. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 03.02.2022 अपरान्ह (शाम 5.30 बजे तक)
3. निविदा खोलने की तिथि - 07.02.2022 अपरान्ह (शाम 3.00 बजे)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्यय जानकारी विभागीय वेबसाईट http:/cg.nic.in/resworks अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 20.01.2022 से देखी जा सकती है।

(अन्तोनी तिर्की)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां.सेवा संभाग-बलौदाबाजार

G- 67011/2

# सड़क निर्माण का किसानों ने किया विरोध, तहसीलदार ने दी समझाइश

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट भारतमाला परियोजना के तहत ग्राम ढेंका से उरगा कोरबा तक 70.2 किमी तक स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य प्रारंभ हो गया है। 17 सौ करोड़ की लागत से बनने वाली एनएच 13 ए के मार्ग में मस्तूरी विकासखंड के ग्राम लिमतरा, गतौरा परसदा, भिलाई, रलिया, हरदाडीह ,एरमसाही, नवागांव एवं मुड़पार के एक हजार किसानों के लगभग नौ लाख 60 हजार वर्ग मीटर की भूमि प्रभावित हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में किसानों को जमीनों का मुआवजा नही मिल पाया है उन्होंने सड़क निमार्ण के कार्य को रोक दिया। इसकी जानकारी मिलते ही सीपत के अतिरिक्त तहसीलदार शशिभूषण सोनी पहुंचे। उन्होंने समझाइश दी जिससे किसान मान गए।

इस अवसर पर राष्टीय राजमार्ग के अभियंता गौरव शुक्ला, सीपत के पटवारी देव कश्यप एवं चंद्रकांत साहू ने प्रभावित ग्राम किसानों से उनके समस्याओं के बारे में विस्तार से बात की। किसानों ने बताया कि राष्टीय राजमार्ग विभाग ने कम भूमि का मुआवजा देकर ज्यादा जमीन अधिग्रहण कर ली गई है।

**भारतमाला परियोजना में किसानों की समस्या बनी बाधा-** भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन राष्टीय राजमार्ग में सभी प्रभावित किसानों के जमीन का राजस्व विभाग ने प्रारूप 10 का प्रकाशन कर दी गई था। और प्रकाशित जमीन का मुआवजा मिलने के बाद एलाइमेंट पोल लगा दी गई। इनमें कुछ किसानों को कम मुआवजा मिला था और उनकी ज्यादा जमीनें अधिग्रहण कर ली गई थी। किसानों के विरोध के बाद राजस्व विभाग ने बचे हुए किसानों की पूरक सूची बनाकर प्रकाशन कर दी है दूसरी प्रकाशन के बाद उन्हें भी मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### किसानों की समस्याओं पर जनसुनवाई

इस संबन्ध में अतिरिक्त तहसीलदार शशिभूषण सोनी ने बताया कि समस्याओं को लेकर 22 जनवरी को 11 बजे लिमतरा में जनसुनवाई रखी गई है। गांव के 88 कृषकों का एक सौ 35 खसरा नम्बर की समस्या का निराकरण किए जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग सड़क निर्माण टीम के साथ ग्रामवासी एवं राजस्व विभाग के समक्ष सामान्य जनसुनाई का आयोजन किया गया है।

# नाबालिग का अपहरण और अनाचार का आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिविल लाइन पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर बलात्कार के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम माता चौरा निवासी अविनाश साहू है। आरोपी पर आईपीसी की धारा 363 ,366 ,376, धारा 04, 06 पास्को एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। सिविल लाइन थानेदार ने बताया कि पीड़िता की माँ थाना पहुंचकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया। पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी बेटी की उम्र 16 साल है। कोई अज्ञात आरोपी नाबालिग बेटी को लेकर बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया है। पुलिस ने तत्काल अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज किया। पुलिस कप्तान पारुल माथुर के निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिग लड़की की पतासाजी शुरू हुई। संदेही आरोपी अविनाश साहू के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल खंगाला गया। इस दौरान संदेही मोबाइल नम्बर बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास किया। मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी अविनाश साहू नाबालिक लड़की के साथ बंधवापारा सरकंडा में एक किराए के मकान में पकड़ा। कार्रवाई के दौरान नाबालिग बालिका को आरोपी अविनाश साहू के कब्जे से बरामद कर परिजनों के हवाले किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाना कबूल किया। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पास्को एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को विधिवित गिरफ्तार किया गया।

# चिरमिरी बिलासपुर ट्रेन में युवक की लाश मिली

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन में फांसी के फंदे पर लटकी हुई युवक की लाश मिली है। ट्रेन में साफ-सफाई करने गए कर्मचारी की नजर लाश पर पड़ी थी। इसके बाद पूरा मामला सामने आ सका है। मरने वाला युवक कौन है। फिलहाल इस बात का पता नहीं चल सका है। ट्रेन के अंदर गमछे के फंदे पर युवक की लाश लटकी हुई थी। उसका शव घुटने के बल पड़ा हुआ था। गुरुवार को रोज की तरह चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन सुबह 4.30 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची थी। यात्रियों को उतरने के बाद गाड़ी यार्ड में जाकर खड़ी हो गई थी। इसके बाद दोपहर में ट्रेन साफ-सफाई के लिए कोचिंग डिपो में पहुंची थी। यहां गाड़ी में साफ-सफाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान काम करने वाले कर्मचारी की नजर पार्सल बोगी में युवक की लाश पर पड़ी थी। अचनाक लाश देखकर कर्मचारी भी हैरान रह गया। उसने तुरंत इस बात की जानकारी अपने साथी कर्मचारियों को दी। बाद में रेलवे के अधिकारियों को भी इस बात की सूचना दी गई। जीआरपी और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारियों का कहना की पीएम रिपोर्ट के बाद ही ये हत्या है या आत्महत्या इस बात का पता चल पाएगा।

# महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों के लिए परीक्षा कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 23 जनवरी रविवार को प्रथम पाली में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में परिसिमित भर्ती परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने परीक्षा के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को केंद्रवार परिवहन अधिकारी व पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु संयुक्त कलेक्टर ए.आर. टण्डन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

# स्टापडेम के पास मुजनु कुंआ में महिला की लाश मिली

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दलदली से एक किलोमीटर की दूरी में सुबह 10 के आसपास ग्रामीणों ने स्टाप डेम के पास मुजनु कुआं में एक महिला की तैरती हुई लाश देखी, जिसके पैरों में कपड़े बंधे हुए थे। जिसके बाद ग्रामीणों ने 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दिया जिसके बाद मस्तूरी पुलिस घटना स्थल पहुँची जहाँ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुँची। महिला की लाश को कुएं से बाहर निकाल आसपास के लोगो से शिनाख्ती करवाई गई जिस पर मृतिका की पहचान शांति बाई पति दुवारिका टण्डन उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई बीती रात खाना खाकर आधी रात के आसपास घर से निकली थी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक साल से मानसिक स्थिति ठीक नही थी जहाँ मृतक के घर वाले महिला का इलाज करवा रहे थे, वही आज महिला की पैर में कपड़े से बंधे हुए कुँए में तैरती लाश मिली है। पुलिस मौके पर पहुँच पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मस्तूरी मरचुरी भेज आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### सारे अफवाह भाजपा नेताओं के दिमाग की उपज : वोरा

**बिलासपुर।** वेयर कार्पोरेशन के चैयरमैन अरूण वोरा एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। उन्होने बताया कि बिलासपुर में निरीक्षण के दौरान गोदामों की स्थिति को ठीक पाया। जयरामनगर में कुछ कमियों को दूर करने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में गोदामों की क्षमता को बढ़ाया गया है। बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश में अब गोदमों की क्षमता चार मीट्रिक टन बृद्धि के साथ 23 मीट्रिक टन हो गयी हैवाल जवाब के दौरान अरूण वोरा ने बताया कि आज पूरे देश में विकास का सबसे अच्छा माडल छत्तीसगढ़ का है। इसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि भाजपा मुद्दा विहीन पार्टी है। अफवाह उड़ाना भाजपा नेताओं की संस्कृति में शामिल है। 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी विकास कार्य ठप रहा। अब विकास कार्य पच नहीं रहा है। अफवाह उड़ानाही भाजपा नेताओं का काम है।सीएम मुद्दे पर उन्होने कहा कि अफवाह के पीछे भी भाजपा नेता ही है। हम सब एक हैं।कांग्रेस सरकार जनहित में काम कर रही है। भाजपा नेताओं को अच्छा नहीं लग रहा है। क्या आपकी सरकार ने किए वादों को पूरा किया है। वोरा ने बताया कि यह प्रश्न भी भाजपा नेताओं के दिमाग की उपज है।

# मंदिर से लौट रही नाबालिग को सूनसान जगह पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर के तोरवा थाना क्षेत्र की 13 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार शाम की है जब नाबालिग मंदिर से दर्शन कर लौट रही थी। चार युवक उसे सुनसान जगह पर ले गए। दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित नाबालिग पढ़ाई छोड़कर घर घरेलू काम करती है। गुरुवार की शाम वह ढेका के साईं मंदिर दर्शन के लिए गई थी। वापस लौटते समय ओवरब्रिज के पास चार युवक उसे पकड़कर सुनसान जगह पर ले गए। दो युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच उसके साथी रखवाली कर रहे थे। घटना के बाद युवक उसे छोड़कर भाग निकले। इधर देर तक नाबालिग के नहीं लौटने पर स्वजन उसकी तलाश में निकले। रात 9.30 बजे नाबालिग अपने घर की ओर आ रही थी। स्वजन उसे लेकर घर आ गए। पूछताछ में उसने घटना की जानकारी दी। इस पर स्वजन उसे लेकर थाने पहुंचे। सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई। नाबालिग से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने महमंद निवासी सूरज यादव (20), महेश पासी (19), सूरज सूर्यवंशी (21) व दीपक निषाद (27) को पकड़ लिया है। आरोपित युवक ट्रेन से कोयला चोरी कर बेचते हैं। युवकों का नाबालिग के घर आना-जाना था। इसके कारण उसने आरोपित को पहचान लिया था। मामले में पुलिस आरोपित युवकों से पूछताछ कर रही है। आरोपितों के खिलाफ धारा 363, 366, 376 व पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**बिलासपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। निर्देशानुसार अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मताधिकार के प्रयोग की शपथ ली जाएगी। जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी बिना किसी भेदभाव के धर्म, वर्ग, जाति और समुदाय के उपर उठकर स्वतंत्र मताधिकार के प्रयोग की शपथ लेंगे और इस संबंध में अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा और विभिन्न गतिविधियों का सोशल मीडया के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका पद के लिए वरियता सूची जारी

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत 22 आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 12 आंगनबाड़ी कंद्रों में सहायिकाओं की रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अनंतिम वरियता सूची का मूल्यांकन कर लिया गया है। मूल्यांकन समिति द्वारा वरियता सूची जारी कर दी गई है। वरियता सूची के संबंध में जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोटा से प्राप्त की जा सकती है। अनंतिम वरियता सूची के संबंध में दावा आपत्ति 21 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक परियोजना कार्यालय कोटा में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# नवनिर्वाचित पार्षद शेख असलम ने किया शपथ ग्रहण



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वार्ड क्र. 29 संजय गांधी नगर के नव निर्वाचित पार्षद शेख असलम द्वारा आज कलेक्टोरेट सभागृह मंथन में शपथ ग्रहण किया गया। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने उन्हें सत्यनिष्ठा से अपने पद पर कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव, छ.ग. पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, नगर निगम के सभापति शेख नजरूद्दीन, पार्षदगण, मेयर इन कौसिंल के सदस्य, नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी, विजय केशरवानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# तखतपुर जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतों में उपचुनाव में जीत के बाद दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पंचायत उपचुनाव में तखतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत चार ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं एक जनपद सदस्य का चुनाव संपन्न् हुआ। मतदान सुबह सात बजे से तीन बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संप्पन हुआ।

इसमें सरपंच चुनाव में ग्राम पंचायत चिरचिदा से रामप्रसाद सूर्यवंशी , बहतराई से पंचमती, साल्हेकापा से शोभित यादव, तथा ग्राम पंचायत पाली से लल्लूराम साहू सरपंच पद के लिए विजयी हुए। वहीं जनपद सदस्य के लिए भरनी परिक्षेत्र से आरती परमानंद बघेल विजयी हुई। निर्वाचन के बाद सभी पंचायतों में विजयी प्रत्याशियों के समर्थको काफी उत्साह के साथ खुशियां बांटी। शांति पूर्ण हुआ मतदान- पंचायत उप चुनाव में शांति पूर्ण मतदान हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पूरी तरह से व्यवस्था की थी लेकिन किसी भी बूथ में विवाद की नहीं स्थिति बनी ना ही विवाद हुआ। किसी भी बूथ में भीड़ नहीं लगी। बहरहाल बिना विवाद के चुनाव संपन्न् होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। मस्तूरी जनपद के गांव में गांव की सरकार बनाने लोगों में भारी उत्साह देखा गया। गणना के बाद ही परिणाम आ गए। नरगोड़ा व कौड़िया में पंच पद के लिए उपचुनाव हुए। इसमें नरगोड़ा वार्ड क्रमांक पांच से परमेश्वर विश्वकर्मा 38 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रत्याशी से सात मत से लीड किए। यहां कुल 117 में 93 वोट पड़े। इसी प्रकार कौड़िया के वार्ड क्रमांक एक में सुमन मानिकपुरी ने 48 मत प्राप्त कर निकटतम प्रत्याशी से तीन मतों से विजय हासिल की। इस दौरान मस्तूरी सीईओ सीईओ कुमार सिंह सीपत तहसीलदार शशिभूषण सोनी, बीईओ अश्वनी भारद्वाज ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किए।

# डाक विभाग में 31 को लगेगी पेंशन अदालत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

डाक विभाग में पेंशन से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए पेंशन अदालत लगाई जाएगी। 31 जनवरी को आयोजित यह अखिल भारतीय पेंशन अदालत वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए होगी। विभाग द्वारा इसकी जानकारी भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सके। कार्यालय अधीक्षक डाकघर बिलासपुर संभाग में इस अदालत का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा। कोरोना संक्रमण के कारण इसे वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विभाग के अनुसार डाकघर के माध्यम से पेंशन से प्राप्त करने वाले पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों की समस्या के निपटान के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता अधीक्षक डाकघर करेंगे। विभाग द्वारा अपील की गई है कि जिन पेंशनधारियों को पेंशन से संबंधित समस्या या कोई सुझाव हो तो वे अपने मोबाइल एवं पता सहित समस्या या सुझाव संबंधी आवेदन प्रधान डाकघर में 28 जनवरी को प्रस्तुत कर सकते हैं। पेंशन अदालत संभागीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। इसलिए इसका लाभ बिलासपुर के अलाव कोरबा व जांजगीर के पेंशनर ले सकते हैं। डाक विभाग की यह बेहतर पहल है। उन्हें उम्मीद भी है कि अधिक से अधिक इसका लाभ लेकर समस्याएं रखेंगे। जाहिर है कि जिस उद्देश्य से इसे लगाई जा रही है, उसके अनुरूप पेंशन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। हालांकि इसकी जानकारी बहुत कम लोगो को हैं। इसलिए संभागीय कार्यालय से सभी प्रधान डाकघर कार्यालय को निर्देश दिए गए हैं। इसकी सूचना संबंधित जानकारी सूचना पटल पर चस्पा करें, ताकि परेशान पेंशनरों को इसकी जानकारी मिल सके।

# गाड़ी की जैक मांगने गए युवक की पिटाई, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** गाड़ी की जैक मांगने गए युवक की युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर पीट डाला।तखतपुर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मोढ़े निवासी शिवपाल धुरी गाड़ी की जैक को गांव के भका यादव को दो साल पहले दिया था। उसे मांगने गया तो भका यादव मेरे घर बार-बार मांगने आते हो कहकर अपने दोस्त दिलीप धुरी, गोलू महराज सहित अन्य के साथ मिलकर लाठी डंडे से पिटाई कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आइपीसी की धारा 294,506,323,34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### केस वापस लेने से मना करने पर फेरी लगाने वाले के घर में घुसकर मारपीट

**बिलासपुर।** मारपीट का केस वापस लेने से मना करने पर युवकों ने फेरी लगाकर व्यवसाय करने वाले की पिटाई कर दी। इस दौरान युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। साथ ही उसके बेटे को दांतों से काट दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चांटीडीह पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रहने वाले राजेश रजक फेरी लगाकर गुलाब लच्छी बेचते हैं। गुरुर्वार की सुबह वे अपने घर में ही गुलाब लच्छी बना रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला बंटी देवांगन और राहुल देवांगन वहां आ गए। उन्होंने मारपीट के मामले में थाने में शिकायत करने की बात कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।


# हार्टअटैक में गोल्डन आवर, कार्डियक अरैस्ट में गोल्डन सैकंड्स बचा सकते हैं मरीज की जान: डॉ. बविंदर

## हार्टअटैक के बाद 1 से 6 घंटे तक का होता है गोल्डन आवर, इस समय में मिल गया इलाज तो बच सकती है मरीज की जान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कार्डियक अरैस्ट के मामले में जिंदगी और मौत के बीच सिर्फ कुछ सैकंड्स का फासला होता है. हार्टअटैक में भले ही किसी की जान बचाने के लिए घंटेभर की मोहलत मिल जाए लेकिन कार्डियक अरैस्ट में तो गोल्डन सैकंड्स का ही नियम चलता है. यदि इस समय में इसका इलाज शुरु हो जाएं तो संभव है कि मरीज की जान बचाई जा सकती है, ये कहना है कि श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (श्री बालाजी हॉस्पिटल) के कार्डियोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ. बविंदर सिंह चुग का।

डॉ. चुग कहते है कि जब जीवन और मृत्यु का सवाल होता है तो हर एक सैकंड मायने रखता है. यही वह समय होता है जिसमें व्यक्ति को तय करना होता है कि उसे क्या कदम उठाना है. जब हमारे पास किसी मरीज के लिए बेहतरीन विकल्प चुनने के लिए चंद घंटे का समय होता है तब हम बहुतकुछ कर सकते हैं, लेकिन जब किसी का जीवन बचाने के लिए सिर्फ कुछ सैकंड्स का समय बचा हो तब मामला अलग होता है. इन दोनों ही स्थितियों में हमारे द्वारा उठाया गया कदम बेहद महत्त्वपूर्ण होता है।




### हार्टअटैक और कार्डियक अरैस्ट में अंतर

हार्टअटैक उन तमाम कारणों में से एक है जो कार्डियक अरैस्ट के लिए जिम्मेदार होते हैं. खराब कार्डियोवैस्कुलर हैल्थ, हार्ट डिजीज, एरिथमिया (अनियमित दिल की धड़कन) अथवा अनियमित हार्टबीट उन तमाम अन्य कारणों में शामिल हैं जिन के चलते हार्ट का इलैक्ट्रिक सिस्टम प्रभावित होता है और कार्डियक अरैस्ट की स्थिति उत्पन्न होती है।

### हार्टअटैक और कार्डियक अरैस्ट के बीच भ्रम

हार्टअटैक और कार्डियक अरैस्ट में अंतर है. अधिकतर लोग हार्टअटैक और कार्डियक अरैस्ट को एक ही बात समझते हैं जबकि दोनों के फर्क को बखूबी समझना बेहद जरूरी है. हार्टअटैक और कार्डियक अरैस्ट दिल से जुड़ी 2 अलग समस्याएं हैं।

**हार्टअटैक:** किसी व्यक्ति को हार्टअटैक तब होता है जब उस के हृदय तक जाने वाले ऑक्सिजन युक्त रक्त का प्रवाह सही ढंग से नहीं होता है, जहां से रक्त पंप हो कर शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंचता है. हार्टअटैक के दौरान दिल की रक्त को पंप करने की क्षमता आंशिकरूप से कम हो जाती है. हार्टअटैक होने पर भी दिल रक्त को पंप करता रहता है, लेकिन इस की गति धीमी हो जाती है. हार्टअटैक होने पर व्यक्ति कुछ मिनटों अथवा कुछ घंटों के लिए जी सकता है और जीवित भी बच सकता है, लेकिन इस के लिए जरूरी है कि मरीज को जितनी जल्दी हो सके, इमरजेंसी केयर में ले जाया जाए क्योंकि शरीर के अंगों और दिमाग में भरपूर मात्रा में रक्त संचार न होने से उन अंगों में गंभीर डैमेजेज हो सकते हैं. ऐसे में स्ट्रोक हो सकता है, यहां तक कि अचानक कार्डियक अरैस्ट भी हो सकता है।

**कार्डियक अरैस्ट:** सवाल उठता है कि आखिर कार्डियक अरैस्ट है क्या? कार्डियक अरैस्ट अचानक हो सकता है बिना किसी अलर्ट अथवा वार्निंग साइन के. कार्डियक अरैस्ट होने पर मरीज का दिल काम करना बंद कर देता है, क्योंकि ऐसे में हार्ट के इलैक्ट्रिकल सिस्टम में समस्या हो जाती है और पंपिंग की प्रक्रिया बाधित हो जाती है. इस के परिणामस्वरूप ब्रेन व शरीर के अन्य हिस्सों में रक्त प्रवाह पूरी तरह से रुक जाता है. कुछ ही सैकंड के भीतर मरीज अचेत हो जाता है और उस के पल्स गायब हो जाते हैं और अगले कुछ ही मिनटों में मरीज की मौत भी हो सकती है।



### कार्डियक अरैस्ट में सिर्फ गोल्डन सैकंड्स

हार्टअटैक के मामले में जहां मरीज के अटेंडैंट अथवा रैस्क्यूअर के पास मरीज को हॉस्पिटल ले जाने के लिए गोल्डन आवर होता है वहीं कार्डियक अरैस्ट के मामले में व्यक्ति के पास कुछ महत्त्वपूर्ण सैकंड्स ही होते हैं. ऐसे में कार्डियक अरैस्ट के लक्षणों को पहचान कर तुरंत ऐक्शन लेना बेहद जरूरी होता है. जब व्यक्ति को कार्डियक अरैस्ट होता है तब तुरंत एंबुलेंस बुलानी चाहिए और साथ ही कार्डियोपल्मोनरी रीससिटेशन (सीपीआर) भी करना चाहिए।



### हार्ट अटैक के लक्षण

1. मायोकार्डियल इंफेक्शन का सबसे आम लक्षण है छाती में दर्द या किसी प्रकार की परेशानी. लेकिन हार्ट अटैक के अन्य संकेत भी होते हैं, जिसमें से कुछ महत्वपूर्ण इनमें शामिल हैं।
2. शरीर के ऊपरी हिस्से में दर्द।
3. अगर आपके सीने में दर्द, बेचैनी या किसी प्रकार का दबाव है, जो आपकी बाहों (विशेष रूप से बाएं हाथ), जबड़े, गले और कंधे में होता है तो संभावना है कि आपको हार्ट अटैक आ रहा है।
4. बहुत ज्यादा ठंडा पसीना आना।
5. अगर आप अचानक ठंडे पसीने से तरबतर हो जाते हैं तो इसे अनदेखा न करें, खासकर जब आप दिल के दौरे के अन्य लक्षणों से गुजर रहे हों।
6. अचानक चक्क र आना।
7. खाली पेट से लेकर डिहाइड्रेशन तक बहुत सारी चीजें ऐसी हैं, जिसके कारण चक्क र आ जाते हैं या आपको अपना सिर थोड़ा भारी-भारी सा लगने लगता है. लेकिन अगर आपको छाती में किसी प्रकार की असहजता के साथ सीने में बेचैनी हो रही है तो यह दिल के दौरे का संकेत हो सकता है. साक्ष्य बताते हैं कि दिल के दौरे के दौरान महिलाओं को इस तरह से महसूस होने की अधिक संभावना होती है।
8. दिल की धड़कन का बढ़ना या कम होना।
9. दिल की तेज धड़कन, कई कारकों का परिणाम हो सकता है जिनमें अत्यधिक कैफीन का सेवन और सही से नींद न आना शामिल हैं. लेकिन अगर आपको लगता है कि आपका दिल सामान्य से कुछ सेकंड के लिए तेजी से धड़क रहा है, तो आपको तुरंत डॉक्टर से मिलने की जरूरत है।

### कार्डियक अरेस्ट की पहचान के संकेत

- कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित व्यक्ति कुछ ही सेकंड में भावशून्य हो जाएगा।
- सांस की तकलीफ होगी, हांफने लगेगा।
- नाड़ी की गति महसूस नहीं होगी।
- दिल की धड़कन रुकती महसूस होगी।
- रोगी कुछ सेकंड के अंदर बेहोश हो जाएगा।

### इससे जुड़ी कुछ आवश्यक बातें...

1. कार्डियक अरेस्ट किसी भी व्यक्ति को अचानक अपनी गिरफ्त में लेता है. आनुवंशिक कारक और हानिकारक अरिदिमिया की वजह से सडन कार्डियक अरेस्ट (एससीए) के कारणों का आसानी से पता नहीं चलता है।
2. हृदय के स्वास्थ्य की अनदेखी करना भी सडन कार्डियक अरेस्ट (एससीए) की आशंका में वृद्धि करता है।
3. हाई ब्लडप्रेशर, मधुमेह और मोटापा जैसी अन्य स्थितियों को रोकना या नियंत्रित करना ज़रूरी है.
4. समय-समय पर ईसीजी जांच करके कार्डियक इलेक्ट्रो फ़िज़ियोलॉजिस्ट कुछ कारण जैसे अनियमित दिल की धड़कन और कार्डियोवस्कुलर की समस्याओं का पता लगा सकते हैं।
5. अचानक कॉर्डियक अरेस्ट से बचाने के लिए संदिग्ध रोगी में एक प्रत्यारोपण योग्य कार्डियोवर्टर डिफ़ीब्रिलेटर लगाया जा सकता है।

## पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर नहीं अपनाकर भूपेश सरकार अजा-जजा शिक्षकों के साथ अन्याय कर रही : भाजपा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब शिक्षा विभाग में आरक्षण रोस्टर से पदोन्नति की प्रक्रिया नहीं अपनाकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षकों के साथ छल-कपट करके अन्याय कर रही है। श्री साय ने इस मांग को लेकर आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आहूत आंदोलन के प्रति भाजपा का पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए सवाल किया कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को कोरोना संक्रमण के फैलाव के बावजूद अपने हक़ और इंसाफ़ के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए विवश करके आख़िर किस बात की दुश्मनी भंजा रही है? जबकि हाई कोर्ट में मामला लंबित है उसके बावजूद भी भूपेश बघेल सरकार को इतनी जल्दबाजी क्यों है कि वह फैसला आने के पहले पदोन्नति प्रक्रिया को खत्म करना चाह रही है ऐसी क्या मजबूरी है ?

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि प्रदेश के शिक्षा विभाग में 40 हज़ार पदों पर पदोन्नति का काम प्रक्रिया में है, लेकिन इस पदोन्नति के लाभ से अजा-जजा वर्ग के कार्यरत लोगों को वंचित करने का काम यह प्रदेश सरकार कर रही है। इसके चलते सभी शिक्षक संवर्ग कर्मियों के साथ-साथ अधिकारी-कर्मचारी और सामाजिक संगठनों में बेहद आक्रोश है। श्री साय ने कहा कि पदोन्नति की इस प्रक्रिया में सहायक शिक्षकों को शिक्षक व प्रथमिक शाला के प्रधानपाठक, व्याख्याता और मिडिल स्कूल प्रधानपाठक के तौर पर पदोन्नत किया जाना है। इसमें आरक्षण रोस्टर पद्धति नहीं अपनाए जाने से सामने आए आक्रोश के बाद अजा-जजा वर्ग से जुड़े सभी संगठनों ने इस पदोन्नति पद्धति का मुखर विरोध कर रहा है। इन संगठनों द्वारा प्रदेश सरकार और संबंधित मंत्री को उक्त पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगाने के दिए गए आवेदन पर इस नाकारा प्रदेश सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। श्री साय ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अजा-जजा वर्ग के हितों की रक्षा की शेखी तो खूब बघारती रहती है, लेकिन ज़मीनी तौर पर वह इन वर्गों के साथ घोर अन्याय करके अपने अजा-जजा विरोधी राजनीतिक चरित्र का निर्लज्ज प्रदर्शन कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साय ने कहा कि भाजपा की प्रदेश इकाई अजा-जजा वर्ग की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और इन वर्गों के साथ प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी तरह के अन्याय का मुखर विरोध करके पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर को लागू कराया जाएगा। श्री साय ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक तरफ़ तो आरक्षण की वक़ालत करती है और दूसरी तरफ़ अपने दोहरे राजनीतिक चरित्र का परिचय देकर पर्दे के पीछे आरक्षण विरोधी एजेंडा चलाकर ज़रूरतमंदों का हक़ छीनकर संविधान की भावना को लहूलुहान कर रही है। मोर्चा के इस आंदोलन के पहले चरण में मानव श्रृंखला बनाकर प्रदेश सरकार द्वार इन पदोन्नतियों में आरक्षण रोस्टर समाप्त करने का मुखर विरोध किया जा रहा है, वहीं दूसरे चरण में 26 जनवरी को ज़िला मुख्यालयों में आरक्षित वर्ग के सभी मंत्रियों, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का पुतला दहन किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 जनवरी को राजधानी में प्रदेशस्तरीय धरना-प्रदर्शन के साथ ही मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के निवास का घेराव किया जाएगा। साय ने मांग की कि कोरोना काल को देखते हुए अजा-जजा वर्ग की इस न्यासंगत मांग पर संवेदनशील पहल करके समाधान ढूंढ़े और अजा-जजा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय का परिमार्जन करे।

## कोरोनटाइन सेंटर में बारह मजदूरों के लिए एक लाख बीस हजार आठ सौ रुपए खर्च, सरपंच सचिव को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com




**पायनियर खबर का असर**

पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोमनापुर (पुराना)में कोरोना वायरस कोविड19 के संक्रमण से बचाव हेतु संचालित अस्थायी राहत शिविर के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि गबन करने का समाचार दैनिक पायनियर समाचार पत्र में 10 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिस मामले को सक्षम अधिकारी न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) पंडरिया जिला कबीरधाम ने संज्ञान में लेते हुए सरपँच/सचिव ग्राम पंचायत सोमनापुर पुराना को नोटिस जारी किया है जिसमें 25 जनवरी को समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का नोटिस जारी है। ज्ञात हो कि मजदूरों के लिए ग्राम पंचायत सोमनापुर पुराना में प्राथमिक शाला भवन को क्वारेंटाइन सेंटर बनाया गया था जिसकी संचालन एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत था, जहां पर कुल 12 मजदूर रुके हुए थे। मजदूरों को आवासीय व्यवस्था करने के साथ ही 15 दिन तक वहां रखने का प्रावधान भी शासन के द्वारा किया गया था। मजदूरों के आवासीय व्यवस्था में सरपंच के द्वारा सारे नियम कायदों को ताक में रखकर राशि का उपयोग करने के बजाय दुरुपयोग किया गया है।

**बिना जी एस टी नम्बर का बिल**

समाचार पत्र में सरपंच ग्राम पंचायत सोमनापुर पुराना के द्वारा अलग अलग कुल आठ बिल राज किराना स्टोर के नाम से लगाया है जिसमे चावल 7.59 क्विंटल, दाल 1.82 क्विंटल, सोयाबीन बड़ी 0.80 क्विंटल, आलू 3.27 क्विटल, मटर 1.04 क्विटल और तेल 48 लीटर खरीदी किया है। बिल में संबंधित दुकानदार का मोबाइल नम्बर, टिन नम्बर, जी एस टी नही है। जो शासन के नियमो के विपरीत है का खबर प्रकाशित हुआ था।

**गड्डा के नाम पर राशि आहरण**

शासन के द्वारा सार्वजनिक भवनों सहित विद्यालय भवन शौचालय बनाने के निर्देश जारी किए हैं और सभी जगह रहता भी है। सोमनापुर के सभी विद्यालय पहले से ही शौचालय बना हुआ है लेकिन शौचालय के नाम पर गड्डा कार्य के नाम का एक कम्प्यूटर से बिल प्रिंट कर बहोरिक अनन्त को दो हजार रुपये भुगतान का फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया गया है।

## महापौर ने किया हाईटेक बस स्टेंड का निरीक्षण



**बिलासपुर ।** हाईटेक बसस्टैंड का महापौर रामशरण यादव ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। फैली गंदगी व अव्यवस्था के लिए अधिकारियों को सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बसस्टैंड के दुकान में बेजाकब्जा करने और किराया नहीं देने वालों की जानकारी लेने के साथ ही सीएसआईडीसी को साफ सफाई के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि बस स्टैंड में बेजाकब्जा करने वालों को दुकान खाली करने नोटिस दिया जाए। इसी प्रकार बकाया किराया जमा करने के लिए कहा गया। यदि ये किराया नहीं देते तो आक्सन के जरीए फिर से आबंटित किया जाए। अधिकारियों ने अव्यवस्थित खड़ी बसों को हटाने का भी निर्देश दिया। साथ ही निर्धारित मार्ग से बस के प्रवेश व निकास की व्यवस्था करने के लिए कहा। यहां 30 दुकाने है जिसमें से 9 में कब्जा है। उसे कब्जा मुक्ति कराने के लिए कहा गया है।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |


HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241095 | वेब: www.balajinursingcollege.com

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी: नाती ही निकला नाना का कातिल, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नांदघाट पुलिस ने ग्राम टेमरी के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई जिसमें नाना का कातिल नाती ही निकला। इस संबंध में एसपी ऑफिस में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी देते हुए एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 10 जनवरी 2022 को प्रार्थी अशोक साहू पिता मीलू राम साहू उम्र 48 साल ग्राम टेमरी निवासी थाना नादघाट जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 जनवरी 2022 को सुबह 7.00 बजे उसकी लड़की ने बताया है कि दादा अपनी कमरे के परछी में पड़ा हुआ है तब प्रार्थी तत्काल जाकर देखा तो उसके पिताजी मीलू साहू परछी में चित्त अवस्था में लहूलुहन पड़ा हुआ था जिसकी मृत्यु हो गई थी पर्ची के फर्श में बहुत अधिक मात्रा में खून बहा हुआ था तथा सोने की कमरा दीवाल फर्श खाट में लगे मच्छरदानी बिस्तर के कपड़ों की जगह जगह पर अधिक खून फैला हुआ था कमरा पूरी तरह से अस्त-व्यस्त था मृतक के पास जाकर देखा तो सिर पर कई जगह धारदार हथियार से गंभीर प्राणघातक जानलेवा चोट के निशान दिखाई दे रहा था 9-10 जनवरी के मध्य रात्रि में किसी व्यक्ति के द्वारा इसके पिताजी मीलू साहू को घर के अंदर सश प्राणघातक हमला कर अन्य स्थानों पर गंभीर चोट पहुंचा कर हत्या कर दिया गया था घर के आंगन में रखी एक टीवी एस मोपेड की चोरी कर ले गया था रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 302 449 380 भारतीय दंड संहिता विधान के तहत मामला विवेचना में लिया घटना की जानकारी मिलने पर एसपी धर्मेंद्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल डीएसपी रामकुमार वर्मा थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन रंगारी द्वारा तत्काल मौके का मुआयना किया गया।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403